राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 150
लखनऊ, शनिवार 18 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कृषि उपकरणों के लिए 45 कृषक लॉटरी से चयनित 08

एआई ला रहा है बड़े बदलाव : ब्रजेश पाठक 12


## केन्द्र-दिल्ली के बीच करार करने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का दिल्ली सरकार को निर्देश देने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से दायर याचिका पर रोक संबंधी यह आदेश पारित किया। पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। दिल्ली के सभी सात भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। दिसंबर, 2024 के हाईकोर्ट के दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के समक्ष आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने दलील दी, उच्च न्यायालय मुझे (दिल्ली) केंद्र सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए कैसे मजबूर कर सकता है।

## मनु, गुकेश, हरमनप्रीत व प्रवीण मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित

▸ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 34 खिलाड़ियों को दिया अर्जुन पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सहित 34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, 2024 प्रदान किया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग), एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित**

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में दो वाहनों की टक्कर में नौ की मौत, छह घायल

**मुंबई।** पुणे-नासिक हाईवे पर नारायण गांव इलाके में मुक्ताई ढाबे के पास शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे दो वाहनों की जोरदार टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं, चार पुरुष और एक बच्चा है। इस घटना में छह लोग घायल हो गए, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस दुर्घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी।

### विशाखापतनम स्टील प्लांट के जीर्णोद्धार को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार विशाखापत्तनम स्टील प्लांट का जीर्णोधार करने जा रही है। इसके लिए 11,440 करोड़ रुपये तय किए हैं। वर्तमान में कंपनी की 26 हजार करोड़ से अधिक की देनदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इसे अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। विशाखापत्तनम प्लांट को संचालित करने वाली राष्ट्रीय इस्पाद निगम लिमिटिड (आरआईएनएल) भारत सरकार के 100 प्रतिशत स्वामित्व के साथ इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है।

### बसपा ने दिल्ली विस की 69 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 सीटों में से 69 पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। बसपा ने यहां जारी उम्मीदवार सूची में दिल्ली के 69 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पार्टी ने बाबरपुर विधानसभा से उम्मीदवार नहीं उतारा है। पार्टी ने महत्वपूर्ण नयी दिल्ली सीट से वीरेंद्र, कालकाजी से पीतम, जंगपुरा से रविंद्र कुमार और करोल बाग (सुरक्षित) रणजीत कुमार गंगवाल को चुनाव मैदान में उतारा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए मतदान पांच फरवरी होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी।

### 31 जनवरी से प्रारम्भ होगा संसद का बजट सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। यह सत्र दो चरणों में होगा। 31 जनवरी को राष्ट्रपति का दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधन होगा। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार संसद का मौजूदा सत्र दो चरणों में होगा।

# ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया ने निभाई बड़ी भूमिका : मोदी

▸ पीएम ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 का उद्घाटन किया।



यह भारत का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो है। यह एक्सपो नई दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि के अलावा ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। पीएलआई योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षा से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षा हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। भारत में बनाओ, विश्व के लिए बनाओ के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक साल में करीब 2.5 करोड़ कारों की बिक्री से पता चलता है कि भारत में मांग कितनी तेजी से बढ़ रही है। यात्री वाहन बाजार की बात करें तो हम दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं। एक समय भारत में कारों की कम बिक्री का कारण अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों की कमी थी लेकिन आज यह स्थिति बदल रही है।

### पीएम आज 65 लाख संपत्ति कार्ड करेंगे वितरित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केन्द्रशासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट कहा, स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में कल दोपहर करीब 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपने का सौभाग्य मिलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना की शुरुआत गांवों में बसे हुए क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को सर्वेक्षण से संबंधित आधुनिकतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने की दृष्टि से की गई थी। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण एवं बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को संभव बनाने; संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों व संपत्ति कर के बेहतर आकलन की सुविधा प्रदान करने और ग्राम-स्तर की व्यापक योजना के निर्माण में भी मदद करती है। कुल 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

## महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपए घरेलू सिलेंडर पर 500 की सब्सिडी



▸ बीजेपी ने दिल्ली विस चुनाव के लिए जारी किया घोषणा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना पहला संकल्प पत्र जारी कर दिया। पार्टी अभी दो संकल्प पत्र और जारी करेगी। पहले संकल्प पत्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए हर महीने 2500 रुपये देने का ऐलान किया है। गरीबों को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी और होली-दीपावली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।

दिल्ली में बिजली-पानी और बस को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह भी जारी रहेंगी। जेपी नड्डा ने दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के इलाज की योजना को दिल्ली में लागू किया जाएगा। यह सारी योजनाएं दिल्ली में भाजपा सरकार आने के बाद पहली कैबिनेट में ही पारित कर दिया जाएगा। इसके साथ दिल्ली वालों को पांच लाख का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। यानी दिल्ली वालों को 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। नड्डा ने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये और छह पोषण किट भी दिए जाएंगे।

### संभल हिंसा के फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार, अब तक पकड़े गए 62 उपद्रवी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे दो आरोपितों को थाना नखासा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। देर शाम आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपितों ने पत्थरबाजी में शामिल होने की बात कबूल की है। संभल जिला पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में हिंदूपुरा खेड़ा निवासी हसनैन उर्फ रिहान व खग्गू सराय निवासी मोसिन उर्फ मोहसिन शामिल हैं। एसपी ने बताया कि यह आरोपित घटना के बाद से अलग-अलग जगह छिपे रहे थे, जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि जब उपद्रव हो रहा था तो वह दोनों अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे थे और पुलिस पर पत्थरबाजी की थी।

## डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस

▸ दिसंबर 2024 में 16.73 बिलियन लेन-देन का यूपीआई का रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल के वर्षों में भारत ने डिजिटल लेन-देन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, जो कैशलेस समाज बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति में सबसे आगे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस है, जिसने दिसंबर 2024 में 16.73 बिलियन लेन-देन का रिकॉर्ड हिट बनाया है। इसके अलावा तत्काल भुगतान सेवा और एनईटीसी फास्टैग वित्तीय लेन-देन को तेज़, अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाने वाले प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं।

वित्त मंत्रालय के अनुसार नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया



(एनपीसीआई) के हालिया डेटा के अनुसार यूपीआई ने 16.73 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसमें 23.25 लाख करोड़ रुपये का चौंका देने वाला लेनदेन मूल्य है। यह नवंबर में 21.55 लाख करोड़ रुपये से उल्लेखनीय उछाल है। 2024 में यूपीआई ने लगभग 172 बिलियन लेन-देन संसाधित किए, जो 2023 में 117.64 बिलियन से 46 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि वित्तीय समावेशन की ओर एक व्यापक सांस्कृतिक बदलाव को रेखांकित करती है, जिसमें यूपीआई एक केंद्रीय स्तंभ है।

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 17 नक्सली हुए ढेर

**छत्तीसगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है। बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ आज खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है। पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलो में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा। मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं।

## सशस्त्र सेनाओं को मजबूत करते हैं सिविलियन : राजनाथ सिंह

▸ पेंटिंग्स प्रदर्शनी में दिखाई सिविलियन वर्ष की झलक

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को डीआरडीओ भवन के डॉ. डीएस कोठारी ऑडिटोरियम में 'नौसेना नागरिकों का वर्ष' कार्यक्रम मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए और समारोह में नौसेना नागरिकों की उपलब्धियों और योगदानों को प्रदर्शित किया गया। नौसेना नागरिकों के कार्य, जीवन और कहानियों को उजागर करने वाली तस्वीरों और पेंटिंग्स की एक प्रदर्शनी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं और उपलब्धियों की झलक पेश की गई।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 2024 को नौसेना सिविलियन वर्ष के रूप से मनाना एक अनोखी पहल थी, जिसके लिए भारतीय नौसेना की भूमिका सराहनीय है। भारतीय नौसेना आज अगर इनोवेशन के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रही है, तो उसके लिए अनुसंधान और विकास कार्य में सिविलियन की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। नौसेना के महत्वपूर्ण संगठन, जैसे कमांड मुख्यालय, डॉकयार्ड, सामग्री संगठन, नौसेना आयुध डिपो, प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आदि में हमारे नागरिक ही हैं, जो नौसेना के स्थिर बुनियादी ढांचे की नींव रखते हैं।



### जल्लीकट्टू से सात की मौत 400 से ज्यादा लोग घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों में गुरुवार को पोंगल के मौके पर आयोजित जल्लीकट्टू त्योहार में 7 लोगों की मौत हुई। बैल को भीड़ के बीच छोड़कर दौड़ाने वाले इस खेल में एक ही दिन में करीब 400 से ज्यादा लोग घायल हुए। तमिलनाडु पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को कानुम पोंगल दिवस था। इस दिन जल्लीकट्टू सबसे ज्यादा खेला जाता है। 7 लोगों के अलावा पुडुक्कोट्टाई और शिवगंगा में 2 बैलों की भी मौत हुई है। जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग खेल में भाग लेने वाली नहीं थे, बल्कि बैल के मालिक और दर्शक थे पुलिस ने बताया कि 1 शख्स की मौत शिवगंगा जिले के सिरवायल मंजुविरट्टू में मौत हो गई। वह इस खेल में भाग लिया था। वहीं, मदुरै के अलंगनल्लूर में खेल देखने आए दर्शक को सांड ने घायल कर दिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं, 5 अन्य लोगों की भी अलग-अलग जिलों में जल्लीकट्टू के कारण मौत हुई।


## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833


अतुलनीय | महाकुम्भ 2025 का आयोजन भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपराओं का अद्वितीय संगम

## महाकुंभ में दुनिया देख रही नए यूपी की बढ़ती कौशल क्षमता

समृद्धि न्यूज

**महाकुंभ नगर ।** त्रिवेणी के पावन तट पर महाकुम्भ 2025 का आयोजन भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं का एक अद्वितीय संगम है।

इस महापर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा मेला क्षेत्र के सेक्टर-1, गंगा पंडाल के दाहिने पवेलियन में एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश की प्रतिभा और कौशल क्षमता को वैश्विक मंच प्रदान करना और उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख सोर्सिंग हब



के रूप में स्थापित करना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में कौशल विकास मिशन के पवेलियन में प्रदेश के युवाओं द्वारा अर्जित व्यावसायिक कौशल का लाइव प्रदर्शन हो रहा है। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा कई क्षेत्रों में अद्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

इन कार्यक्रमों में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग एंड असेंबली टेक्नीशियन, मास्टर हैंड एम्ब्रॉइडर, एनिमेटर वी-3, ट्रेडिशनल हैंड एम्ब्रॉइडर, सर्विस टेक्नीशियन - होम एप्लायंसेज, सोलर पैनल इंस्टालेशन टेक्नीशियन, कारपेट वीवर, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन और गेस्ट सर्विस एसोसिएट जैसे विशेष कौशल शामिल हैं।

### वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश का कौशल

महाकुंभ के इस भव्य आयोजन के माध्यम और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिल रहे हैं बल्कि उनके हुनर को वैश्विक मंच पर पहचान भी मिल रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की यह पहल प्रदेश की प्रतिभा को निखारने और उसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### लाइव कौशल प्रदर्शन और आगंतुकों का उत्साह

इस पवेलियन का मुख्य आकर्षण लाइव कौशल प्रदर्शन और सेल्फी प्वाइंट हैं। देश-विदेश से आए आगंतुक इस प्रदर्शनी में विशेष रुचि ले रहे हैं और उत्तर प्रदेश की प्रतिभा की प्रशंसा कर रहे हैं। आगंतुक लाइव प्रदर्शन देखकर प्रभावित हो रहे हैं और पवेलियन के सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर इस अनुभव को यादगार बना रहे हैं।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 14 जिलों के जिलाधिकारी बदले

▸ सूर्यपाल गंगवार सीएम के नये सचिव व सत्येन्द्र विशेष सचिव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार देर रात तीन मंडलायुक्त व 14 जिलाधिकारी सहित 31 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। सचिव स्तर पर प्रोन्नत हुए लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार व कानपुर नगर के राकेश कुमार सिंह अब सीएम के सचिव तथा बाराबंकी के डीएम सत्येन्द्र कुमार विशेष सचिव बनाए गए हैं।

अलीगढ़ के डीएम विशाख जी. अब लखनऊ के जिलाधिकारी बनाये गए। मेरठ, आगरा व अलीगढ़ में नए मंडलायुक्त के साथ मथुरा, बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बांदा बिजनौर, कानपुर नगर, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, फर्रुखाबाद, बाराबंकी और सुल्तानपुर के डीएम बदले हैं। बुलंदशहर, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बागपत, मेरठ व फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी दूसरे जिले की कमान पाने में कामयाब रहे हैं। सहारनपुर के मंडलायुक्त ऋषिकेश मेरठ के मंडलायुक्त बनाए गए हैं। मथुरा के जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह आगरा के मंडलायुक्त व राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की मुख्य कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह को अलीगढ़ का मंडलायुक्त बनाया गया।

# तीन आपरेशन बाद महिला की मौत के मामले ने पकड़ा तूल

- पीडित ने जिलाधिकारी, सीएमओ सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजी शिकायत
- सीएमओ ने बनाया जांच पैनल
- अस्पताल संचालक स्वयं को बताता है विभागीय संविदा नर्सिगकर्मी
- अस्पताल में आपरेशन जिला चिकित्सालय के भूतपूर्व सर्जन डॉ. अजय कुमार अग्रवाल की देख रेख में होते है

**गोला/लखीमपुर,(खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

निजी अस्पताल में तीन बार आपरेशन के बाबजूद महिला की बच्चेदानी की गांठ के आपरेशन के बाद महिला की मौत के मामले का आरोप अब तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित पति ने आर पार की लडाई के लिए जिलाधिकारी सहित सीएमओ व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की मांग की है। हालांकि मामले में जिला स्तर से जांच टीम पैनल गठित करने व रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। वहीं सवाल उठता है कि अस्पताल संचालक की विभागीय पैठ सहित सत्ता के गलियारों में ऊंचे रसूख के चलते पीडित को न्याय कब तक मिलेगा, भविष्य के गर्भ में है। वहीं पूरे मामले में एक पेंच फंसता दिखाई दे रहा है कि शिव हास्पिटल लखीमपुर के संचालक अमित पांडे जोकि स्वास्थ्य महकमे में संविदा नर्सिगकर्मी अधिकारी है। तथा उनके अस्पताल मे आपरेशन भी भूतपूर्व सर्जन जिला चिकित्सालय डा अजय कुमार अग्रवाल की देख रेख में होते



है। ऐसे में गोला के शिव हास्पिटल पर उठ रहे सवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जांच रिर्पोट के बाद ही प्रकाश में आ सकेगी।

**यह था मामला:** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम नेमपुर निवासी पेमन गौतम पुत्र हंसराम की पत्नी रामगुनी की बच्चेदानी में गांठ थी। उसने अपनी पत्नी को शिव हास्पिटल लखीमपुर रोड निकट बैक आफ बडौदा नवीन पता नई बाइपास गोला में जून 2024 को भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने उसकी पत्नी का आपरेशन किया। आपरेशन के बाद उसकी पत्नी की हालत खराब होने लगी। जिस पर वह दोबारा अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा। जहां डाक्टरों ने गांठ के दोबारा आपरेशन की बात कही। दोबारा आपरेशन के बाद भी उसकी पत्नी की हालत में सुधार नहीं हुआ। उसका आरोप है कि जिस पर शिव हास्पिटल के डाक्टरों ने उसे जिले के शिव अस्पताल की दूसरी शाखा में रेफर किया। जहां से भी उपचार के बाद लाभ न मिलने पर उसकी पत्नी को लखनऊ रेफर कर दिया गया। इसके बाद 20 नवंबर 2024 को उसकी पत्नी की मौत हो गई।

**यह है पीडित का आरोप:** तीन बार आपरेशन में वसूले गए एक लाख तीस हजार रुपये। पीड़ित का आरोप है कि शिव हास्पिटल गोला में उससे दो बार आपरेशन के नाम पर करीब एक लाख रुपया लिया गया। इसके बाद लखीमपुर के शिव अस्पताल में करीब 30 हजार रुपये लिए गए। दोनो अस्पतालां की घोर लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की 20 नवंबर 2024 को मौत हो गई। इसके बाद जब वह गोला शिव हास्पिटल में जानकारी करने पहुंचा। तो पता चला कि उसकी पत्नी का आपरेशन डा अमित पांडे ने किया। अस्पतालों की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत के सदमें के चलते उसकी मानसिक दशा ठीक नहीं थी। लेकिन अब वह शिव हास्पिटल गोला व लखीमपुर दोनो अस्पतालों के विरुद्व वैधानिक कार्रवाई के लिए आर पार की लडाई करेगा। उसने उक्त दोनो अस्पतालों के विरुद्व कार्रवाई की मांग करते हुए जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर न्याय की गुहार की है। अस्पताल संचालक अमित पांडे के द्वारा बताया गया कि उनके अस्पताल में ऑपरेशन भूतपूर्व सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ अजय कुमार अग्रवाल की देखरेख में होते हैं गौरतलब है कि डॉ अजय कुमार अग्रवाल के देख रेख में इसी तरह अन्य कई अवैध अस्पताल संचालित है। बीते 2 दिन पूर्व गोला स्थिति जया अस्पताल में डिलीवरी में बच्चे की मौत के मामले में डॉक्टर ए के अग्रवाल पर मुकदमा पंजीकृत गोला कोतवाली में किया गया था।

### जिम्मेदार की सुनिए

"मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष गुप्ता ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। इसे लेकर वह काफी गंभीर है, मामले व अस्पताल की जांच के लिए एक पैनल टीम का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद अस्पताल के विरुद्व समुचित कार्रवाई की जाएगी।"

### क्या कहते हैं निजी अस्पताल के डाक्टर?

शिव अस्पताल के डाक्टर अमित पांडे ने पीड़ित के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि एक रजिस्ट्रेशन पर दो अस्पतालों के संचालन की बात असत्य है। दोनों अस्पतालों के रजिस्टेशन नंबर अलग-अलग बताए व स्वयं को शिव हास्पिटल लखीमपुर का स्वामी व जिला अस्पताल में संविदा नर्सिग अधिकारी के पद पर होना बताया, आपरेशन के लिए शिव हास्पिटल में भूतपूर्व सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. अजय कुमार अग्रवाल की देखरेख में होना बताया। साथ ही मरीज के द्वारा पैसे ठगे जाने की बात को बेबुनियाद ठहराया है। उन्होंने बताया कि शिव अस्पताल गोला के स्वामित्व के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

मामले में सीएमओ के निर्देश पर जांच टीम के गठन को लेकर स्थानीय चिकित्सा प्रभारी डा गणेश से संपर्क करने पर उनसे बात नहीं हो सकी। जिस कारण उनका पक्ष व मामले में पैनल टीम की अग्रिम कार्रवाई की जानकारी नहीं हो सकी।

## रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने जरुरतमंदों को बांटें कंबल और खिचड़ी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने शहर में भ्रमण कर रेलवे स्टेशन, रोडवेज, नीलकंठ मैदान, मंदिर, सीएचसी, पीएचसी, बाईपास रोड, वृद्धाश्रम आदि स्थानों पर जरूरतमंदों को कंबल और खिचड़ी का वितरण किया। क्लब के सदस्यों ने ठंड के मौसम में असहाय और गरीब परिवारों की मदद के लिए यह विशेष पहल की। क्लब अध्यक्ष रोटरी अभिषेक राजपूत ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। ठंड के कारण कष्ट झेल रहे लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई। साथ ही, खिचड़ी भोग के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी की गई। क्लब के सचिव प्रमोद वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस मौके पर रोटरी क्लब के डॉ.योगेश कनौजिया, रविन्द्र सिंह, आदर्श सोनी, राजीव राजपूत, सचिन, गौरव गुप्ता, कलीम अंसारी, अखिलेश वर्मा, अनिल जायसवाल आदि मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### सीनियर सिटीजन क्लब का हुआ गठन

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** सीनियर सिटीजन क्लब के गठन के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में पदाधिकारियों ने पद और निष्ठा की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि केन ग्रोवर्स नेहरू डिग्री कॉलेज के रिटायर प्रो0 रामअवतार विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सिटीजन क्लब के अध्यक्ष डॉ एलआर वर्मा, सचिव डॉ रविंद्रनाथ वर्मा, प्रधान सचिव डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह, सदस्य कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, वेद प्रकाश गुप्ता, नवीन चंद्र वर्मा, रणवीर सिंह, रामजी गुप्ता, मथुरा प्रसाद आदि को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कहा सिटीजन क्लब को चिकित्सा के क्षेत्र में जब भी आवश्यकता पडेगी तो वह हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगें। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रोफेसर रामअवतार विश्वकर्मा ने कहा सदैव ऊर्जावान बने रहने के लिए समय का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, हम सभी को मॉर्निंग वॉक के साथ खान पान का भी ध्यान रखना होगा। जिससे हमेशा एक नई ताकत और नई ऊर्जा मिलती रहेगी। सचिव डॉ रविंद्रनाथ वर्मा ने कहा मन को साफ रखें तथा सत्य के मार्ग पर चलें सदैव खुश रहे और दूसरों का सहयोग करते रहे। किसी प्रकार की कोई ईर्ष्या दोष मन में ना लाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ सूर्य प्रकाश सिंह ने और आभार डॉ आरएल वर्मा ने व्यक्त किया।

### पुलिस ने किया आठ ओवरहाइट ट्रकों का चालान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बुधवार की देर शाम सीओ और कोतवाल ने आठ ओवरलोड और ओवर हाइट गन्ना भरे ट्रकों का चालान कर दिया। बुधवार को सीओ गवेंद्रपाल गौतम की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर आठ ट्रकों का चालान काटा। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज राजन सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सहित यातायात पुलिस मौजूद थी।

### शांति पथ सद्भाव के प्रेरक थे विवेकानंद

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत बृजेश तिवारी बृजेश की मधुर वाणी वंदना से हुई शारदे मां तुम्हें मनाऊं मैं, हाथ खाली है क्या चढ़ाऊ मैं। इसी कडी में स्वामी विवेकानंद पर काव्य पाठ करते हुए गेंदनलाल कनौजिया ने कहा कि भारतीय दर्शन की जिसने गहरी धाक जमाई, पाश्चात्य संस्कृति के गौरव की धज्जियां उड़ाई। संत कुमार बाजपेई संत ने स्वामी जी के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा जगत प्रसिद्ध विवेकानंद, जब तक जिए जिए सानंद, पहुंच शिकागो पाया मान, बनी अलग उनकी पहचान। बाल साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. नागेश पांडेय संजय ने काव्य पाठ करते हुए कहा मैं निरा पाषाण था तुमने तराशा मेरा रूप मनभावन गढ़ा है, हूं प्रखर संपूर्ण इसका श्रेय तुमको क्या कहूं यह अनुग्रह कितना बड़ा है। रमेश पांडे शिखर शलभ ने सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी सच कहूं प्रश्न यदि जोड़ने का उठा, तो मैं खुद को घटा कर निकल जाऊंगा। डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने स्वामी जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा शांति पथ सद्भाव के प्रेरक विवेकानंद थे, विश्व में युव क्रांति के नायक विवेकानंद थे। इसके अतिरिक्त सृष्टि पांडे, शुभकार नाथ शुक्ल, महेंद्र भीष्म, शशिकांत मिश्रा, श्रीकांत तिवारी, मधुकर शैदाई, बेनीराम अंजान, नंदीलाल निराश, डॉ गंगा प्रसाद गुण शेखर आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गंगा प्रसाद गुण शेखर ने की और संचालन शिप्रा खरे ने किया।

### सकट के दिन संकट में मां, पुत्र व्रत के दिन शव देखकर बेसुध



**बिजुआ खीरी।** शुक्रवार को एक ओर जहां माताएं अपने पुत्रों की सलामती लंबी आयु सुख समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए व्रत रहीं वहीं बिजुआ निवासी विनीत गुप्ता के यहां उनके पुत्र कृष्णा गुप्ता का शव घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। मृतक कृष्णा गुप्ता की अर्थी उठी तो परिजनों की चित्कार से सभी की आंखें नम हो गई मृतक कृष्णा गुप्ता की मां गौरी गुप्ता सुध-बुध खो बैठीं। उनकी हालत देखकर आसपास के लोगों की आंखें तक नम हो गईं। विनीत गुप्ता के बेटे की मौत पर शुक्रवार को बिजुआ का बाजार बंद रहा। बृहस्पतिवार को कस्बा बिजुआ निवासी कृष्णा गुप्ता ने शाहजहांपुर परीक्षा में फेल होने पर व्हाट्सएप स्टेटस पर इंड लिख कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक कृष्णा गुप्ता के परिजनों ने बताया कि कृष्णा बचपन से ही हंसमुख स्वभाव का था घर आने को वह सदैव उत्सुक रहता था। सकट चौथ पर शुक्रवार को कृष्णा ने घर आने का प्लान बनाया था। परंतु शायद कुदरत को यह मंजूर नहीं था कृष्णा तो नहीं आया पर उसका शव शुक्रवार को जरूर आ गया। मृतक कृष्णा का शव घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। कृष्णा की मां गौरी गुप्ता अपने बेटे के शव को सीने से लगाए यही कहती रही कि आज तो पुत्रों का त्यौहार है मैंने तुम्हारे लिए व्रत रखा है। पुत्रों के त्यौहार के दिन मां को इस तरह रोते देखा तो पूरा मोहल्ला रो पड़ा। मृतक युवा कृष्णा गुप्ता का परिवार दुखों से उबर नहीं पा रहा है। गमगीन माहौल में शुक्रवार को कृष्णा के शव का अंतिम संस्कार किया गया। विनीत गुप्ता के बेटे की मौत पर बिजुआ की मार्केट बंद रही।

## विद्या मंदिर में हुआ तहरी भोज का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'तहरी भोज' का आयोजन किया गया। आयोजित तहरी भोज में नगर के तमाम लोगों ने विद्यालय परिसर पहुंचकर 'तहरी भोज' में सहभागिता की। जिसमें प्रबंध समिति के सह प्रबंधक बृजेश राठी, पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजय माहेश्वरी, सह प्रबंधक मनोज माहेश्वरी, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. आलोक वर्मा, भेषराम वर्मा, राज किशोर, खन्ना बाबू कन्नौजिया, गन्ना सोसाइटी के सचिव बलवंत चौधरी मौजूद रहे।

## ट्रक हादसे में तीन बच्चों की मौत के बाद देवीपुरवा सेंटर बंद

- मृतक परिजनों तथा पांच दिनों से खड़े किसानों से मिलने पहुंचे कन्हैया बाजपेई

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी के धौरहरा तहसील क्षेत्र में गन्ने का ओवरलोड ट्रक पलटने से तीन बच्चों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद देवीपुरवा गन्ना सेंटर बंद कर दिया गया, लेकिन वहां पर गन्ना तौल कराने आए किसानों की ट्रॉलियां बेबस लाचार खड़ी हैं जिससे उनका गन्ना सूख रहा है। समाधान न होने से किसान परेशान हैं। किसानों ने समाधान के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल सहित जिला गन्ना अधिकारियों से शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धौरहरा कोतवाली के देवीपुरवा गन्ना सेंटर से गन्ना भरकर ऐरा चीनी मिल जा रहा ओवरलोड ट्रक टेगनहा गांव में सड़क किनारे खेल रहे बच्चों पर सोमवार की शाम पलट गया था जिसके नीचे दबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। दूसरे दिन ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर गन्ना सेंटर बंद करने की मांग की थी। जिसपर चीनी मिल के यूनिट हेड आलोक सक्सेना ने सेंटर पर तोल बंद करा दी थी।

## अस्पताल के डायरेक्टर और डॉक्टर समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर की मोहम्मदी रोड पर एक प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौत के मामले में अस्पताल स्टॉफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शहर के मोहल्ला तीर्थ निवासी विशाल बाजपेई ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा था कि 23दिसंबर की शाम वह 6:30 बजे अपनी पत्नी नैंसी बाजपेई की डिलीवरी कराने मोहम्मदी रोड स्थित जया हॉस्पिटल गए थे जहां अप्रशिक्षित डॉक्टरों ने उनकी पत्नी का ऑपरेशन कर दिया था। ऑपरेशन के दौरान ही बच्चे की मौत हो गई थी। उसके बाद डॉक्टर बिना बताए ही फरार हो गए थे। विशाल का कहना था कि अस्पताल में कोई भी प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं था। फर्जी तरीके से ऑपरेशन कर रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत सीएचसी अधीक्षक से की थी तो डॉ अशोक बिहार पहुंचे थे उन्हें अस्पताल में कोई कागजात नहीं दिखा पाया था। अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया था। विशाल बाजपेई तब से रिपोर्ट लिखने को कोतवाली के चक्कर लगा रहे थे। आखिरकार 21 दिनों बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी ही पड़ी। जिसमें लापरवाही से ऑपरेशन करने के मामले में डॉ. अंशू वर्मा, एके अग्रवाल, फरहान गाजी, मोहम्मद सारीक और मैंनेजिंग डायरेक्टर जैब खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## विभिन्न समस्याओं को पूरा किए जाने के लिए माकपा माले ने दिया ज्ञापन

- 26 जनवरी को निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बिजली बिल, बेसहारा पशु, सहित 300 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने आदि मांगों को लेकर भाकपा माले के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूर किसानों ने धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। भाकपा माले के तमाम कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंच धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन में कहा कि बकाया बिजली बिल माफ किया जाय, 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाए, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए, सुआबोझ के किसानों को आपस में लड़ाना बंद किया जाए। जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा कराई जाए। भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी की कामरेड कृष्णा अधिकारी ने कहा कि संविधान और धर्मनिरपेक्षता को छिन्न भिन्न करके सांप्रदायिक उन्माद का मुसलमानों को निशाना बनाए रखने के लिए मोदी योगी सरकार हर मस्जिद के नीचे मूर्ति खोजने का अभियान चला रही है। तो दूसरी और इस सांप्रदायिकता की आड़ में दलितों महिलाओं और पिछड़ों के अधिकारों पर हमला कर रही है। वह सांप्रदायिक उन्माद पर खडे होकर दलितों, महिलाओं की ऑड में पिछड़ों के प्रवक्ता और सविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का अपमान संसद के अंदर करने का साहस दिख रही है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति बुनियाद पर खड़ी भाजपा,




आरएसएस यह सांप्रदायिक अभियान जितना मुसलमानों के विरुद्ध है, उससे ज्यादा दलितों, पिछड़ों व महिलाओं के विरूद्ध है। उसका सबसे बड़ा उदाहरण जिला खीरी है। भाकपा माले इसके खिलाफ आवाज बुलंद कर रही हैं। उन्होंने कहा सविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाकपा माले 26जनवरी को गांव गांव में तिरंगा यात्रा निकलेगी। किसान महासभा के जिला सहसचिव कामरेड जवशर ने कहा कि अनुसूचित गौड जाति का प्रमाण पत्र नही दिया जा रहा है। पिछड़ी जाति के रामचंद्र मौर्या को पुलिस ने पीट पीट कर मार डाला। बांकेगंज में पुलिस प्रताडना के कारण पूरे परिवार को आत्महत्या करने पड़ी। महिलाओं की उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है सुआबोझ में गरीब किसानों के जमीन पर दूसरा गरीबो का पट्टा बनाकर आपस मे लड़ाया जा रहा है। किसान महासभा के उपाध्यक्ष कामरेड कमलेश रस्य ने कहा कि दलित पिछड़ा बहुल पलिया क्षेत्र आज बाद और कटान से तबाह और बर्बाद हो रहा है। सरकार भूमि सुधार को उलट रही हैं। जिला कमेटी सदस्य कामरेड विनोद भारती ने बेसहारा पशुओं से किसानों की बर्वादी को रोकने की मांग उठाई। कामरेड रहीसुद्दीन ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुये फर्जी बिजली बिल वसूली पर रोक लगाने व 300 यूनिट विजली फ्री देने की मांग की। इस मौके पर हुसैन अहमद, जलील अहमद, सेतबन, रामप्रताप, ओमप्रकाश, सावित्री आदि ने भी संबोधित किया।

## डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसो. का हुआ विस्तार

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कृष्ण वाटिका में छोटी काशी डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई जिसमे संगठन को और मजबूत बनाए जाने पर चर्चा की गई और कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। शहर के कृष्णा वाटिका में संगठन के अध्यक्ष राजेश आनंद मिन्नी की अध्यक्षता में हुई डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में पिछली कार्रवाई पढ़ कर सुनाई गई और एसोसिएशन का विस्तार किया गया। बैठक में एसोसिएशन के चार

- पांच उपाध्यक्ष, चार संगठन मंत्री और बनाए गए चार मंत्री

संगठन मंत्री पर चार मंत्री बनाए गए। जिसमें दिनेश गुप्ता दिन्नू, सुमित आनंद, अमित भसीन, अजीत गुप्ता और दिनेश वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अतुल अग्रवाल, विनय केडिया, नूर मोहम्मद और संतोष गुप्ता को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। अतहर खा, सौरभ शुक्ला, गौरव वर्मा और ऋषभ मिश्रा मंत्री बनाए गए हैं। कहा कि सभी को अपने पदों का निर्वहन निष्ठापूर्ण तरीके से करना है। संगठन के हित में कार्य कर संगठन को और मजबूती प्रदान की जाए। लखीमपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर के सुपर स्टॉकिस्टों से वार्ता की जाएगी या पत्राचार और फोन द्वारा वार्ता की जाएगी। कि छोटी काशी के 30 किलोमीटर के दायरे में कोई भी दूसरा वितरक ना बनाया जाए। जिससे कि छोटी काशी के वितरक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह तय किया गया कि पालिका अध्यक्ष से वार्ता कर पॉलिथीन संबंधित समस्या को लेकर बात की जाएगी।

## 16 किलोमीटर लंबे व सात मीटर चौड़े मार्ग के लिए 4665.62 लाख स्वीकृत

- मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के विकास को लगेंगे पंख



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला विधानसभा अंतर्गत तिकुनियां से बस्तौला मार्ग के चौड़ीकरण के लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। गोला विधायक अमन अरविंद गिरि के प्रयासों के चलते लंबे समय से अटका उक्त मार्ग के चौडी करण का रास्ता अब साफ हो गया है। इस मार्ग के निर्माण से तिकुनियां से बस्तौला राजमार्ग करीब सात मीटर तक चौडा हो सकेगा। साथ ही इस मार्ग की लंबाई तकरीबन 15.650 किमी होगी। इसके लिए शासन द्वारा करीब 4665.62 लाख रुपये की राशि निर्गत कर दी गई है। इस मार्ग के निर्माण होने से गोला का सीधा रास्ता बस्तौला में लखीमपुर पलिया भीरा मार्ग तक हो सकेगा। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से जनपद के गन्ना बाहुल्य क्षेत्र से चीनी मिलों को आने जाने वाले वाहनों को सुविधा होगी। क्षेत्र के किसान अपनी फसलों को सुविधापूर्वक मंडी ला सकेगे। साथ ही इस क्षेत्र के ग्रामों का सीधा संपर्क जनपद मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय तक हो जाएगा। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के विकास में पंख लगेगे और विकास में महती भूमिका का निर्वहन करेगा।

## कमरे की छत के पंखे से लटकता मिला युवक का शव

- एक वर्ष पूर्व युवक के पिता ने भी फांसी लगाकर दी थी जान
- चार दिन पहले घर आई थी पत्नी, तभी से हो रहा था झगड़ा, घटनास्थल पर मौजूद पुलिस, परिजन व ग्रामीण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



अपनी दादी व पत्नी के साथ रह रहे युवक का शव कमरे की छत में लगे पंखे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मितौली थाना क्षेत्र के रतहरा (कस्ता) के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र प्रमोद उम्र 27 वर्ष का शव कमरे में छत के पंखे से लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंचे कस्ता चौकी प्रभारी प्रशान्त श्रीवास्तव व दीवान रमाशंकर वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया। आशीष की दादी ने बताया कि चार दिन पहले आशीष की पत्नी खुशी मायके से यहां आई थी, तभी से दोनों में आपसी झगड़ा हो रहा था। आशीष एक बार दिन में भी फांसी लगाने के लिए रस्सी लेकर जा रहा था तो मैंने रस्सी छीन कर बहुत समझाया था। बीती बुधवार की रात भी पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था और खाना भी नहीं बना था। एक कमरे के घर में पड़े पर्दे के एक तरफ आशीष व खुशी लेटे थे, दूसरी तरफ मैं लेटी हुई थी। सुबह जागने पर आशीष को लटकते हुए पाया। पड़ोसियों के मुताबिक आशीष की दादी के बुलाने पर पहुंचे तो देखा कि आशीष का शव लटक रहा था व खुशी बेड पर बैठी टीवी देख रही थी। वहीं खुशी ने बताया कि रात आशीष ने मुझसे झगड़ा किया था, बाद में मैं सो गई। सुबह सोकर उठी तो जान पाई। ग्रामीणों के अनुसार तीन माह पहले खुशी पास गांव के गैर समुदाय के युवक के साथ चली गई थी,तब से चार दिन पहले ही घर आई थी। आशीष व खुशी की पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी। आशीष की मां तीन बेटों के साथ दिल्ली में मजदूरी कर रही है।

## बार एसो. चुनाव में अध्यक्ष पद पर घमासान, चार दावेदार मैदान में

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में विभिन्न पदों के लिए दस नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। जो कि जांच में सही पाए गए। किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद से चार प्रत्याशियों कालिका प्रसाद मौर्य, रामकुमार गौतम, कृष्ण कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार सिंह मैदान में हैं। जबकि उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद तारिक इस्लाम, अचल कुमार श्रीवास्तव आमने सामने है। मंत्री पद पर संदीप कुमार अवस्थी और अनूप कुमार वर्मा आमने सामने है। संयुक्त मंत्री सुमित गिरि, कोषाध्यक्ष पद पर अमित कुमार के एकल नामांकन के चलते निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। चुनाव कमेटी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 20जनवरी को दोपहर 12बजे से समाप्ति तक जनरल स्पीच कराई जाएगी। जिसमें प्रत्याशी मतदाताओं के समक्ष अपनी अपनी प्राथमिकताएं रखेंगे। 21जनवरी मंगलवार सुबह 10बजे से 3बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 3.30 बजे से मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे शिक्षा विभाग के जिम्मेदार

- सत्यापन तिथि से पहले ही आवेदन-पत्र को कर दिया निरस्त

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सरकार की मंशानुरूप निन्शुक्ल तथा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) बनाया जिसके तहद दुर्बल वर्ग के बच्चों का कक्षा 1 व पुर्व माध्यमिक कि कक्षाओं में आनलाइन आवेदन लिया जाता है,लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में तैनात शिक्षा विभाग के जिम्मेदारो के मनमानी रवैया के कारण गरीब बच्चे सरकार की इस योजना से वंचित रह जा रहे हैं जिसके कारण सरकार की छवि भी धुमिल हो रही हैं। ताज़ा मामला सहजनवां विकास खंड अन्तर्गत का है, जहां के प्रार्थी यादवेंद्र पुत्र स्व.पीतांबर यादव ग्राम-सीहापार के मूल निवासी है, जो अपने परिवार के साथ नगर पंचायत सहजनवां में किराए के मकान में रहते है। प्रार्थी अपने पुत्र जिसका नाम-अयांश उम्र लगभग (4)वर्ष का आवेदन दो वर्षो से लगातार क्रमशःतीन बार विभिन्न चरणों में निन्शुक्ल तथा अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 कि धारा12(1) (ग) के तहद किया, लेकिन आवेदन-पत्र को खंड शिक्षा अधिकारी सहजनवां और बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर के द्वारा आवेदक से पूछताछ और जांच किए




बैगर ही आवेदन-पत्र को घोषित सत्यापन तिथि से पहले बिना कारण बताए ही अनियमित तरीके से निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण आवेदक का पाल्य इस योजना से वंचित रह गया। जबकि सरकार आवेदन पत्रों की विधिवत जांच कर सत्यापन तिथि के बाद ही आवेदन पत्र पर कुछ निर्णय लेने का नियम बना रखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में लंबे समय से तैनात शिक्षा अधिकारी और कर्मचारी उनकी ही मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं, प्रार्थी ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर इस पुरे प्रकरण की जांच कराकर करवाई किए जाने की मांग की जो जनहित में न्याय संगत है।

## कंबल वितरण व समरसता भोज आयोजित

- जरूरतमंदों के सम्मान में आगे आए नगर विधायक, पार्टी कार्यकर्ताओं का भी किया सम्मान, खुद परोसा कर खिलाई खिचड़ी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

अपने मृदु व्यवहार और सरल व्यक्तित्व के लिए चिर परिचित नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता शुक्रवार को समाज के जरूरतमंदों और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित नजर आए। यह मौका था अयोध्या मण्डल, करियप्पा मंडल और देवकाली मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए खिचड़ी भोज और पंद्रह सौ जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण के आयोजन का। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं से मिल्कीपुर उपचुनाव में



लगकर भाजपा प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित कराने की अपील इस वायदे के साथ की गई कि हम मिल्कीपुर विधानसभा जीतने के साथ आगामी 2027 में पुनः सरकार बनाने का काम करेंगे। यह आयोजन नगर विधायक श्री गुप्ता की ओर से किया गया था। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल वितरण किया गया और एक साथ खिचड़ी भोज का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सहकारी बैंक सभापति टिल्लू सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह, गन्ना समिति चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, भाजपा नेता अमल गुप्ता, अभय सिंह,हरभजन गौड़,अरविंद सिंह, अनुराग त्रिपाठी, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य व संजय शुक्ला समेत अन्य कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लिया और समाज में सशक्तता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को सर्दी से बचने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जो इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

उत्तराखण्ड शासन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष

## 38वें राष्ट्रीय खेल

# उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**28 जनवरी-14 फरवरी, 2025**



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

**देहरादून:** स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

**ऋषिकेश टिहरी:** इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

**ऊधमसिंह नगर:** साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

**हल्द्वानी:** फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

**हरिद्वार:** हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

**नई टिहरी:** क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

**नैनीताल (भीमताल):** साइकिलिंग एमटीबी।

**अल्मोड़ा:** योगासन।

**पिथौरागढ़:** बॉक्सिंग।

**चंपावत:** रॉफ्टिंग।

## संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी

योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल



तेजस्विनी (मशाल)



मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# गरिमा के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : जिलाधिकारी

- गणतंत्र दिवस मनाए जाने को लेकर डीएम ने की बैठक

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए तैयारियों से संबंधित जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक।

बैठक के दौरान समारोह के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

डीएम ने कहा कि जनपद में गणतंत्र दिवस को पूरी शालीनता व गरिमा के साथ मनाया जायेगा। जनपद में सभी महापुरुषों की मूर्तियों के आस पास की साफ सफाई करते हुए उन पर माल्यार्पण किया जाए। सभी कार्यालयों में प्रकाश व्यवस्था एवं राष्ट्रीय ध्वजारोहण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान से फरहाया जाए। उन्होंने डीआईओएस व बीएसए अन्य अधिकारियों को प्रभात फेरी निकालने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर, जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## युवक ने खुद हमला कर सीने को किया छलनी

- पत्नी से कहासुनी के बाद उठाया कदम




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला सलारगंज मोहल्ला निवासी एक युवक का पत्नी से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने खुद पर हमला कर सीना छलनी कर लिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला सलारगंज निवासी ताजुद्दीन (35) का अपनी पत्नी से शुक्रवार को विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि पति काफी परेशान हो गया। उसने जान देने की सोच ली। ताजुद्दीन ने अपने ऊपर चाकू से कई बार बार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती ताजुद्दीन ने बताया कि वह बहुत परेशान है। इसलिए जान देने की नियत से चाकू से हमला कर लिया। हमले में सीना छलनी हो गया। मालूम हो कि युवक वाहन चालक है। इस मामले में थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

## ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि आज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 18 जनवरी को 56वीं पुण्य तिथि मनाई जाएगी। बाबा की याद में 1 जनवरी से सभी परिसरों में विशेष योग-तपस्या जारी है। जो कल मौन योग साधना से बाबा को अपनी पुष्पांजली अर्पित करेंगे।

बता दें कि 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज़ के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति को प्राप्त कर अव्यक्त हो गए थे। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने संभाली। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। संस्थान के इस समय विश्व के 140 देशों में पांच हजार से अधिक सेवाकेंद्र संचालिता हैं। साथ ही 46 हजार ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से तन-मन-धन के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। 20 लाख से अधिक लोग इसके नियमित विद्यार्थी हैं जो संस्थान के नियमित सत्संग मुरली क्लास को अटेंड करते हैं। साथ ही दो लाख से अधिक ऐसे युवा जुड़े हुए हैं जो बालब्रह्मचारी रहकर संस्थान से जुड़कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे और सेवा के लिए राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के तहत 20 प्रभागों की स्थापना की है।

# शास्त्री डिग्री कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



दिनांक 17 जनवरी 2025 को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के ललिता शास्त्री सभागार में एक भव्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था 'नए भारत के निर्माण की जिम्मेदारी किसकी अधिक : 'युवा पीढ़ी' या 'सरकार'?' यह विषय न केवल वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक है, बल्कि देश की प्रगति में युवाओं और सरकार की भूमिकाओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण विमर्श भी प्रस्तुत करता है। प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।

प्रतियोगिता में 79 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विवेक कुमार गुप्ता, सौम्या सिंह, संदीप तिवारी, जय प्रकाश मिश्र, अभिषेक शुक्ला, दीप्ति, हर्ष कुमार, रितिका, और मनोज तिवारी प्रमुख रूप से शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपने तर्कों को तथ्यों, उदाहरणों, और व्यक्तिगत दृष्टिकोणों के आधार पर प्रस्तुत किया। कुछ ने युवा पीढ़ी को देश के निर्माण का मुख्य स्तंभ माना, जबकि कुछ ने यह तर्क दिया कि सरकार की नीतियां और निर्णय ही समाज की दिशा निर्धारित करते हैं। इस प्रकार, प्रतियोगिता ने युवाओं और सरकार की भूमिकाओं को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया।

प्रोफेसर शिवशरण शुक्ला, प्रोफेसर मंसाराम वर्मा, और डॉ. शैलेश कुमार निर्णायक मंडल में शामिल हुए। इन निर्णायकों ने प्रतिभागियों की तर्कशीलता, प्रस्तुति शैली, और विषय पर पकड़ का गहन मूल्यांकन किया। उनके निर्णय के अनुसार, सौम्या सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति में विषय की गहराई और तर्क की मजबूती ने सभी को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान दीप्ति को प्रदान किया गया, जिन्होंने अपने विचारों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। तृतीय स्थान संदीप तिवारी ने प्राप्त किया, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति में तार्किकता और संतुलन का अच्छा समावेश किया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के उपस्थित शिक्षकों में डॉ. परवेज आलम, डॉ. मनीष मोदनवाल, डॉ. वंदना भारतीय डॉ. अच्युत शुक्ला, और डॉ. प्रतिभा सिंह शामिल थे। इन शिक्षकों ने प्रतियोगिता के आयोजन और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, उनकी उपस्थिति ने विद्यार्थियों को और भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलजा सिंह ने किया, जिनकी कुशल प्रस्तुति और संचालन शैली ने पूरे आयोजन को सुचारू और प्रभावी बनाया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. लोहंस कुमार कल्याणी थे, जिन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत व्यवस्थित और प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ।

नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया की युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन न केवल विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और उनके विचारों को प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि यह नए भारत के निर्माण में युवाओं और सरकार की भूमिकाओं पर जागरूकता फैलाने का भी प्रयास है ।प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से दर्शाया कि कैसे युवा अपनी ऊर्जा, विचारशीलता, और कर्मठता से देश के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। साथ ही, सरकार की नीतियों और योजनाओं की प्रभावशीलता पर भी प्रकाश डाला गया। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायकों और शिक्षकों ने विजेताओं को बधाई दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल उनके व्यक्तित्व का विकास होता है, बल्कि उन्हें समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी मिलता है। प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने बताया कि युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा ।प्रतियोगिता न केवल ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही, बल्कि यह छात्रों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने और उनकी क्षमताओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम भी बनी।

## गुलरिहा में निर्मित होगा वृहद गौ संरक्षण केन्द्र

- देवीदासपुर में निर्मित होगा विद्युत उप केन्द्र

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील पयागपुर अन्तर्गत परगना इकौना के ग्राम गुलरिहा में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 1823 क्षेत्रफल 1.3840 हेक्टयर बंजर श्रेणी की भूमि आवंटन पशुपालन विभाग को किया गया है। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज के परगना हिसामपुर के ग्राम देवीदासपुर में 33/11 के.वी. विद्युत नवीन उपकेन्द्र देवीदासपुर के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 791 ग मि./क्षेत्रफल 0.1210 हे. बंजर श्रेणी की भूमि का आवंटन उ.प्र. पावर कार्पोरेशन लि. लखनऊ को किया गया है।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र नाम SWAROOP SINGH BHATI दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम SWROOP SINGH BHATI है। Army/JC NO-483202L, रैंक-सूबेदार, चेन सिंह भाटी, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-संग्राम सिंह की ढाणी, भैन्सरा, तहसील-पोकरण, जिला-जैसलमेर, राजस्थान-345026, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160295, दिनांक-17 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAMAN व जन्मतिथि 01.07.1951 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SAMAN KANWAR व जन्मतिथि 01.01.1955 है। SAMAN KANWAR M/o of Army/JC No-481721P, रैंक-सूबेदार मेजर, अमर सिंह, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बेरी, जिला-सीकर, राज्य-राजस्थान-332031, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160297, दिनांक 17 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**कार्यालय ग्रा0पं0 करनपुर मजरा ज्योंता वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 17/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करनपुर मजरा ज्योंता द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/01/2025 से 24/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रक्षपाल के घर से सर्वेश सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.59 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सुभाष के घर से कैलाश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामप्रकाश के घर से मैन सीसी तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 1.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मैन रोड से सोनू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.21 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | मैन रोड से सोनू के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.66 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (महावीर सिंह) ग्रा0पं0 करनपुर मजरा ज्योंता, मोहम्मदाबाद सचिव (शिवपाल सिंह)

**कार्यालय ग्राम पंचायत चिलसरा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः02/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चिलसरा विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यो में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 18/01/2025 से दिनांक 24/01/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 24/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 18/01/2025 से दिनांक 24/01/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कालीचरन पाल के घर से जयप्रकाश पाल के घर तक मि0 खड़ंजा व नाली निर्माण कार्य | 3.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डा0 शकील के घर से गज्जू खां के घर तक मि0 खड़ंजा व नाली निर्माण कार्य | 1.79 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | इसरार के घर से रफ्फन खां के घर तक मिट्टी खड़ंजा व नाली निर्माण कार्य | 2.68 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (केशव चन्द्र) ग्रा0पं0 चिलसरा, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

## बालक पर गिरी मिट्टी की दीवार, मौत



- घर में खेल रहा था बालक, मलबा हटाकर बाहर निकाला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जंगल से सटे ग्राम पंचायत चहलवा में शुक्रवार सुबह अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई। जिसके मलबे में दबकर पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई कर रही है।जिले में बृहस्पतिवार को बारिश हुई। जिला मुख्यालय समेत शहरी क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। जबकि जंगल से सटे गांवों में रिमझिम बारिश हुई। इसका असर मिट्टी के बने मकानों में भी देखा गया। बारिश से मिट्टी के मकान में नमी आ गई है। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा बिहारीपुरवा गांव निवासी आर्यन (5) पुत्र प्रेम सिंह शुक्रवार सुबह खेल रहा था। खेलने के दौरान मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। जिसके नीचे दबकर आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार सिंह ने बताया कि परिवार के लोगों से वार्ता के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

# नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम करें संचालित : डीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाए : डीएम
- नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न

नारकोटिक्स पदार्थो के संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त गुप्त सूचनाओं को सभी सम्बन्धित को त्वरित आदान-प्रदान करते हुए प्राप्त सूचना के अनुसार तत्काल प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि वनाच्छादित सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी व वन विभाग की संयुक्त कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाय। औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका विवरण भी रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि युवा पीढ़ी विशेषकर छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए बीएसए एवं डीआईओएस से संयुक्त रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे क्रियान्वित भी कराएं। अपराध निरोधक एजेंसीज को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यशाला का निरन्तर आयोजन कर तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज कल्याण अधिकारी को नशामुक्ति एवं पुनर्वास कार्यक्रम संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत से खराब स्वास्थ्य और सामाजिक, पारिवारिक रूप से जूझ रहे व्यक्तियों को सही रास्ते पर लाने हेतु मनोवैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराये जाने की पहल की जाय। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा पुलिस, आबकारी व औषधि प्रशासन विभागों की संयुक्त टीम को मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सुझाव दिया कि नेपाल सीमा से सटे गांवों में कुछ पोस्ट स्थापित किये जायें जिससे कि सीसीटीवी के माध्यम से आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी की जा सके। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह, संबंधित समस्त एसडीएम, ड्रग इंस्पेक्टर, सहायक कमाण्डेंट 59 एवं 42 बटालियन एसएसबी, डीआईओएस सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जनपद ने 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में हासिल की ऐतिहासिक सफलता

- निक्षय मित्र बनाने में प्रदेश में दूसरा स्थान
- 1.25 लाख संभावित टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर हासिल किया पांचवां स्थान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जिले में 31 दिसंबर से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है , जिसके तहत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस दौरान 1,250 नए निक्षय मित्रों ने अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इसके परिणामस्वरूप, जिले में निक्षय मित्रों की संख्या 650 से बढ़कर 1,924 हो गई, जो प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। शाहजहांपुर 2,216 निक्षय मित्रों के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि बलरामपुर ने 1,650 मित्रों को जोड़ते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी निक्षय मित्रों, स्वास्थ्य कर्मियों और समुदाय के सदस्यों को इस सफलता पर बधाई दी। उन्होंने महसी और शिवपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को धीमी प्रगति के लिए चेतावनी दी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि हर संभावित टीबी मरीज तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 1,924 निक्षय मित्रों ने अब तक 4,390 टीबी मरीजों को गोद लिया है। ये मित्र मरीजों को पोषण पोटली के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं। अभियान के तहत अब तक 1.25 लाख संभावित टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 750 नए मरीजों का पता चला है। इन मरीजों का इलाज तुरंत शुरू किया जाएगा। जिले ने स्क्रीनिंग के मामले में प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

**सिर्फ खांसी ही टीबी का लक्षण नहीं**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने कहा कि सिर्फ खांसी ही टीबी का लक्षण नहीं है। अन्य लक्षणों में सीने में दर्द, बुखार, बलगम में खून आना, थकान, रात में पसीना आना, वजन में गिरावट, शरीर के किसी हिस्से में गाँठ होना और हाल ही में हुए शारीरिक बदलाव शामिल हो सकते हैं। ऐसे कोई भी लक्षण होने पर तुरंत जांच कराना आवश्यक है। यह जांच सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

**डीएम की अपील**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनता से अपील की कि टीबी के लक्षण वाले व्यक्ति अपनी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने जनपद के व्यापारियों और उद्योगपतियों से भी आग्रह किया कि वे टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और मानसिक व भावनात्मक सहारा देकर उनके उपचार में सहयोग करें। उन्होंने कहा, आप सभी के सामूहिक प्रयासों से हमारा जिला जल्द ही टीबी मुक्त हवा में सांस ले सकेगा।

# गायत्री शक्तिपीठ ने संगोष्ठी का किया आयोजन, आगामी कार्यक्रम की हुई चर्चा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- अगले माह प्रस्तावित है 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्तिपीठ बहराइच के तत्वावधान में शुक्रवार को गायत्री चेतना केंद्र मैदानी बाबा आश्रम डिगिहा परिसर में संगोष्ठी का आयोजन कर अगले माह प्रस्तावित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन व्यवस्था संबंधी विषयों पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर वृद्ध, अशक्त लोगो को कंबल का वितरण भी किया गया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार बहराइच की ओर से आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए शक्तिपीठ ट्रस्ट प्रबंधक संदीप मिश्रा ने बताया कि आगामी 25 मार्च से 29 मार्च तक माँ कमला देवी इंटर कॉलेज निकट मरीमाता मंदिर गोलवा घाट परिसर में विराट 108 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन प्रस्तावित है जिसमे प्रभावी सहभाग के लिए नगर क्षेत्र के अलावा सम्पूर्ण जनपद में घर घर जन सम्पर्क महाभियान की दूरगामी योजना बनाई गई है।गायत्री परिवार जिला समन्वयक आरएस त्रिपाठी ने कहा कि ब्रम्हा की नगरी बहराइच को पुनः घर घर में गायत्री व यज्ञ की स्थापना कर ब्रम्हाइच के रूप में विकसित करने तथा सनातन संस्कृति के पुनरोत्थान हेतु ही विशाल यज्ञ का आयोजन प्रस्तावित किया गया है जिसमे जन सहयोग की आवश्यकता है।महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सनातन समाज को मजबूत एवं राष्ट्र को ताकतवर एवं प्रगतिशील बनाने के लिए आवश्यक है कि जाति, पंथ व भाषा विभेद को दूर कर समाज में व्याप्त सामाजिक कुरूतियों को प्रभावहीन करने के लिए प्रभावी जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए और इसमें सनातन समाज के अन्य संगठनों का सहयोग लिया जाना भी आवश्यक है। संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि गायत्री परिवार के परिजन सामाजिक एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करे जिसमे सर्व समाज के लोग सहभाग करेंगे।अध्यक्षता करते हुए चेतना केंद्र प्रबंधक आरपीएन श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र को समर्थ, शसक्त, एवं समृद्ध बनाने के लिए ही महायज्ञ का आयोजन बहराईच की धरती पर प्रस्तावित किया गया है जिसमे मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु गायत्री परिजन संकल्प दिलाएंगे । गोष्ठी का संचालन उपाध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया।आयोजित गोशठी में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन प्रेम चंद्र श्रीवास्तव, जगदीश मिश्र, गायत्री बाल संस्कारशाला संचालिका रेखा श्रीवास्तव, कान्ति मिश्रा, मंजु श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, दुर्गेश मिश्रा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर युग पुरूष गायत्री परिवार संस्थापक पंडित श्री राम शर्मा आचार्य एवं वन्दनीय माता भगवती देवी शर्मा के विचारों को जन जन तक पहुचाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

**कार्यालय संयुक्त निदेशक अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, रहमानखेड़ा, लखनऊ**

पत्रांक /पशुधन/सांड नीलामी/2024-25 दिनांक 17/01/25

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र, रहमानखेड़ा, लखनऊ पर दिनांक 29.01.2025 दिन बुद्धवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे, नौ अदद (09) मुर्रा सॉडों की नीलामी की जायेगी। नीलामी की विस्तृत शर्तों की जानकारी नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जो इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

सांडों की नीलामी की मुख्य शर्ते निम्नानुसार है-

1- नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति को रु0 5,000.00 (रुपया पांच हजार मात्र) अग्रिम जमानत के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा। पंजीकरण न कराये जाने पर नीलामी में भाग लेना संभव नहीं होगा।
2- नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना पहचान पत्र एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। (मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड व निवास प्रमाण पत्र)
3- अधिकतम बोली को समिति द्वारा स्वीकृत किये जाने के फलस्वरूप नीलामी की पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना होगा।
4- नीलाम हुये पशु को बोलीदाता द्वारा उसी समय अपने खर्चे पर केन्द्र से ले जाना होगा।
5- जमानत के रूप में जमा धनराशि 5,000.00 (रुपया पांच हजार मात्र) बोली स्वीकृत न होने की दशा में अविलम्ब उसी दिनांक को वापस कर दिया जायेगा तथा स्वीकृत बोलीदाता की जमानत राशि को पशु की कीमत में समायोजित कर दिया जायेगा।
6- यदि कोई पंजीकरण उपरान्त बोली नहीं बोलता है या बोली बोलने से मुकर जाता है तो जमा की गई धनराशि को राजकीय हित में जब्त कर लिया जायेगा।
7- किसी एक बोली या समस्त बोलियों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार विक्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
8- नीलामी के समय पशुओं की संख्या घट बढ़ सकती है।
9- नीलाम होने वाले सांडों के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में आकर सांड प्रबन्धन अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।
10- किसी भी विवाद की स्थिति में समस्त विवादों का निपटारा जिला एवं सत्र न्यायालय लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में ही मान्य होगा।

(डा0 ओ0पी0 सोनकर)
संयुक्त निदेशक
अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र,
रहमानखेड़ा, लखनऊ

www.up.gov.in
upid-226532 Date-17/01/2025

# राज्य मंत्री दिनेश प्रताप ने वितरित किए कंबल

- मैं रायबरेलीवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हूं और रहूंगाः दिनेश प्रताप सिंह

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह द्वारा स्थानीय विकासखंड परिसर में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। कंबल वितरण से पूर्व अपने संबोधन में उन्होंने बगैर नाम लिए राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग जीत कर चले गए हैं वह 5 वर्ष लौटकर आने वाले नहीं है, केवल उनका मतलब आपका वोट लेने से था और उनका यह काम बन गया है। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे चुनाव हरा दिया, परंतु मै लगातार अपनी रायबरेली के लोगों की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर हूँ और रहूंगा। केंद्र व प्रदेश सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि योगी सरकार के राज्य में इतना बड़ा महाकुंभ आयोजित किया गया है, इस कुंभ के अंदर प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा तथा सुविधा देना अत्यंत कठिन कार्य है, परंतु मौजूदा प्रदेश सरकार ने इस असंभव कार्य को कर दिखाया है। श्री सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या महिला मधुमक्खी पालन करने के लिए तैयार हो तो वह उसे समस्त सुविधाएं दिलाने के लिए कटिबद्ध है, उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश की सरकार प्रत्येक ग्राम सभा के अंदर एक ऐसे व्यक्ति का चयन करना चाहती है जिसके पास न जमीन हो न रहने का ठिकाना इसके लिए सभी ग्राम सभाओं में पांच सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है। उन्होंने प्रधानों का आवाहन करते हुए कहा कि वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में योगदान दें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, ब्लॉक प्रमुख अमन दऊवा, उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव, खंड विकास अधिकारी बछरावां एस बी सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी तथा प्रधान गण उपस्थित रहे।

**समझते हैं अपनों का दर्द:** राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ऐसे शख्स हैं जो जमीन से जुड़े हुए हैं उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन देखा है उसकी परेशानियां अच्छी है क्योंकि वह एक किसान के बेटा है बचपन से लेकर जवानी तक एक सामान्य किसान या एक सामान्य व्यक्ति कैसे जीवन यापन करता है उसके दुख दर्द को समझते हैं जिसकी वजह से आज भी वो रायबरेली वासियों को अपना परिवार समझते हैं और उनके हर सुख-दुख में खड़े रहते हैं उनका मानना है कि अगर प्रभु श्रीराम ने अगर आपको खुश दी है तो उन खुशियों को मिल बाटकर मनाना चाहिए।

# टॉवर के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- डलमऊ पुलिस ने एसटीएफ लखनऊ के साथ मिलकर गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डलमऊ पुलिस ने एसटीएफ लखनऊ के साथ मिलकर एक शातिर धोखाधड़ी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह लोगों से मोबाइल वाईफाई टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करता था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**वाई-फाई टावर लगाने के नाम पर करते थे ठगी:** डलमऊ क्षेत्राधिकारी अरुण नौहार ने जानकारी दी कि पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे पहले गांवों के प्रधानों और अन्य संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क करते थे और उन्हें वाईफाई टावर लगाने के नाम पर 16,000 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के तौर पर अपने खाते में ट्रांसफर करवा लेते थे। इसके बाद वे लोग रिलायंस, जिओ, बीएसएनएल जैसी कंपनियों से फर्जी कंफर्मेशन लेटर तैयार कर दिखाते थे और शिकार किए गए व्यक्तियों से यह कहते थे कि कंपनी द्वारा 20 लाख रुपये पास किए जाएंगे।

**शक होने पर बदल देते सिम कार्ड:** इस प्रक्रिया में आरोपियों ने कई लोगों से पैसे ट्रांसफर करवाए और जब किसी व्यक्ति को शक होता था तो वे सिम कार्ड तोड़कर फेंक देते थे। यह गिरोह सड़क किनारे सिम बेचने वालों से ज्यादा पैसे देकर फर्जी पहचान पत्रों से सिम प्राप्त करता था। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, अतिउल्लाह अंसारी, पदम नाथ दुबे (गांव तेंदुबारी, थाना गौरी बाजार, जनपद देवरिया) और गंगेश्वर पांडे उर्फ गोलू पांडे (गांव सेमरा, थाना कसैया, जनपद कुशीनगर) शामिल हैं। इस गिरोह के दो अन्य सदस्य निरंकार सिंह और उसका भाई रोहित सिंह भी शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से एक हुंडई क्रेटा कार, विभिन्न कंपनियों के कागज, मोहर, 13 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल, सिम और अन्य फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटीसवार छात्रा की मौके पर मौत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शेरी गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पेपर देने जा रही छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की मृतका छात्रा वर्षा मौर्य पुत्री कमलेश मौर्या उम्र 22 वर्ष निवासिनी किला मोहल्ला रायबरेली जो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटकवा खेड़ा मजरे इचौली में स्थित जीपीएस महाविद्यालय में बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा थी, वह शुक्रवार सुबह अपना वनस्पति विज्ञान का पेपर देने जा रही थी तभी उसे शेरी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरो की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने के पश्चात केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिश के चलते युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मसंद खेड़ा मजरे पहनासा गांव में पुरानी रंजिश के चलते घर के सामने से निकल रहे एक युवक पर दबंग ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल युवक विनोद कुमार पुत्र रामनाथ ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उनका विवाद उसके ही पड़ोसी राजकुमार पुत्र सरवन से हो गया था, तब से उनके बीच किसी प्रकार की कोई बातचीत नहीं हुई। परंतु शुक्रवार को घर के सामने से निकलने पर उक्त दबंग युवक के द्वारा उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है। घायल युवक ने थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। तत्पश्चात पुलिस द्वारा उसका इलाज एवं मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य बछरावां पर कराया गया। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच व पड़ताल की जा रही है।

### बाइक लेकर पैदल जा रहे दो लोगों चोर समझकर पीटा

**सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बीती रात चोरी के इरादे से आये दो चोरों को ग्रामीणों ने पकडकर जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के बसंतगंज गांव का हैं। जहां गुरुवार की रात दो युवकों को चोर समझ कर ग्रामीणों ने पकड़कर धुनाई कर दी। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। वही बताया जा रहा कि चोरों का गैंग है।दो चोरों को पकड़ा गया है। सात लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए हैं। पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि सुरेश वर्मा रायपुर थाना ऊंचाहार व शिवमूरत पदुमपुर थाना डीह को ग्रामीणों ने बसंतगंज में चोर समझ कर घेर लिया। पुलिस की पूछताछ में शिवमूरत कारीगर का काम करता है।सुरेश डंपर में हेल्पर का कार्य करता है। दोनों मोटरसाइकिल से परशदेपुर जा रहे थे।रास्ते में बाइक खराब होने पर पैदल जा रहे थे।तभी ग्रामीणों ने चोरी का आरोप लगाते हुए पकड़ लिया है। किसी भी आपराधिक घटना में संलिप्तता नहीं पाई गई।

### खण्ड विकास अधिकारी ने दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार गांव में निर्माणाधीन नाली को ढहाने के आरोप में 14 ग्रामीणों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। इनमें छः महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस मामला दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। डलमऊ ब्लॉक के बीडीओ सत्यदेव यादव की तहरीर में बताया गया कि गत 13 जनवरी को राज्य वित्त योजना से ग्राम सभा की नाली का निर्माण कराया जा रहा था। जिसका करीब 75 मीटर हिस्सा गांव के ही राधा कृष्ण चौधरी, जगतपाल, देवी शंकर, सरिस, सोमानी, सोमवती, रामविलास, विमला, बबूला, सज्जन, शिवचरन, रामदुलारी व इंद्रपाल ढहा दिया। आरोपी 6 बोरी सीमेंट, तीन ह्यूमपाइप, 2800 ईट उठा कर ले गए। लालगंज इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में धार्मिक रीति रिवाज से 56 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद बलरामपुर में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के कुशलनिर्देशन एवं मार्गदर्शन में विकास परिसर बलरामपुर में आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड बलरामपुर में 37 जोडों, विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में 17 जोडों एवं नगर पालिका परिषद बलरामपुर में 2 जोड़ों कुल 56 जोडों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 6 जोड़े सम्मिलित हुए। विकास खण्ड परिसर बलरामपुर में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पल्टूराम विधायक बलरामपुर सदर, समस्त ब्लांक प्रमुख, अध्यक्ष, (प्रतिनिधि) नगर पालिका परिषद बलरामपुर डीपी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी बलरामपुर व श्रीदत्तगंज एवं अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बलरामपुर उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।

## दो डंपर आपस में टकराए, नेशनल हाईवे हुआ जाम

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पिकअप को बचाने के चक्कर में दो डंपर आपस में टकराकर अयोध्या रायबरेली नेशनल हाईवे पर पलटें नेशनल हाईवे हुआ जाम। कड़ी मशक्कत से एक डंपर को सड़क से हटाया गया वहीं दूसरा डंपर अभी भी आधी सड़क घेरे हुए पड़ा है। समाचार लिखे जाने तक अभी भी डंपर नेशनल हाईवे दुसौती चौराहे पर पलटे हुए हैं जिनमें एक डंपर को तो सड़क से बाहर कर दिया गया वहीं दूसरा डंपर अभी भी सड़क का कुछ हिस्से को घेरे हुए पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो अकेलवा की तरफ से आ रही पिकअप जैसे ही दुसुती चौराहे पर रायबरेली अयोध्या मार्ग पर चढ़ी पीछे से आ रहा डंपर पिकअप को बचाने के चक्कर में उसने ब्रेक लगा दिया वही उसके पीछे आ रहे दूसरे डंपर की रफ्तार तेज थी और कोहरा के कारण वह संभाल नहीं पाया तथा डंपर में पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों गिट्टी लदे हुए डंपर सड़क पर ही पलट गए। सुबह 5:00 बजे घाटी इस घटना के कारण नेशनल हाईवे पूरी तरह से जाम हो गया किसी तरह लोगों ने एक डंपर को सड़क से हटकर आने-जाने का रास्ता सुगम बनाया लेकिन अभी भी एक डंपर सड़क का कुछ हिस्से पर पड़ा हुआ है और शायद उसमें कुछ तकनीकी खराबी भी आ गई है। वही घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में घटने के कारण कोतवाली पुलिस को भी ग्रामीणों ने सूचना कर दिया है लेकिन अभी तक पूरी तरह से नेशनल हाईवे साफ नहीं हुआ है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है।

## जिला अस्पताल ऑक्सीजन प्लांट 6 माह से खराब

- सिलेंडरों के माध्यम से हो रही है आपूर्ति
- जिला अस्पताल का अपना प्लांट होते हुए भी बाहर से मंगानी पड़ती है ऑक्सीजन

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के लाख दावों और वादों के बाद भी,रायबरेली जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के दौरे के बाद भी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लचर और जर्जर बनी हुई है।यहां महीनों से बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को लेकर आने वाले मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल का अपना खुद का ऑक्सीजन प्लांट होते हुए भी बाहर से ऑक्सीजन मंगवानी पड़ रही है। ऑक्सीजन सिलेंडर प्राइवेट वाहनों से जिला अस्पताल की पूर्ति के लिए मंगवाया जाता है।




**क्या कहना है जिला अस्पताल के सीएमएस प्रदीप अग्रवाल का:** ऑक्सीजन प्लांट के संदर्भ में जब सीएमएस प्रदीप अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया प्लांट को चलाने के लिए एक इंस्ट्रूमेंट की आवश्यकता थी जिसको लेकर सीएमओ ने संबंधित एजेंसी को आदेशित किया था और वह इंस्ट्रूमेंट आ चुका है एक सप्ताह के अंदर ही हमारा प्लांट चालू हो जाएगा।

## सीएचसी गेट का ताला तोड़कर युवक ने काटा हंगामा



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महाराजगंज रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां का ताला तोड़कर एक युवक ने हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल का समस्त स्टाफ सहित आसपास के लोग भारी संख्या में एकत्रित हो गए। युवक का यह कारनामा हंगामा करीब आधे घंटे तक चलता रहा। उसने सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार जैसल के सामने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि हां मैंने ताला तोड़ा है। आपको बताते चले कि सीएचसी परिसर में अंदर जाने के लिए दो गेट मौजूद है। परंतु महिला वार्ड की सुरक्षा को देखते हुए एक गेट अनवरत बंद रहता है, दूसरे गेट से इमरजेंसी तथा अन्य सुविधाओं के लिए लोग आते जाते रहते हैं। हंगामा बढ़ता देख सीएचसी स्टाफ के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा युवक को थाने लाया गया। तत्पश्चात सीएचसी अधीक्षक द्वारा घटना का प्रार्थना पत्र लिखित रूप से स्थानीय थाने में दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## छलनी सड़कों के नहीं भरे घाव, छिल रहे ग्रामीणों के पांव

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** डेढ साल पहले बनी सड़क ने अपनी निर्माण के साथ हुए भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया। हसनापुर जाने वाला संपर्क मार्ग धंस, उजड़कर जर्जर होने से ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत हसनापुर से सादुल्ला नगर गौरा चौकी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का डामरीकरण निर्माण डेड साल पहले हुआ था। जो अब पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर जर्जर हो चुका है। जुबेर अहमद, मोहम्मद मोतीन, राम नरेश, गौरी शंकर, राम प्यारे वर्मा आदि ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के बाद भी सड़क की मरम्मत न होने से हसनापुर के ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग पर लखनीपुर प्राथमिक विद्यालय को भी जोडती है। सड़क जर्जर होने से नैनिहालों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## बच्चों को सघन टीवी अभियान के तहत किया गया जागरूक



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी)के तहत जनपद में 7 दिसम्बर से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आज जनपद के विभिन्न कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम किये गए, जिसमे महात्मा गाँधी इंटर कॉलेज रायबरेली में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा साल 2025 तक देश से क्षय रोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य है टीबी रोगियों का पता लगाकर उन्हें तत्काल उपचार पर लाना व टीबी से होने वाली मौतों को रोकना है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अनुपम सिंह ने छात्र छात्राओं को टीबी के बारे में बताया साथ ही डीपीसी अभय जी ने बच्चो को शपथ दिलवाई।

# जिला पंचायत की बैठक संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उप्र दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति ने अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक आयोजित की गई, बैठक में वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2025-26 में रुपये 8798.86 लाख एवं वर्ष 2025-26 के मूल बजट रुपये 6022.00 लाख का अनुमोदन किया गया है एवं वर्ष 2025-26 में प्राप्त होने वाली विभिन्न अनुदानों की धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की सूची सदस्यों द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी। जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में मंत्री जी ने सदन में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा उनके क्षेत्र की बताई गई जनहित की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध निराकरण करायें। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत के समस्त सदस्यों को आम जनमानस को वितरित करने हेतु कंबल प्रदान किये गये। बैठक का संचालन जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। बैठक में सदन के सदस्यगण व संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दलित मजदूरों को कराया गया मुक्त, सुरक्षित भेजे गए घर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के निर्देश पर रेहरा बाजार क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्ठे पर बंधक बनाए गए दो दर्जन दलित मजदूरों को प्रशासन ने मुक्त कराया। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार रेहरा बाजार राजीव वर्मा और थानाध्यक्ष रेहरा बाजार अशोक सिंह के नेतृत्व में की गई। मजदूरों को उनके बकाए 4 लाख रुपये की मजदूरी दिलाने के बाद सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब मजदूरों ने आयोग को शिकायत दी कि रेहरा बाजार के रतनपुर गांव स्थित वीबीएफ ईट भट्ठे पर उन्हें बंधक बनाकर रखा गया है। शिकायत में मजदूरों ने आरोप लगाया कि महीनों से उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है और उनका भुगतान नहीं किया जा रहा। आयोग ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए जिलाधिकारी बलरामपुर को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार राजीव वर्मा और थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने टीम के साथ ईट भट्ठे पर छापा मारा। इस दौरान मजदूरों को बंधक स्थिति में पाया गया। मजदूरों ने अपने बयान में बताया कि भट्ठा मालिक ने उनके 4 लाख रुपये की मजदूरी का भुगतान नहीं किया और उन्हें अपने घर जाने से रोक रखा था। भट्ठा मालिक ने प्रशासन को बताया कि मजदूरों को झारखंड के एक ठेकेदार के माध्यम से भट्ठे पर लाया गया था। ठेकेदार ने मजदूरी का पैसा ले लिया था, लेकिन मजदूरों को भुगतान नहीं किया। नायब तहसीलदार ने कड़ा रुख अपनाते हुए भट्ठा मालिक को मजदूरों की मजदूरी तुरंत देने का आदेश दिया। इसके बाद भट्ठा मालिक ने मजदूरों को 4 लाख रुपये का भुगतान किया। मजदूरी का भुगतान होने के बाद, प्रशासन ने सभी मजदूरों को बंधन से मुक्त कर दिया। उन्हें मनकापुर रेलवे स्टेशन से उनके घरों के लिए रवाना किया गया। नायब तहसीलदार राजीव वर्मा ने बताया कि सभी मजदूर अब सुरक्षित अपने घर पहुंच गए हैं। इस घटना ने प्रशासन और आयोग की तत्परता को उजागर किया है। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए आयोग और प्रशासन ने एक सराहनीय कदम उठाया। स्थानीय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

यह मामला श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और प्रशासनिक संवेदनशीलता का एक उदाहरण है। मजदूरों ने अपनी रिहाई के बाद प्रशासन का आभार व्यक्त किया और ठेकेदार व भट्ठा मालिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रशासन ने मामले की गहन जांच के संकेत दिए हैं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## सड़क किनारे लकड़ी का ढेर कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे लकड़ी का अवैध रूप से रखा जाना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहा है।निर्माण सामग्री के इन बड़े-बड़े ढेरों के चलते वाहन चालकों को सामने से आ रहे अन्य वाहनों का आभास नहीं हो पाता है। लोगों की जान पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। जबकि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर के कई क्षेत्रों में सड़क किनारे बड़ी मात्रा में बालू और मोरंग के ढेर नजर आ रहे हैं। इस कारण वाहनों को सुरक्षित तरीके से सड़कों पर चलने में परेशानी हो रही है। ऐसे में, यातायात बाधित हो रहा है और



दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बढ़ रही है। सबसे अधिक समस्या घनी आबादी वाले इलाकों में देखने को मिल रही है, जहाँ सड़कें पहले से ही तंग हैं और किनारे रखा लकड़ी का ढ़ेर वाहनों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। साथ ही स्कूली बच्चों, राहगीरों एवं वाहनों चालकों के साथ दुर्घटनाएं भी घटित होती रहती हैं अवैध कारोबारियों के इस काले कारनामें के खिलाफ खनिज विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इन ढेरों के कारण अपनी जान जोखिम में डालकर गाड़ी चलाते हैं। कई बार छोटी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जब इस बारे में प्रशासन से बात की गई, तो अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से रखी सामग्री हटाने के लिए जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री चयन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए जाने को बाल विकास विभाग की वार हेल्प डेस्क स्थापित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त बाल विकास परियोजनाओं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विभागीय की पोर्टल पर पात्र महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे तथा वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीधी भर्ती किए जाने हेतु चयन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रचलित है।

उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया संबंधी अग्रेत्तर कार्यवाही को सकुशल , पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न किए जाने हेतु सभी बल विकास परियोजनाओं में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

बाल विकास परियोजना शहर में सीडीपीओ, मो.नं.- 8840774987, बाल विकास परियोजना बलरामपुर देहात में सीडीपीओ - 8953794147 , विकासखंड गैंसड़ी में सीडीपीओ , मो.नं.- 7007533159, विकासखंड गैंडास बुजुर्ग एवं श्रीदत्तगंज , राकेश मिश्र , मो.नं.- 6393459497, विकासखंड हरैया सतघरवा में सीडीपीओ राकेश कुमार, विकासखंड रेहरा बाजार में सीडीपीओ, संदीप कुमार, मो.नं.- 8318433483, विकासखंड पचपेड़वा में सीडीपीओ, अरुण कुमार, मो.नं.-7906169585, विकास खंड तुलसीपुर में सीडीपीओ कमलेश कुमार यादव , मो.नं.- 8853996859 , विकास खंड उतरौला में सीडीपीओ अशोक चौहान - 9651276363 के मोबाइल नंबर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों कार्यकत्री चयन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री चयन प्रक्रिया में किसी भी दशा में बाहरी व्यक्तियों के बहकावे में ना आए, किसी भी जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय में ही संपर्क करें।

# 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान शुरू

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




बलरामपुर जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक 100 दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में टीबी के मरीजों का जल्दी पता लगाना और उन्हें समय पर इलाज देना है। अभियान का आगाज एक जनवरी से हुआ, और इसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जोर देकर बताया कि यह अभियान जिले में व्यापक रूप से चलाया जा रहा है।

टीबी मुक्त बलरामपुर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, पुराने टीबी मरीज, एचआईवी से ग्रसित मरीज, टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान और शराब सेवन करने वाले लोग, और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों की जांच की जा रही है। इसके अलावा, जिन व्यक्तियों को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, मुंह से खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, वजन कम होना, भूख न लगना, थकान महसूस होना, गर्दन में गिल्टी या गांठ जैसे लक्षण हैं, उनकी भी जांच की जा रही है। टीबी की संभावना वाले इन लक्षणयुक्त व्यक्तियों की स्क्रीनिंग को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जल्दी से जल्दी इलाज शुरू किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जनपद वासियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास उपरोक्त जोखिम वाले समूह के लोग या लक्षण वाले व्यक्ति हैं, तो वे उन्हें निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, या आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जाकर बलगम जांच और एक्स-रे जांच कराने के लिए प्रेरित करें। डॉ. रस्तोगी ने बताया कि जांच में यदि कोई व्यक्ति टीबी का मरीज निकलता है, तो उसे सभी दवाइयां मुफ्त मिलेंगी। इसके अतिरिक्त, मरीजों को पोषण योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता भी दी जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली का वितरण किया गया। साथ ही, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्वालियर ग्रांट रेहरा बाजार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक डॉ. अनुराग पांडेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार के अधीक्षक डॉ. गिरधर चौहान, और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रूबी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# गलत ट्रैक पर कांग्रेस का दिल्ली चुनाव

दिल्ली में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर खुद को मजबूत करते हुए एक अपराजिता पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है, लेकिन उतना ही बड़ा सच यह भी है कि लगातार हार का सामना करती आ रही कांग्रेस पार्टी अपना वह पुराना वजूद कायम करने में अब तक असफल रही है और दिल्ली विधान सभा चुनाव में नासमझी वाली रणनीति पर फोकस कर रही है। क्या ऐसी रणनीति से उसे अपने पुराने वोट बैंक को दुबारा सहेजने में सफलता मिलेगी, संभव ही नहीं। कांग्रेस को उसी गलत रणनीति के कारण ही दुर्गति देखने को मिली है और इस बार भी गलत ट्रैक पर चलने जा रही है। सच यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अपना वह पुराना वोट बैंक आम आदमी पार्टी से छीनने की स्थिति में नहीं लगती है। ऐसे में कांग्रेस के लिए बेहतर होता कि वह अपने पुराने वोट बैंक को पाने के लिए चरणबद्ध तरीके से रणनीति बनाकर उसे अमल में लाती, शायद कुछ भला होता, लेकिन इसके बजाय वह इस आम चुनाव में रणनीतिक तौर पर एक बड़ी गलती फिर करते हुए दिखाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में कांग्रेस अपनी खोई हुई जमीन पाने के लिए एमओएस फार्मूला अपनाने जा रही है, यानी कांग्रेस अब दिल्ली में अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम बाहुल्य सीटों के साथ ही उन विधानसभा सीटों पर फोकस करेगी, जहां-जहां ओबीसी और दलित मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। हकीकत में देखा जाए तो कांग्रेसी यही सबसे बड़ी गलती करने जा रही है। राहुल गांधी के करीबियों ने उन्हें यह सलाह देकर एक बार फिर से उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी को गलत ट्रैक पर डाल दिया है। मंडल कमण्डल की राजनीति के दौर के बाद ओबीसी यानी अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता पूरी तरह से अब कांग्रेस के साथ नहीं हैं। अब अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता कांग्रेस से विमुख हो चुके हैं और उनकी वापसी की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के इस फार्मूले का असफल होना लगभग तय माना जा रहा है। दरअसल राहुल गांधी को कांग्रेस को फिर से मजबूत करने के लिए एमओएस फार्मूले की बजाय बीडीएम के फार्मूले को अपनाना चाहिए। जिनके बल पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,इंदिरा गांधी, लालबहादुर शास्त्री से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक देश पर राज कर चुके हैं।

# परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत विपत्ति। सफलता में लोग साथ होते हैं, जबकि असफलता में लोग साथ छोड़ देते हैं। हालांकि, असफलता से सीखने और बढ़ने का मौका मिलता है। सफलता सार्वजनिक उत्सव है जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक एकदम सत्य लिखा है। दो ऐसे शब्द जो हर व्यक्ति के जीवन में बहुत मायने रखते हैं। पहला शब्द सफलता जिसको हर कोई प्राप्त करना चाहता है जबकि दूसरा शब्द असफलता जिससे हर व्यक्ति दूर रहना चाहता है। सफलता जब प्राप्त होती है तो घर-परिवार सब खुश होता है लेकिन असफलता का सामना आपको अकेले करना पड़ता है। अगर आप सफल हो गए तो समाज में आपकी इज्जत होगी, लोगों का आपके साथ व्यवहार परिवर्तित हो जायेगा लेकिन असफल रहने पर आपको बेरोजगार, ठलुआ जैसी संज्ञा मिलेगी। यह भी मायने रखता है कि आपने सफलता प्राप्त करने के लिए कितना प्रयत्न किया? यदि आपने पूरे समर्पण भाव से मेहनत की है फिर भी आप अपने मनपसंद क्षेत्र में सफल नहीं हुए तो ये मान लीजिए कि आपने अपने सपने को पूरा करने के लिए जो ज्ञानार्जन किया है वह आपके भावी जीवन में बहुत काम आने वाला है। वही ज्ञान किसी अन्य क्षेत्र में आपके भविष्य निर्माण में सहायक हो सकता है।

परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दर्शाता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर ज़ोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है। रिकॉर्ड तोड़ने के दबाव का सामना करने वाले एथलीट के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय डोपिंग का सहारा लेने का खतरा रहता है। परिणामों पर जोर देने से क्रमिक शिक्षा और सुधार



**परिणाम संचालित समाज में प्रयास अक्सर परिणामों के पीछे चला जाता है। परिणामों पर प्रयास को प्राथमिकता देना योग्यता के सिद्धांत को चुनौती देता है। खेलों में प्रयास दृढ़ता, अनुशासन और निष्पक्षता को दर्शाता है, जो प्रदर्शन पर प्रक्रिया पर ज़ोर देता है। यह दृष्टिकोण मानसिक लचीलापन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देता है जबकि डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसी अनैतिक प्रथाओं के दबाव को कम करता है। नैतिक मूल्यांकन को मापने योग्य परिणामों के साथ प्रयास के आंतरिक मूल्य को संतुलित करना चाहिए। मापे जाने वाले परिणामों के प्रति जुनून, समाज मात्रात्मक सफलता को प्राथमिकता देता है, अक्सर प्रयास के आंतरिक मूल्य और यात्रा में दृढ़ता को अनदेखा करता है। माता-पिता बच्चे के परीक्षा अंकों की प्रशंसा करते हैं लेकिन शायद ही कभी अध्ययन या अवधारणाओं को समझने में बिताए गए समय को स्वीकार करते हैं। परिणामों पर लगातार ध्यान केंद्रित करने से अनावश्यक दबाव बनता है, जिससे तनाव होता है और सुधार या सीखने के लिए आंतरिक प्रेरणा कम हो जाती है।**

**कभी-कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्तवपूर्ण कदम उठाते हैं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरे जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अबतक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज़्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए लिखा गया है-कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।**

का महत्व कम हो जाता है, जिससे सफलता अस्थिर हो जाती है। ऋषभ पंत जैसे क्रिकेटर, जिनकी शुरुआत में अस्थिर प्रदर्शन के लिए आलोचना की गई थी, उन्होंने समय के साथ लगातार सुधार करके सम्मान प्राप्त किया। परिणाम-उन्मुख मानसिकता शॉर्टकट या अनैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है, जिससे निष्पक्षता और खेल भावना खत्म हो जाती है। बॉल-टैम्परिंग जैसे मामले ईमानदारी पर जीत को प्राथमिकता देने की मानसिकता को दर्शाते हैं। समाज विजेताओं का महिमामंडन करता है लेकिन प्रतिभागियों के प्रयासों की उपेक्षा करता है, जिससे खेलों की समावेशिता और एकीकृत भावना कमजोर होती है। कम प्रसिद्ध ओलंपियन जो सर्वश्रेष्ठ देते हैं लेकिन पदक जीतने में विफल रहते हैं, उन्हें स्वर्ण पदक विजेताओं की तुलना में कम मान्यता मिलती है। निष्पक्षता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रयास को महत्व देना सुनिश्चित करता है कि सभी प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त हो, एक समावेशी और सहायक वातावरण को बढ़ावा मिले। पैरालिंपिक खेल दृढ़ता और प्रयास को उजागर करते हैं, पदकों पर भागीदारी पर जोर देते हैं। प्रयास को प्राथमिकता देने से व्यक्तियों को दृढ़ता, विनम्रता और भावनात्मक शक्ति का निर्माण करने में मदद मिलती है, जो व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। नीरज चोपड़ा की विनम्रता और प्रतियोगियों के प्रति सम्मान सिर्फ उनके भाला फेंक रिकॉर्ड से कहीं ज्यादा मनाया जाता है। प्रयास पर ध्यान केंद्रित करने से कौशल वृद्धि और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में स्थायी उपलब्धियाँ मिलती हैं। विराट कोहली की अनुशासित प्रशिक्षण दिनचर्या स्थायी सफलता प्राप्त करने में प्रयास के महत्त्व को दर्शाती है। परिणामों से ज़्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक व्यवहार और नियमों के प्रति सम्मान को बढ़ावा मिलता है, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। उदाहरण के लिए सचिन तेंदुलकर का स्लेजिंग में शामिल होने से इनकार करना क्रिकेट में अल्पकालिक लाभ की तुलना में नैतिकता को उजागर करता है। प्रयास को स्वीकार करने से सहानुभूति, सहयोग और एकता जैसे मूल्य पैदा होते हैं, जो एक परिपक्व और नैतिक समाज में योगदान करते हैं। 2019 क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के प्रयासों का जश्न मनाने वाले प्रशंसकों ने परिणामों से ज़्यादा प्रयास की सराहना करने की ओर एक बदलाव दिखाया। परिणामों से ज़्यादा प्रयास को महत्त्व देने से नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा मिलता है, खेलों में निष्पक्षता और समावेशिता की संस्कृति का पोषण होता है। यह दीर्घकालिक चरित्र निर्माण को बढ़ावा देता है और अनैतिक शॉर्टकट को रोकता है। हालांकि, एक सूक्ष्म दृष्टिकोण महत्त्वपूर्ण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रयास कौशल विकास और प्रदर्शन लक्ष्यों के साथ संरेखित हों, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बनाए रखा जा सके और साथ ही खेल कौशल और अखंडता को बढ़ावा दिया जा सके।

कभी-कभी हम अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कुछ महत्तवपूर्ण कदम उठाते हैं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर आगे बढ़ते हैं, पूरे जी जान से मेहनत करते हैं ताकि कुछ अच्छा हो लेकिन यह जरूरी नहीं कि आप सफल हो ही जाएँ। सफलता और असफलता दोनों के मौके समान रहते हैं। आप सफल हुए तो आपके अबतक के संघर्ष पर पूर्ण विराम लग जाएगा लेकिन दूसरी स्थिति बहुत विकट होती है जब आप अपनी मेहनत को डूबता हुआ देखते हैं। युवाओं के लिए यह स्थिति और भी ज़्यादा खराब होती है क्योंकि वह ऐसी स्थिति का सामना जीवन में पहली बार कर रहे होते हैं। ऐसे समय में धैर्य और संयम के साथ आगे बढ़ना ही सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे व्यक्ति को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे ही हिम्मती और धैर्यवान लोगों के लिए लिखा गया है-कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# भारत के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग

*प्रियंका सौरभ*

पिछले हफ़्ते से लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज़्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक 135 बिलियन से 150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है।

कैलिफ़ोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने अक्सर जंगल में आग लगने की



घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है।

कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें। समुदाय-आधारित आपदा तैयारी योजनाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करें। सक्रिय वन प्रबंधन रणनीतियाँ विकसित करें जिसमें नियंत्रित जलाना और ईंधन में कमी के उपाय शामिल हों। संधारणीय भूमि उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा दें, प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करें और क्षरित परिदृश्यों को बहाल करें।

जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए शहरी नियोजन प्रथाओं को लागू कर और आपदा तैयारियों में निवेश करके भारत पर्यावरणीय संकटों से जुड़े जोखिमों को कम कर सकता है। भारत में जंगल की आग गंभीर चिंता का विषय है, खासकर मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में, जहाँ शुष्क पर्णपाती वन बहुतायत में हैं। ये आग, मुख्य रूप से अप्रैल और मई में होती है, जो पर्याप्त वनस्पति और कम मिट्टी की नमी के कारण होती है। झूमिंग जैसी पारंपरिक प्रथाएँ पूर्वोत्तर भारत में जंगल की आग का कारण बनती हैं। आग की घटनाओं पर सीमित सांख्यिकीय जानकारी के कारण उपग्रह डेटा महत्त्वपूर्ण है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत जंगल की आग मानवीय गतिविधियों के कारण होती है, जिसके लिए मजबूत रोकथाम रणनीतियों की आवश्यकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## कुम्भ : सत्य सनातन ज्योति प्रज्वलित!

**संजय एम तराणेकर**

कुम्भ में सत्य सनातन ज्योति प्रज्वलित,
न कोई ऊंच न नीच सभी हैं प्रफुल्लित।
इंसानी समुन्दर-सा हुआ यह आयोजन,
ये धर्म ध्वजा की पताका फहरे प्रयोजन।
यहाँ कोई किसी को जानता-पहचानता,
हम सबमें हैं आत्मीयतासा भाव जागता।

कुम्भ में सत्य सनातन ज्योति प्रज्वलित,
न कोई ऊंच न नीच सभी हैं प्रफुल्लित।
सही समझ रहें सब एक-दूजे की बोली,
हे प्रयाग संग-संग सभी हुए हमजोली।
आई ये सब के चेहरों पर मुस्कुराहट है,
ये नई सोच नवभारत की एक आभा है।

कुम्भ में सत्य सनातन ज्योति प्रज्वलित,
न कोई ऊंच न नीच सभी हैं प्रफुल्लित।
देश-दुनिया, विदेशी सनातनी को वंदन,
सकारात्मक ऊर्जा दे रहें माथे पे चंदन।
यहीं अपूर्व दिव्य-शक्ति का हैं आकर्षण,
त्रिवेणी तट पर अमृत रसपान विलक्षण।





# राशिफल

**मेष:-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

**वृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंह:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा।

**तुला:-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक:-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिरिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# कांग्रेस की इंडिया से लड़ाई की घोषणा

*कुलदीप चंद अग्निहोत्री*

राहुल गांधी भारतीय संसद में विपक्ष के नेता हैं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भी नेता हैं। वैसे लोकलाज के लिए कर्नाटक के एक वयोवृद्ध व्यक्ति मल्लिकार्जुन जी को अध्यक्ष के रूप में घोषित किया हुआ है, लेकिन सभी जानते हैं के 'लोकलाज' के बाद असली अध्यक्ष राहुल गांधी ही हैं। राहुल गांधी का एक गुण है। वह अपनी किसी बात को मन में छिपा नहीं पाते। इसलिए लोग उन्हें पप्पू भी कहते थे। जाहिर है कांग्रेस को अपने अध्यक्ष (वह इससे पहले आधिकारिक तौर पर पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं) के लिए यह विशेषण चुभता था। लेकिन इससे छुटकारा कैसे पाया जाए, यह बड़ी समस्या थी। तब किसी 'भलेमानुस' ने सलाह दी कि राहुल गांधी से एक लंबी पैदल यात्रा करवाई जाए। यात्रा से ज्ञान बढ़ता है और लोगों से मिलने-जुलने से व्यावहारिक बुद्धि भी बढ़ती है। पैदल यात्रा सही सलामत संपन्न हो गई। तब मीडिया ने भी लिखना शुरू कर दिया कि राहुल गांधी अब 'मैच्योर' हो गए हैं। उनकी बातों से ऐसा झलकने भी लगा है। पार्टी में खुशयां छा गईं। पचास साल से भी ज्यादा उम्र हो जाने पर भी पार्टी ने अपने नेता व रहबर के 'मैच्योर' होने का भी बाकायदा सार्वजनिक रूप से जश्ननुमा उल्लास प्रकट किया। लेकिन उनमें सांसारिक व व्यावहारिक बुद्धि बढ़ी या नहीं, इस पर संदेह बरकरार रहा। व्यावहारिक आदमी या पार्टी जब किसी योजना को बनाती है, खासकर ऐसी योजना जिसका क्रियान्वयन बहुत ही मुश्किल हो, उसका तब तक खुलासा नहीं करती, जब तक उसके लिए पूरी तैयारी, साधन, सहायक इत्यादि जुटा न लिए जाएं। लगता है राहुल गांधी यात्रा के बाद भी नहीं बदले। लेकिन अब उनको पप्पू नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पप्पू से लोग किसी बड़े काम या योजना की आशा नहीं करते।

यदि कहना ही हो तो उन्हें 'भोला' कहा जा सकता है, जो बिना किसी छल कपट के अपनी सभी योजनाएं अपने विरोधियों को भी बता देता है। राहुल गांधी ने दो दिन पहले यही काम करके अपनी कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी योजना का खुलासा कर दिया। कांग्रेस ने दिल्ली में अपना पुराना दफ्तर छोड़ दिया है और अब नया दफ्तर खोला है। इस अवसर पर राहुल गांधी ने एक सच उगल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा से लड़ रही है, आरएसएस से लड़ रही है। यहां तक तो ठीक था। सभी जानते हैं कि कांग्रेस भाजपा से लड़ रही है। चुनाव बगैरह में यह देखा ही जाता है। कांग्रेस आरएसएस से भी लड़ रही है, यह भी राहुल गांधी कोई नई बात नहीं बता रहे थे। कांग्रेस तो नेहरु के वक्त से ही आरएसएस से लड़ रही है। लेकिन उसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस की भीतर की तैयारी का भी खुलासा कर दिया। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस तो 'इंडियन स्टेट' से लड़ रही है। अब कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि राहुल गांधी भोला है, किसी भी बात को छुपा कर नहीं रख पाता। जब राहुल गांधी अपनी पार्टी का यह घोषणापत्र बता रहे थे तो सामने बैठे कांग्रेस के बुजुर्ग नेता सन्नाटे में थे। सारा गुड़-गोबर कर दिया। समय से पहले ही पार्टी की अंदरूनी योजना जगजाहिर कर दी। अब लड़ाई कितनी मुश्किल हो जाएगी? दरअसल इंडिया स्टेट से की जाने वाली यह लड़ाई नई नहीं है। यह लड़ाई आठवीं शताब्दी में अरबों ने शुरू की थी। उसके बाद तुर्कों ने इसे जारी रखा। इसके बाद मुगल आए। उसके साथ ही पुर्तगालियों ने इंडिया स्टेट के खिलाफ यह लड़ाई जारी रखी। पुर्तगाल के बाद फ्रांस और ब्रिटेन ने इंडिया स्टेट के खिलाफ लड़ाई जारी रखी। 1947 में अंग्रेज कांग्रेस को सत्ता का हस्तांतरण करने के बाद यहां से चले गए। तब भारत के लोगों ने समझा था कि शताब्दियों से चली आ रही इंडिया स्टेट के खिलाफ यह लड़ाई समाप्त हो गई है। लेकिन अब इंडियन नैशनल कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने यह रहस्योद्घाटन करके सबको चौंका दिया है कि कांग्रेस तो वास्तव में इंडियन स्टेट से ही लड़ रही है। सबसे दुख की बात तो यह है कि जिस पार्टी का नाम 'इंडियन' है, वही पार्टी 'इंडियन स्टेट' से लड़ रही है। इससे तो लगता है कि पार्टी ने अपने नाम के आगे इंडियन और नैशनल जो दो शब्द लगा रखे हैं, वे आम लोगों को धोखा देने के लिए हैं। वैसे राहुल गांधी ने यह खुलासा नहीं किया कि पार्टी ने इंडियन स्टेट के खिलाफ जो लड़ाई छेड़ रखी है, वह 1947 से ही चली हुई है या फिर जब से कांग्रेस पर सोनिया गांधी परिवार का कब्जा हुआ है, तब से पार्टी ने अपना ध्येय और रास्ता बदला है। देश में और भी कई संगठन हैं जिन्होंने इंडियन स्टेट से युद्ध की घोषणा कर रखी है। उदाहरण के लिए विविध नक्सलवादी ग्रुप हैं, कुछ चरमपंथी इस्लामी संगठन, मसलन आईएसआईएस हैं। इनके अतिरिक्त 'भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार' का उद्देश्य लेकर काम करने वाले छोटे-छोटे समूह हैं। विदेशों की कुछ नाम-अनाम शक्तियों ने भी इंडियन स्टेट के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है।

चीन तो सीमा पर हमला ही करता है। इस पृष्ठभूमि में राहुल गांधी का रहस्योद्घाटन सचमुच चिंता पैदा करता है। इंडियन स्टेट से लडने वाले अन्य समूह व पार्टियां खुल कर काम कर रही थीं। इससे भारतीय उनका मुकाबला भी करते हैं। लेकिन अब राहुल गांधी का कहना है कि उनकी पार्टी भी इसी काम में लगी हुई है। इसलिए यह सारा मामला गंभीर हो जाता है और सरकार को बाकायदा इसकी जांच करवानी चाहिए कि कांग्रेस ने क्या इंडियन स्टेट से लड़ने वाले अन्य समूहों से गठजोड़ तो नहीं बना लिया है? यह तो अच्छा हुआ कि राहुल गांधी ने अपने भोलेपन में पार्टी की इस भीतरी नीति का खुलासा समय से पहले ही कर दिया, अन्यथा मामला और गंभीर हो जाता। अमेरिका में बैठे जार्ज सोरोस इंडियन स्टेट से लड़ ही रहे हैं। दो दिन के बाद भूतपूर्व हो जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने इस सोरोस को अमेरिका का सबसे बड़ा सम्मान देकर उसका कद भी बढ़ाया है। विदेशों में ऐसे कई सोरोस हैं जो भारत से दुखी हैं। क्या इसे संयोग कहा जाए कि राहुल गांधी जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं तो कोई नई योजना लेकर आते हैं। कांग्रेस को यह भी समझ लेना चाहिए कि इंडियन स्टेट से लड़ाई करके वह सत्ता हासिल नहीं कर सकती है। इसके विपरीत ऐसा करके वह कुछ लोगों को खुश तो कर सकती है, लेकिन इससे न कांग्रेस का भला होगा, न ही भारत को कोई लाभ होगा। साथ ही ऐसा करके कांग्रेस की भारतीय मतदाताओं में साख भी गिरेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये।उन्होंने कहा कि सभी क्षय रोगियों की नियमित जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत - प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए।

जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाए तथा 0-1साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100फीसद भुगतान कराया जाये। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन को चेक किया जाए। जिलाधिकारी नें बच्चों के टीकाकरण में खराब स्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण को बढ़ाया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा टीवी मरीजों को पोषण पाटली योजना के अंतर्गत 10 लोगों को पोषण किट उपलब्ध कराई गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसेफ सरफराज खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भाईचारा बनाने के लिए बुंदेलखंड से निकाली गयी जन अधिकार पार्टी की रैली

▸ कई गावों में लोगों को किया संबोधित

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में चल रही भाईचारा बनाओ यात्रा आज क्षेत्र के तमाम गांवों से होती हुई राठ पहुंची। जहां पार्टी कार्यकर्ताओं सहित तमाम लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा की पत्नी शिवकन्या कुशवाहा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चल रही भाईचारा बनाओ यात्रा क्षेत्र के सरसई ममना धौहल और जरिया गांवों से होते हुए राठ पहुंची। यात्रा को संबोधित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान सरकार के लोग संविधान और बाबा साहब पर जिस तरीके की टिप्पणियां कर रहे हैं। उससे उनके मंसूबे साफ हैं कि वह संविधान को खत्म करना चाहते हैं और दलित अल्पसंख्यक पिछड़े और आदिवासी समाज के हक खत्म करना चाहते हैं। ये यात्रा समाज में भाईचारा बनाए रखने के लिए निकाली जा रही पार्टी की राष्ट्रीय मुख्यमहासचिव डॉ. संतोष सिंह लोधी ने संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ही है जो लगातार गरीब और पिछड़ों की लड़ाई लड़ती आ रही है। यात्रा की शुरुआत उन्होंने बुंदेलखंड से की है। जिसमें उनके साथ चलने वाले लोगों का जगह जगह स्वागत भी हो रहा है और भारी सैलाब भी उमड़ रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सपा की महापंचायत में केंद्रीय गृहमंत्री के बयान की निंदा



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को नगर के जहानाबाद रोड पर स्थित पीडीए विड्सन रिजार्ट घाटमपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में संसद में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में रोष व्यक्त किया गया साथ ही पूरे घाटमपुर विधानसभा में सेक्टर वार कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब के अपमान के बारे में पीडीए समाज को जागरुक करने व सविधान निर्माता का अपमान नहीं सहेगा। हिंदुस्तान के नारे के साथ विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रणनीति तैयार किया गया जिसमे मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, महासचिव अमर सिंह यादव,पूर्व विधायक इंद्रजीत कोरी, प्रवीण पंकज, मीना संखवार, अनिल सोनकर वारसी, शैलू सोनकर, मनोज यादव, गुलाब सिंह, राजकुमार कुशवाहा, विजय पटेल, विरजन बाबू सचान, मुखिया उमराव, सुशील पाल, रामपूजन चौरसिया, रामबाबू यादव, महेंद्र यादव, श्रीपाल, शिवशंकर पाल, प्रेम प्रजापति, अजय संखवार, मंजुलता,नीलम संखवार आदि लोग मौजूद रहे।

### जितेंद्र प्रताप सिंह डीएम कानपुर नगर बने



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार देर रात कानपुर नगर के जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया, उनके स्थान पर बागपत के डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को कानपुर नगर का नया जिला अधिकारी बनाया गया है जबकि जिलाधिकारी कानपुर नगर राकेश कुमार सिह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है नवागंतुक जिलाधिकारी कानपुर देहात के भी जिला अधिकारी रहे है।

### प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**राठ(हमीरपुर)।** दृढ़ोमर वैश्य जानकी कुंड धर्मशाला चित्रकूट की नौ मार्च को तुलसी पीठ चित्रकूट में आमसभा को लेकर वैश्य समाज के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप कुमार गुप्ता ने आवास पर प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि दृढ़ोमर वैश्य जानकी कुंड धर्मशाला ट्रस्ट की आमसभा 9 मार्च 25 को तुलसी पीठ चित्रकूट में सम्पन्न होंगी। जिसकी अध्यक्षता धर्मशाला के निवर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता एवं मुख्य अतिथि डॉ रामगोपाल गुप्ता होंगे। आमसभा का संयोजक काशी प्रसाद गुप्ता को बनाया गया है। सहसंयोजक रमेश चंद्र गुप्ता छतरपुर एवं कामेश गुप्ता राठ होंगे।

### इंगोहटा में चोरों का कहर, डेढ़ लाख की 16 बकरियां चोरी

**सुमेरपुर।** ग्राम इंगोहटा में बीती रात अज्ञात चोर एक पशुपालक के पशुबाड़े में बंधी डेढ़ लाख कीमत की बकरी चोरी कर ले गए पीड़ित पशुपालक ने पुलिस को घटना से अवगत कराया है। इंगोहटा निवासी सुंदर लाल कुटार बकरी पालन करके अपने परिवार का भरण.पोषण करता उसके पशुबाड़े से गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने डेढ़ लाख रुपए की 16 बकरियां चोरी कर लीं। सभी बकरियां पशुबाड़े में बंधी थीं। पशुपालक रात को बकरियों को बाड़े में बंद कर अपने बगल में स्थित अपने घर चला आया था सुबह जब उसने बाड़े में जाकर देखा तो सभी बकरियां गायब थीं। बाड़े के पास पहियों के निशान देखकर अंदेशा हुआ कि चोर लोडर वाहन में बकरियों को लादकर ले गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में बकरी चोरों का गिरोह काफी दिनों से सक्रिय है और पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित सुंदर लाल ने पुलिस को घटना की जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई है।

### गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी ग्रामीण ने पुत्र के गायब होने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी शिवकरन पुत्र स्वर्गीय बंशीलाल ने थाने में बताया कि मेरा पुत्र ऋतिक उम्र 20 वर्ष 9 दिसंबर 2024 से बिना बताए घर से चला गया था। उसकी खोजबीन रिश्तेदारी सहित कई जगह की लेकिन अभी तक उसका पता नही चल पा रहा है।न ही वह वापस आया है। फोन भी नही किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है।

### छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के उमराहट ग्राम पंचायत के मजरा भैदन डेरा निवासी महिला ने घर में घुसकर बुरी नीयत से छेड़खानी करने की रिपोर्ट महिला ने दर्ज करायी है। क्षेत्र के भैदन डेरा मजरा निवासी महिला ने थाने में बताया कि हरौली पुर गांव निवासी अमित शुक्ला पुत्र महेंद्र शुक्ला ने बुधवार की शाम घर में घुसकर बुरी नीयत से पकड़ कर अश्लील हरकत व छेड़खानी की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर मौके से भाग गया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शराबियों ने फसल की नष्ट, पुलिस से शिकायत

**राठ।** कोतवाली के पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र मोहनदास राजपूत ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे उसके खेत के पास स्थित देशी शराब के ठेके पर बाइक पर सवार चार युवक आए। बाइक खड़ी करके शराब पी। बताया कि शराब पीने के बाद उक्त युवकों ने उसकी आधा बीघा की सरसों की फसल पैरों से रौंद कर नष्ट कर दी। जब वह खेत पर गया और विरोध किया तो उक्त युवक गाली गलौज करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर उक्त युवक भाग खड़े हुए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### उपरौस मैदान बना गाड़ी पार्किंग का अड्डा



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे का उपरौस इमाम चौक मैदान गाड़ी पार्किंग का अड्डा बन गया है जिसको लेकर ईदगाह के सदर ने उपजिलाधिकारी को एक पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटवाने की मांग की है जिसपर उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच के बाद कार्यवाही करने का आदेश दिया है। कस्बे के भीतर सबसे बड़े मैदान उपरौस इमाम चौक बीते कुछ समय से अवैध पार्किंग हब बन गया है। जिसके चलते बच्चे मैदान में खेलने से वंचित हो रहे हैं। इतना ही नहीं उक्त मैदान में अपने वाहनों की पार्किंग को लोगों ने अपना अधिकार बनाते हुए प्रतिष्ठा से भी जोड़ दिया है जिसके चलते ईदगाह कमेटी के सदर और उपरौस निवासी जावेद अख्तर ने उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवैध पार्किंग हटाने की मांग की है जिसपर उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को जांच के बाद कार्यवाही करने का आदेश दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। बताते चलें कि इस समय कस्बे के हर मोहल्ले में स्थित छोटे छोटे मैदान भी अवैध पार्किंग बन गए हैं जिसके चलते न तो मैदानों में बच्चे खेल पा रहे हैं और न ही वृद्ध धूप सेंक पा रहे हैं।

## चोरों ने लाखों का सामान किया पार, पुलिस से शिकायत

**राठ।** क्षेत्र के दो स्थानों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। चोरों ने एक घर से सोने चांदी के जेवरात व दूसरी जगह से खेत में लगी शोर्य ऊर्जा की प्लेट चोरी करके ले गए। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी है। मझगवां थाने के मल्हेटा गांव निवासी कुलदीप सिंह पुत्र जयमंगल सिंह ने बताया कि गुरुवार को उसके घर पर कोई नहीं था। घर में ताला लगा हुआ था। बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे चोर ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोर घर से सोने की चेन, सोने की झुमकी, दो अंगूठी, चांदी की पायल चोरी करके ले गए हैं। मझगवां थानाध्यक्ष शिव सहाय सरोज ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। वहीं कोतवाली के औड़ेरा गांव निवासी रविशंकर पुत्र बारेलाल पांचाल ने बताया कि शुक्रवार की तड़के उसके खेत में लगी सोलर पंप की चार प्लेट चोर चोरी करके ले गए। जिनकी कीमत करीब 15 हजार रुपए है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

# शैशव अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, कुपोषण से होने वाली मौतों पर चिंता जतायी

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शैशव अभियान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कस्बे के बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र से आई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने एक कदम कुपोषण की ओर अभियान को गति प्रदान करने के लिए भारी संख्या में उपस्थित होकर शासन की मंसूबों को गति प्रदान करने की कोशिश की। वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कुपोषण से होने वाली मौत पर चिंता प्रकट करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री को जागरुक किया। शासन की मंशा के अनुरूप जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन कस्बे के बाल विकास परियोजना कार्यालय में तीन दिवसीय शैशव अभियान के प्रशिक्षण में बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपन्न हुआ।लगभग दो सैकड़ा से अधिक केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग करते हुए कुपोषण से होने वाली मौत एवं चिन्हित बच्चों को उचित उपचार करने के बारे में जागरूक किया गया बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति भिलावरे ने बताया कि शैशव अभियान में आंगनबाड़ियों को कुपोषण बच्चों को चिन्हित कर उचित उपचार के बारे में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग के जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह एवं अधीक्षक रजत रंजन तिवारी के माध्यम से आंगनवाड़ी को 106 वयस्क वजन मशीन एवं 88 छोटे बच्चों के वजन मशीन को उपलब्ध कराया गया है जिससे आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को नाप तोलकर कुपोषित बच्चों की पहचान करने में सहायता मिलेगी और ऐसे चिन्हित बच्चों का उपचार सही ढंग से किया जा सकेगा। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शरीफ उद्दीन मुख्य सेविका अनीता सुधा गीता पवन बाबू सहित भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पतारा गांव में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना की जानकारी दी

▸ 35 हजार के बिल जमा कराए, 82 बकायेदारों के संयोजन काटे, 27 ओटीएस पंजीकरण

**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के पतारा गांव में एक मुश्त समाधान योजना के तहत अधिशाषी अभियंता एन प्रसाद के नेतृत्व में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी देते हुए 27 ओटीएस पंजीकरण किए, साथ ही विभागीय कर्मचारियों ने बकायेदारों के संयोजन काटे। अवर अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार आज ग्राम पतारा में कैंप लगा कर उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी। लगभग 35 हजार के बिल जमा कराये और 82 बकायेदारों के संयोजन काटे। कैम्प के दौरान सीए पवन कुमार, अवर अभियंता अशोक कुमारए टीजी.2 अवधेश कुमार, भवानीदीन दीपक साहनी, अलोक कुमार, शिवम सोनी, सुनील कुमार मीटर रीडर अनुरुद्ध शिवम परिहार, आशीष कुमार, प्रेम सिंह, लाइन मैन राजेंद्र चौरसिया आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीड़ देखकर सेंटर चालक शटर गिराकर भागा, अभिभावक हुये निराश, एसडीएम से शिकायत

**राठ, समृद्धि न्यूज़।**



आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय स्थित आधार कार्ड सेंटर में बच्चों सहित अभिभावकों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ देखकर सेंटर संचालक ताला लगाकर भाग खड़ा हुआ। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने तहसील परिसर में पहुंच विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में शिकायत की।

क्षेत्र के पहाड़ी वीर गांव निवासी अनीता ने बताया कि वह अपने बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए चार दिनों से परेशान हैं। लेकिन उनके बच्चों के आधार कार्ड अपडेट नहीं हो रहे हैं। वहीं कस्बा निवासी जेवा रजिया परवाना मंजू मोमिन बेगम चंद्रकली रेशमा रिजवाना शाहीन ने बताया कि राशनकार्ड में नाम जुड़वाने के लिए बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने के परेशान हैं। जब वह आधार कार्ड सेंटर में जाते हैं तो संचालक ताला लगाकर भाग जाता है। बताया कि वह लोग चार दिनों से आधार कार्ड केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। शुक्रवार दर्जनों लोगों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए शिकायत की। इस दौरान इंचार्ज एसडीएम सुकमा प्रसाद विश्वकर्मा अंदर ही बैठे रहे। लोगों से बात भी नहीं की। तहसील कर्मी ने लाइन से आधार अपडेट कराने का आश्वासन दिया।

# मजार के निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों में नाराजगी



**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के मेला ग्राउंड और मंदिर के निकट गांव के कुछ लोगों द्वारा मजार के निर्माण के बाद हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मजार ध्वस्त कराने की मांग की है, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक आशीष सिंह ने संगठन के दर्जनों युवाओं के साथ उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के भमई गांव में गांव के मुंशी अनुरागी और बक्छा के बउवा यादव सहित अन्य लोगों ने खलिहान और मेला ग्राउंड में सत्तीमाता मंदिर के निकट षड़यंत्र के तहत एक मजार का निर्माण कर दिया है जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है और गांव की शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका है। इसलिए मजार को ध्वस्त कराना आवश्यक है।इस मामले में उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि गांव में किसी तरह का तनाव नहीं है राजस्व विभाग की टीम को जांच के लिए भेजा गया है जांच के बाद जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी वह की जाएगी।

# पुजारी ने मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मंदिर के पुजारी ने तीन अज्ञात युवकों पर मारपीट कर रुपए छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पुजारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के सरसेड़ा बहगांव मंदिर के पुजारी शिवानंद महाराज पुत्र ढल्ला ने बताया कि बुधवार की रात करीब नौ बजे वह मंदिर था। तभी तीन अज्ञात युवक मंदिर के अंदर आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप लगाया कि उक्त युवक असलहा दिखाकर मंदिर के चार हजार रुपए जबरन छीनकर ले गए। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि उनके पास कोई तहरीर नहीं आई हैं।

# हैंडपंप खराब होने से एक-एक बूंद पानी को तरस रहे है ग्रामीण, कोई सुनने वाला नहीं



**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के कंडोर गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वहींहैंडपंप खराब होने से लोग पानी केलिए परेशान है। क्षेत्र के कंडौर गांव में होने वाली पेयजल आपूर्ति पिछले एक सप्ताह से बाधित रहने से ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कृष्ण कुमारए मुमताज खा बच्चा खां आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से पेयजल आपूर्ति समय से नही मिल पा रही है। कभी आ जाती है। प्रतिदिन सप्लाई न मिलने से लोगो को पानी के लिए परेशान रहना पड़ रहा है। लोगो के पानी के लिए लगे हैंडपंप भी खराब होने के कारण लोग परेशान रहते है। गांव निवासी त्यागी सिंह ने बताया कि गांव निवासी अहमद खां के दरवाजे लगा हैंडपंप दस माह से रिबोर की स्थित में शो पीस बनकर रह गया है। जिससे पानी की किल्लत का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। सप्लाई का पानी न आने पर एक मात्र सहारा हैंडपंप है वह भी खराब होने से मोहल्ले के लोगो को दूर से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की पेयजल के लिए आपूर्ति क्षेत्र के रिठारी गांव से होती है। ग्रामीणों ने नियमित पानी की आपूर्ति कराये जाने की मांग जल संस्थान विभाग से की है।

# आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को कैबिनेट की हरी झंडी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ कर्मचारियों की बहु प्रतिक्षित मांग हुई पूरी, 2026 से लागू होगा आठवां वेतन आयोग

▸ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रकट किया आभार


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन पर अपनी मोहर लगा दिया है । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने महोबा में एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि देश का 5 करोड़ से भी अधिक केंद्रीय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी एवं पेंशनर्स आठवें वेतन आयोग की घोषणा का इंतजार कर रहा था। सरकार के इस निर्णय से 5 करोड़ से भी अधिक कर्मचारियों को इस महंगाई के दौर में वेतन वृद्धि की आस जाग उठी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष वैभव मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह , जिला महामंत्री ननकावन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद, राधेश्याम साहू एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा की जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आभार व्यक्त किया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि वेतन आयोग के गठन से कर्मचारियों के वेतन में इजाफा होगा जिससे बढ़ती हुई महंगाई से लड़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से 50त्न महंगाई भत्ते को वेतन में तत्काल मर्ज करने करने की मांग किया है। उन्होंने अवगत कराया है कि पहला वेतन आयोग 1946 में गठित किया गया था जिसके अध्यक्ष श्रीनिवास वरदाचारी थे। दूसरा वेतन आयोग 1957 में जगन्नाथ दास की अध्यक्षता में गठित हुआ था। तीसरा वेतन आयोग रघुबीर दयाल की अध्यक्षता में 1970 में गठित हुआ था। चौथा वेतन आयोग 1983 में पी एन सिंघल की अध्यक्षता में गठित हुआ था। 1994 में पांचवां वेतन आयोग गठित हुआ था जिसके अध्यक्ष रत्नावेल पांडियन थे । छठा वेतन आयोग 2006 में बी कृष्णा की अध्यक्षता में गठित हुआ था जबकि सातवां वेतन आयोग जस्टिस ए के माथुर की अध्यक्षता में 2016 गठित किया गया था। आठवें वेतन आयोग पर केंद्रीय मंत्री मंडल की सहमति 16 जनवरी 2025 को हुई है। अभी आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की घोषणा नहीं की गई है। आशा की जा रही कि शीघ्र ही आठवें वेतन आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की घोषणा भी हो जाएगी। वेतन आयोग कर्मचारियों की महंगाई संबंधी समस्याओं, संवर्गीय संरचना, पदोन्नति अवरोध, कार्य दक्षता, कौशल विकास के अवसर को दृष्टि में रखते हुए संस्तुति करने के लिए गठित किया जाता है।

## पति-पत्नी के विवाद में रिश्तेदार नामजद

**मौदहा, हमीरपुर।** पति पत्नी के बीच हुए विवाद में रिश्तेदारों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि रिश्तेदारों ने घटना से कोई सम्बंध नहीं होने की बात कही है। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी बबलू खान पुत्र नवाब खान ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसे उसकी पत्नी गुड़िया और बांधा मोहल्ला निवासी इरशाद राजू और बबलू ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ लाठी डंडे और चाकू से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वहीं इरशाद राजू ने बताया कि उनका इस मामले में कोई सम्बंध नहीं है और न ही घटना या उसके आगे पीछे वह वहां गए हैं लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है तो वह आलाधिकारियों से इस मामले की शिकायत करेंगे।

# श्रीराम के वनवास पर छलके श्रोताओं के आंसू

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेज में चल रही राम कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने राम वनवास का इतना सचित्र वर्णन किया कि सभी श्रोता रो पड़े भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए प्रसन्न होकर सारा राज-पाट त्याग कर वन चले गये। इससे हमें सीख लेनी चाहिए कि हमें स्वयं की चिंता न करते हुए यदि जरूरत पड़े तो अपने परिवार, समाज व देश के लिए सब कुछ त्याग देना चाहिए । कथा व्यास जी ने विविध चौपाईयों के माध्यम से कहा है कि राजा दशरथ दपर्ण में अपना बुढापा देखकर यह निर्णय लिया है कि अपने समस्त राजपाठ को राम को सौंपकर हमें तपस्या करने चल देना चाहिए भगवान की भक्ति में मन लगाना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि आज के बुजुर्गों को राजा दशरथ से प्रेरणा लेनी चाहिए और शरीर में ताकत रहते ही व आंख की रोशनी रहते ही सारी जिम्मेदारी अपने उत्तराधिकारी को सौंपकर भगवान के सुमिरन में लग जाना चाहिए। राजा दशरथ ने अयोध्या वासियों के समक्ष श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रस्ताव रखा मगर यह कार्य कल पर छोड़ दिया परिणाम काफी दुखद रहा इसलिए पूज्य व्यास जी ने कहा कि अच्छे कार्यो को टालने की जगह शीघ्र करना ही श्रेयष्कर होता है। सभी को सदैव प्रसन्न रहने की प्रेरणा भगवान श्रीराम से लेनी चाहिए। भगवान जहां भी रहते हैं प्रसन्न रहते हैं, दुख उनसे कोसों दूर रहता है। कौशिल्या के उपर प्रकाश डालते हुए व्यास जी ने कहा कि बेटे को वनवास होने के बावजूद भी उन्हें अपने पति की वचन याद रहे। माँ कौशल्या नें किसी को दोषी नहीं बताया बल्कि कहा कि यदि माँ कैकयी ने वन जाने को कहा है तो हे राम वनगमन तुम्हारे लिए सैकड़ो अयोध्या के सगान है। वे कहती है कि सुख और दुख तो अपने ही कारणों से होते हैं। भाई हो तो लक्ष्मण जैसा-कथा प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि भाई हो तो लक्ष्मण जैसा जब भगवान श्रीराम वनवास जा रहे थे तब लक्ष्मण ने अपनी माता से कहा कि में भी वनवास जाना चाहता हूँ, तो माँ ने कहा कि मैं तो सिर्फ जन्म ही दी हूँ लेकिन असली माता-पिताश्री सीताराम हैं। लक्ष्मण भाई श्रीराम के प्रति समर्पित थे। इसलिए व्यास जी ने कहा कि भाई हो तो लक्ष्मण जैसा।जब भगवान श्रीराम लखन एवं सीता सहित वन गमन के लिए निकले तो सभी अयोध्यावासी अपने अपने घरों से भगवान के पीछे निकल पड़े। पूज्य व्यास जी द्वारा जब यह प्रसंग सुनाया गया तो पंण्डाल में उपस्थित सभी श्रोताओं के आँख से आँसू छलक पड़े। रामचरित्र मानस में माँ कैकेयी बहुत ही महान पात्र है यदि माँ कैकेयी नहीं होती तो रामकथा बाल काण्ड में ही समाप्त हो जाती है। कैकेयी माँ ने ममता में साहस भर कर पुत्र के प्रति कठोर स्नेह का दर्शन कराया है। माँ कैकेयी अगर राम को वनवास नहीं कराती तो अखण्ड भारत का स्वरूप मर्यादा से ओत-प्रोत करके रामराज्य की स्थापना नहीं हो पाती। ममता में तनिक कठोरता का होना अनिवार्य है। श्रीराम जी को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में माँ कैकेयी ने अपना अनुराग, भाग और सुहाग सब कुछ समर्पित कर दिया।

# यू-विन पोर्टल में फीडिंग न होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

- आयुष्मान कार्ड में जलालाबाद, हसेरन, छिबरामऊ, और उमर्दा ब्लॉक की प्रगति खराब
- जिलाधिकारी ने टीबी अभियान, आयुष्मान कार्ड, यूविन पोर्टल के संबंध में की समीक्षा


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

टीबी रोगियों का चिन्हांकन एक अच्छी रणनीति बनाकर किया जाए। इस नेशनल कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु सारी ऊर्जा लगा दी जाये। लीडरशिप लेकर सभी एमओआईसी भी अपने-अपने क्षेत्रों में प्लान के अनुसार कार्य करें एवं प्रतिदिन कार्य की समीक्षा करें। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में टीबी अभियान, आयुष्मान कार्ड, यूविन पोर्टल आदि के संबंध में समीक्षा बैठक में कही। कहा कि टीबी रोगियों के चिन्हांकन दौरान साथ में दवाई भी लेकर जाया जाये। हर कैंप में एक डॉक्टर का होना आवश्यक है। स्क्रीनिंग की गति बढ़ाई जाये एवं टेस्टिंग का सुपरविजन बेहतर ढंग से करें। तथा टीम द्वारा की गयी जांच की भी रेंडम जांच कराएं। लैब में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। जिलाधिकारी ने यू-विन पोर्टल की समीक्षा करते हुये कहा कि ब्लाक हसरेन में 123 हुई है। किन्तु पोर्टल पर 109 डिलवरी ही फीड की गई है। इसी प्रकार गुरूसहायगंज में 110 के सापेक्ष पोर्टल पर 40 डिलवरी तथा समधन में 71 के सापेक्ष 42 डिलवरी की फीडिंग पाये जाने पर नाराजगी प्रकट कर सुधार लाएं जाने के कड़े निर्देश दिए। अन्यथा कार्यवाई की जायेगी। जितने बच्चे जन्म ले रहे सभी की शत- प्रतिशत फीडिंग यू-विन पोर्टल पर होनी चाहिए। कहा कि जनपद में 1500 में लगभग 100 बच्चों की फीडिंग अवशेष है। एमओआईसी यू- विन पोर्टल पर फीड डाटा की समीक्षा एएनएम से करें।आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में ब्लाक हसेरन, छिबरामऊ, जलालाबाद, उमर्दा की प्रगति खराब मिली। कहा कि समस्त लाभार्थियों की सूची बनाकर उपलब्ध करा दी गई है। इसके उपरान्त भी स्थिति ठीक नहीं है। सुधार न आने पर कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# निष्पक्षता से करें अभिलेख बनाएं जाने का कार्यः डीएम

- जिलाधिकारी ने गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांवों के भू- अभिलेख बनाने एवं ग्राम सर्वे के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जले हुये गांवों के भू- अभिलेख बनाने की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि विलेजवार टारगेट बनाकर कार्य करें। अभिलेख बनाने में नियम, कानून और अभिलेखों के हिसाब से और पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करें। लोगों को दिखना भी चाहिए कि अभिलेख बनाये जाने का कार्य पूरी निष्पक्षता के साथ हो रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामों में किये जा रहे कार्यों में तेजी लाकर कार्य को समय से पूरा किया जाये। नये गांवों के अभिलेख बनाने का प्रस्ताव तैयार करें। चकबंदी विभाग माहवाइज फाइलों को छांटकर 5 वर्ष से अधिक पुरानी फाइलों के निस्तारण में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने रिकार्ड आपरेशन ग्राम सर्वे की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि गदनपुर बड्डू में प्रपत्र-8 का कार्य शीघ्र कर लिया जाये। एक्शन प्लान बनाकर मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण किया जाये। इसी प्रकार चांदपुर कछोहा के प्रपत्र-7 एवं जलालपुर अमरा में किये जा रहे कार्य को भी शीघ्र पूर्ण किया जाये। कटरी अमीनाबाद के फाइनल नक्शे से मिलानोपरान्त दुरूस्ती एवं स्थलीय जांच का कार्य इसी माह में पूर्ण करें।

# एमआरएफ सेन्टर का डीपीएम ने किया निरीक्षण

## डीपीएम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान को और गति देने को कहा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते स्वच्छ भारत मिशन से नगर में बने रहा एमआरएफ सेन्टर व बैंड बेस्ट प्लांट का डीपीएम ने निरीक्षण कर जल्द कूड़ा निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

समधन नगर के मोहल्ला लोहिया नगर में स्थित एमआरएफ सेन्टर का जिला प्रोग्राम मैनेजर शिवम सिंह ने शुक्रवार दोपहर निरीक्षण किया गया जहां सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा का मशीन से निस्तारण करने का काम कर्मचारियों से शुरू करने को कहा है। साथ ही उन्होंने सैय्यदवाड़ा में बने पिंक शौचालय का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने चेन टेकर से साफ-सफाई करने के निर्देश दिये गये इसके बाद बेड बेस्ट प्लांट निर्माणाधीन भवन को जल्द पूरा करने को कहा है डीपीएम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में चल रहे अभियान को और गति देने को कहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अंकित कुमार दुबे, विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ, बकार अहमद, रफ़ी अहमद, सफाई नायक सुनील कुमार व नरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।


बेंड बेस्ट प्लांट का निरीक्षण करते डीपीएम शिवम सिंह

# जिला अध्यक्ष ने भट्टे मजदूरों को वितरित किए कंबल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खड़के की सर्दी में गरीब बेसरा भट्टे पर मजदूरी कर रहे मजदूरों को कंबल वितरित किए गए। सराय दायमगंज छिबरामऊ में कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के निर्देश पर कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार कठेरिया एडवोकेट ने सर्दी से वचाव के लिए भट्ठा श्रमिकों की महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों कोनये कम्बल,नये गरम मोजे, हाथों के नये गरम दस्ताने,व नयी मरम टोपियां बांटी नये गरम कपड़े पाकर भट्ठा श्रमिकों के बच्चों, महिलाओं,व बुजुर्गों के चेहरे खिले इस अवसर पर कठेरिया समाज कल्याण समिति कन्नौज के जिला सचिव अशोक कुमार कठेरिया, जिला संगठन मंत्री सुभाष चन्द्र उर्फ बल्लू कठेरिया व अजीत कुमार मौजूद रहे।



# अधिवक्ताओं के साथ टाईपिस्ट, मुंशी भी हड़ताल में शामिल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस के खिलाफ चलाए जा रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में अब तहसील व वाह्य न्यायालय परिसर में काम कर रहे टाइपिस्ट, मुंशी व स्टांप वेंडर भी शनिवार से शामिल होंगे। बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सदस्य अधिवक्ताओं पर राजनैतिक दबाव में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमों से नाराज पदाधिकारियों ने 13 जनवरी से धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। समस्या का समाधान न होने पर अधिवक्ताओं ने अब पुलिस के खिलाफ आर पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया और मुकदमे वापस न होने तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। शनिवार से तहसील परिसर एवं वाह्य न्यायालय परिसर में कार्य कर रहे टाईपिस्ट, मुंशी एवं स्टाम्प वेंडर भी अधिवक्ताओं द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में समर्थन देगें और कोई कार्य नहीं करेंगे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश यादव ने किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन को शिवराम सिंह चौहान, शिवनाथ सिंह यादव, जयवीर सिंह यादव, दुर्गा नारायन सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव हजेला, संजीव दुबे, राजेश शाक्य, पुरूषोत्तम तिवारी, रामसेवक वर्मा, रवी वर्मा, चंद्रजीत यादव सहित कई अधिवक्ताओं ने सम्बोधित किया।इस दौरान प्रमोद दुबे, मुकेश पाण्डेय, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप चौहान, दिनेश सिंह बैस, हरिशरण शाक्य, इवने अली, हिमांशु शर्मा, अंकुर मिश्रा, अमित दुबे,अनिल यादव, नरेंद्र शाक्य, राजवीर यादव, रूपेश दुबे, अनुज यादव, गुलाम हुसैन, सतेन्द्र बौद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, योगेन्द्र कुमार, अरवेश सिंह, विकास यादव, हरिनंदन यादव, राजेश यादव, योगेन्द्र यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।




# शराब के नशे में महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के नशे में युवक ने महिला के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासिनी गोमती देवी पत्नी रमेश चंद्र ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 16 जनवरी की शाम करीब 09 बजे मोहल्ले के ही एक युवक ने शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# यातायात पुलिस ने ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को दिया प्रशिक्षण

- वॉलिंटियर्स आज से अभियान चलाकर जनता को नियमों के प्रति करेंगे जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क सुरक्षा माह में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए। ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को यातायात का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह वॉलिंटियर्स आज से पांच दिन तक अभियान चलाकर आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगें। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित ट्रैफिक कमांड सेंटर में जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के सहयोग से यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने 28 ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को यातायात का विशेष प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्राप्त वॉलिंटियर्स जनता को यातायात नियमों के प्रति अभियान चलाकर जागरूक करेंगे। सभी वॉलिंटियर्स स्वेच्छा से स्वयं सेवा प्रदान कर यातायात पुलिस का सहयोग करना चाहते हैं। यातायात प्रभारी ने प्रशिक्षण देने के उपरांत जो वॉलिंटियर्स बाइक लेकर बिना हेलमेट धारण किए आए थे। यातायात प्रभारी ने सभी को निः शुल्क हेलमेट प्रदान किए। प्रभारी ने बताया कि यह सभी वॉलिंटियर्स आज से पांच दिन का अभियान चलाकर जनपद की जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे।


वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण देते यातायात प्रभारी

# हादसों का कारण पता लगाने के लिए सड़क का किया निरीक्षण

## एआरटीओ, ए.ई और यातायात प्रभारी ने सौरिख तिराहे से इंदरगढ़ तिराहा तिर्वा तक सड़क का निरीक्षण किया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क दुर्घटनाओं का कारण पता लगाने के लिए सड़क का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा रोड सेफ्टी की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एआरटीओ इज्या तिवारी व ए ई नसीम अहमद और यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने सौरिख तिराहे से कड़ा रायपुर, किसयी जगदीशपुर (नहर पुलिया), अर्जुनपुर पुलिया मढ़पुरा, अगौस, कनौली, बछ्ज्जापुर बाजार, सरैया मोड़ तिर्वा से इंदरगढ़ तिराहा तिर्वा तक की सड़क पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से सड़क दुर्घटनाओं के बारे में चिन्हित स्थानों के आसपास जानकारी ली गई। कि किन कारणों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क की बनावट में यदि कहीं खराबी है।

तो उसको दूर करने के लिए संबंधित सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग को नोट कराया गया। जहां पर सड़क चिन्ह की आवश्यकता या रंबल स्ट्रिप की आवश्यकता है या साइनेज़ बोर्ड की आवश्यकता है। उसको नोट करा कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। और बहुत जल्द चिन्हित स्थानों पर कार्य कराकर दुर्घटनाओं को कम करने का प्रयास किया जाएगा।


सड़क का निरीक्षण करती एआरटीओ इज्या तिवारी व मौजूद अन्य

# धूप ने बिखेरी चमक, तो कम हुई सर्दी की धमक

- सुबह-सवेरे खिली धूप ने लोगों को दिलाई सर्दी से राहत
- मौसम विभाग ने घने कोहरे का जारी किया ऑरेंज और यलो अलर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मौसम का मिजाज लगातार बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। कभी बारिश, कभी घने बादल और कभी धूप के बीच ठण्ड भी अपने चरम पर है। कल बूंदाबांदी होने से आज का मौसम खुशनुमा बना हुआ है। आज सुबह से ही मौसम साफ़ होने से तेज धूप निकली है। जिससे जनपदवासियों ने राहत ही सांस ली। सर्दी के मौसम में सुबह कोहरे की बजाय धूप खिल गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों सर्दी के तीखे तेवर शुक्रवार को ढीले पड़ गए। पिछले 05 दिनों के बाद खिली धूप ने लोगो को काफी हद तक सर्दी और गलन से निजात दिलाई। गुरुवार को सुबह से ही तेज गलन रही। जिससे लोग कांप उठे। लोगों की हिम्मत रजाई से निकलने की नहीं हो रही थी। हालत यह थी कि लोगों को हाथ पैर सेंकने के लिए आग का सहारा लेना पड़ा। जो लोग जरूरी काम से निकले वह सर्दी से बचाव किए हुए थे। सर्दी की वजह से मजदूरों व राहगीरों को खासी मुसीबत रही। लोग सुबह से ही अलाव तापते नजर आए। शुक्रवार को कोहरे की धुंध न होने से जल्दी ही धूप निकल आई। जिससे लोगों ने खासी राहत महसूस की। हालांकि राहत सिर्फ धूप में बैठने पर ही मिल रही थी। तेज धूप के खिलने और सर्द हवाओं का प्रवाह थमने के कारण लोग भी खिले-खिले नजर आए। बड़े-बुजुर्गों ने भी घरों के खुले अहातों व छतों आदि पर बैठ कर सर्दी की धूप का आनंद लिया और सर्दी से राहत पाई।

कोहरा नहीं होने व तेज़ धूप निकलने से अन्य कामगारों को काफी हद तक राहत मिल गई। सुबह 11 बजे के बाद तो शीतकाल का असर बहुत मंदा पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी कई दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा और सर्दी से राहत मिलने की सम्भावना बहुत कम है।

# वैज्ञानिकों ने आलू की फसल का किया निरीक्षण, दिए रोगों से बचाव के टिप्स

- वैज्ञानिक बोले, यदि मौसम खराब होता है तो आलू में झुलसा रोग की संभावना

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह एवं मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने आलू में झुलसा रोग की संभावना को देखते हुए ग्राम सियरमऊ, बहेलियन पुरवा एवं डिगसरा ग्रामों का भ्रमण कर आलू की फसल का निरीक्षण किया। मौसम को देखते हुए पिछेती झुलसा रोग की संभावना व्यक्त। उन्होंने बताया कि इस समय न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेंटीग्रेड, अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेंटीग्रेड तथा आद्रता 95 प्रतिशत है। इस स्थिति में पिछेती झुलसा की संभावना कम है परंतु यदि तापक्रम थोड़ा और नीचे आता है और वर्षा हो जाती है तो पिछेती झुलसा रोग की संभावना बढ़ सकती है। यदि मौसम पिछेती झुलसा रोग के अनुकूल हो तो बचाव हेतु मैंकोजैव की 2 से 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें तथा झुलसा रोग के लक्षण होने पर ही मेटालेक्सिल 8 प्रतिशत + मैंकोजैब 64 प्रतिशत मैंकोजैव (रिडोमिल गोल्ड) 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के साथ स्प्रे करे अथवा साईमोक्सेलिन 8 प्रतिशत + मैंकोजैव 64प्रतिशत डब्लूपी 2.5 से 3 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। जिन किसान भाइयों की आलू की फसल 60 दिन से अधिक हुई है वह किसान भाई यूरिया का प्रयोग न करें । यदि फसल कमजोर है तो खड़ी फसल में 60 दिन के बाद एन.पी.के. (0:52:34) को 1 कि.ग्रा. प्रति एकड़ के दर से प्रयोग करे। यदि बुवाई के समय कम पोटाश का प्रयोग किया गया है तो फसल के 60 दिन से अधिक की अवस्था पर एन.पी.के. (0:0:50) का 1 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से प्रयोग कर सकते हैं।आलू की फसल को पाला बहुत अधिक प्रभावित करता है। तापमान 7 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तथा आद्रता 80 प्रतिशत से कम होने तथा मौसम दिन के समय साफ व आसमान खुला रहता है तो रात में पाला की संभावना बढ़ती है । इसके लिये हल्की सिंचाई अवश्य करें। परंतु पिछेती झुलसा रोग लगने पर सिंचाई रोक दें। जिन खेतों में फोमा झुलसा (परपरा) की समस्या है जिसमें आलू की पत्तियों पर छोटे-छोटे धब्बे बनते हैं तथा किनारे से सुखना प्रारंभ हो जाती है। ऐसी स्थिति में किसान भाई मैंकोजैब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ स्प्रे करे तथा 45 से 50 दिन की फसल पर 1 प्रतिशत यूरिया (10 ग्राम प्रति लीटर पानी) की दर से स्प्रे करे अथवा एनपीके (13:0:45) की 1 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें।


भ्रमण कर आलू की फसल का निरीक्षण करते वैज्ञानिक

# हाइवे पर पलटा साबुन लेकर जा रहा टेंपो, दो घायल

- हाइवे के इंदुईयागंज स्थित ओवरब्रिज पर हुई दुर्घटना

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तेज गति से आ रहा साबुन लदा हुआ टेंपो हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां एक घायल की गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की दोपहर 1.20 पर इंदुइयागंज ओवर ब्रिज पर साबुन से लदा हुआ टेंपो कन्नौज की ओर जा रहा था। तभी तेज गति से आ रहा टैंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना माधवगंज के ग्राम निभामऊ निवासी 28 वर्षीय अनुराग पुत्र बाबूराम और 23 वर्षीय इरफान पुत्र इस्माइल निवासी जनपद एटा थाना अवागढ़ के ग्राम भूराकिला घायल हो गए। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते अनुराग पुत्र बाबूराम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया और इरफान का इलाज जारी है। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टैंपो को हाइवे से हटवाकर आवागमन बहाल कराया।


हाइवे पर पलटा पड़ा टैंपो।

## उपजिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात

**छिबरामऊ।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार दुबे ने धरना स्थल पर पहुंच कर अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह सहित बार एसोसिएशन के अन्य वरिष्ठ सदस्यों से वार्ता की और अधिवक्ताओं की समस्याओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

## बार एसो. मैनपुरी ने धरना प्रदर्शन को दिया समर्थन

**छिबरामऊ।** बार एसोसिएशन मैनपुरी के अध्यक्ष सौरभ यादव ने शुक्रवार को धरना स्थल पर पहुंच कर बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस के उत्पीड़न के विरोध में अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन का वह समर्थन करते हैं।

## उपजिलाधिकारी के समक्ष पहुंचा जमीन कब्जे का मामला

**छिबरामऊ।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह के समझ बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सदस्य तनवीर अहमद की जमीन पर सिविल जज सीनियर डिवीजन कन्नौज न्यायालय के यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बाबजूद सौरिख पुलिस और लेखपाल औरंगजेब ने जमीन पर कब्जा करा दिया। उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार को स्वयं जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए और कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# डेढ़ सौ गरीबों को वितरित किए गए कंबल

- एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने किया वितरण


**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर नगर पालिका सभागार में भीषण ठंड को देखते हुए डेढ़ सौ गरीबों को उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कंबल वितरित किए गए। जिसे पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में शासन के निर्देश पर छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में 150 गरीबों को कंबल वितरण किए गए। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए सरकार की ओर से कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ठंड से बचाव के लिए अन्य योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार राम प्रकाश, लेखपाल कौशल पांडे, अतुल प्रताप सिंह, श्याम नारायण द्विवेदी, कौशल यादव, अभिषेक कटियार, अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार, जगदीश सिंह, दीनानाथ, प्रसनजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।


गरीबों को कंबल बांटते एसडीएम ज्ञानेन्द्र द्विवेदी।

# घायल युवक को कानपुर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**तीन सगे भाइयों सहित सात पर मुकदमा दर्ज, दो हिरासत में**


मौके पर जांच पड़ताल करतीं थानाध्यक्ष

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट में घायल युवक की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में तीन सगे भाईयों सहित 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चपरा में जमीनी रंजिश को लेकर दबंगों ने दिनदहाड़े युवक को कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों के साथ घर में घुसकर आधा दर्जन युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित धीरज पुत्र ब्रजेश ने गांव के ही निवासी मुनेश्वर दयाल, साहबलाल, सालिगराम पुत्रगण रामदास, सुनील पुत्र अमर सिंह, रामसेवक पुत्र राजाराम, रामगोपाल पुत्र वीरसहाय व नीरज पुत्र राजू निवासी मढान के विरुद्ध 15 जनवरी को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया कि दबंग के द्वारा शाम साढे सात बजे एक राय होकर मंजेश व कौशल को गाली-गलौज कर रहे थे। जब पीड़ित के भाई रामशंकर द्वारा गालियां देने से मना किया गया। इस बात से गुस्साएं दबंगों ने पीड़ित के भाई के साथ मारपीट कर दी। जब पीड़ित जान बचाकर घर के अन्दर घुस गया फिर भी दबंग नहीं माने और घर में घुसकर दबंगों ने पीड़ित समेत भाई राम शंकर को लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये राधेश्याम, अवनेश, मंजेश व कौशल को भी घर के अन्दर ही काफी मारापीटा। चीख पुकार पर ब्रजेश व लक्ष्मन के मौके पर आ जाने से उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गए थे। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि साहबलाल के हाथ में टकोरा व सालिगराम के हाथ में कुल्हाड़ी थी व अन्य सभी के हाथों में लाठी-डण्डा थे। घायल होने पर पुलिस ने चार युवकों का मेडिकल परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में कराया। रामशंकर की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहाँ से घायल को हायर सेंटर सैफई से कानपुर लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में युवक की मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुँचकर थाना अध्यक्ष ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की।

उप निरीक्षक कल्लू सिंह ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की मां विमला पत्नी सविता पुत्री पारूल पुत्र प्रांशू, हिमांशु का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि साहबलाल, सालिगराम दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आशुतोष कुमार द्विवेदी फर्रुखाबाद के होंगे नए डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। आशुतोष कुमार द्विवेदी को फर्रुखाबाद का नया जिलाधिकारी बनाया गया है, जबकि फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी को मेरठ भेजा गया है।

ग्रेटर नोएडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को फर्रुखाबाद का जिलाधिकारी बनाया गया है। जबकि फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार सिंह का स्थानांतरण जनपद मेरठ किया गया है। शासन ने 31 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। 2014 से लंबे करियर वाले सिविल सेवक आशुतोष कुमार द्विवेदी आईएएस को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एसीईओ) के रूप में नियुक्त किया गया।


नवागंतुक डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी

मूल रूप से बिहार के रहने वाले आशुतोष कुमार द्विवेदी ने अगस्त 2020 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति हासिल की। एसीईओ के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण के विशेष सचिव के रूप में कार्य किया।

## प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह बने एसडीएम सदर

जनपद में प्रशासनिक फेरबदल लगातार जारी है। देर रात जिलाधिकारी के तबादले के बाद एसडीएम सदर की जगह भी नई तैनाती की गयी। अभी कई और अधिकारी तबादले की लाइन में हैं। दरअसल जनपद में तैनात प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह को एसडीएम सदर बनाया गया है। पूर्व में इस पद पर एसडीएम रजनीकान्त की तैनाती थी। शुक्रवार को युवा अधिकारी महेंद्र सिंह नें अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। उस समय रजनीकान्त भी मौके पर मौजूद रहे।

## मेड़ काटने के विवाद में भाई ने भाई को पीटा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी सत्येन्द्र पुत्र रामस्वरूप ने अपने सगे भाई जितेंद्र व जितेंद्र के पुत्र रवि व सहदेव के विरुद्ध गाली गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का डेढ़ महीने बाद मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 30 नबम्बर 2024 को मेड़ काटने के विवाद में मेरे भाई जितेंद्र ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए मेरे साथ लाठी-डंडों व फावड़े के बेंट से मारपीट की। जिससे मेरे सिर में बंद चोटें आ गईं। पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी।

# स्वास्थ्य विभाग ने संतों को बांटी दवाइयां और ड्रॉप

**मोबाइल मेडिकल टीम ने ब्लडप्रेशर आदि भी किया चेक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


संतों का ब्लडप्रेशर चेक करते चिकित्सक

मेला श्री राम नगरिया में आए हुए साधु और संतों एवं कल्पवासियों। को स्वास्थ्य विभाग टीम ने दवाइयां और ड्रॉप बांटे एवं उनका ब्लड प्रेशर भी चेक किया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयों ने बताया कि सर्वाधिक खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज दवा लेने आये। बदलते मौसम और दिनभर उड़ती धूल के चलते मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगह-जगह पर मोबाइल मेडिकल टीम को तैनात किया गया है। इसके अलावा कई जगह पर स्वास्थ्य विभाग ने अपने कैंप भी लगाए हैं। वहीं मेला कार्यालय के निकट पुल के नीचे मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से होम्योपैथिक, एलोपैथिक और आयुर्वेदिक अस्पताल भी बनाए गए हैं। जहां रोजाना मरीजों को दवाइयां वितरित की जाती हैं। इसके अलावा साधु संतों का समय-समय पर चेकअप भी किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल टीम में डॉ0 पुष्पेंद्र, स्वयंसेवक, रिटायर्ड आर्मी प्रबल शुक्ला, डॉक्टर सर्वेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ0 मानव शर्मा, डॉ0 पंकज फार्मासिस्ट आदि लोगों ने मेला क्षेत्र में जगह-जगह साधु संत और कल्पसियों का चेकअप किया और दवाइयां बाँटीं।

# मेला श्री रामनगरिया में भुने आलू की बहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री रामनगरिया में लोग अन्य व्यंजनों के साथ-साथ आलू का भी जमकर लुत्फ ले रहे हैं। फर्रुखाबाद का आलू मशहूर होने के चलते यहां दूरदराज से आने वाले लोग भले ही अन्य कोई चीज न खायें, लेकिन वह फर्रुखाबादी आलू खाना नहीं भूलते हैं। इसी के चलते यहां पर सैकड़ों की संख्या में आलू की दुकानें सजी हैं।

**यहां आने वाला हर शख्स आलू का उठाता है लुत्फ**

मेला रामनगरिया मे इस बार लगभग एक सैकड़ा दुकानें लगी हैं। जिसमें जनपद के अलावा दूसरे जनपद के लोग भी आलू की दुकानें लगाये हैं। भुना आलू स्वादिष्ट हरी धनिया, टमाटर, हींग की चटनी के साथ बड़े चाव से खाते हैं। साथ ही कई मसाले डालकर नमक तैयार किया जाता है। जिसका स्वाद आलू में चार चांद लगाता है। इस बार मेले में आलू का भाव 100 रुपये प्रति किलो है। भुने आलू की बहार मेले में दिखायी पड़ती है। यहां पर दुकान लगाये दुकानदार रामकिशन निवासी पैहलानी का कहना है कि एक दिन में आलू की खपत करीब 5 कुंतल है। दुकानदारों के अनुसार यह खपत अंतिम दिनों में और बढ़कर 10 कुंतल तक पहुंच जाती है। कई दुकानदार यहां से कमाई करके जाते हैं, वह एक दो महीने बैठकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। एक दुकान को संभालने के लिए परिवार के करीब 8 सदस्य तक लगते हैं। अधिकारी भी मेले में आकर भुने आलू अवश्य खाते हैं। यहा के भुने आलू का स्वाद विदेश के लोग भी चख चुके हैं।



भुने आलू बेचता दुकानदार रामकिशन

# वेंटिलेटर पर चीनी मिल, रिपेयरिंग कर चलायी जा रही मशीनें


मशीनों की मरम्मत करते चीफ इंजीनियर आदि

**देर रात मिल हाउस का पाइप हुआ जाम, काफी रस फैला**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दि किसान सहकारी चीनी मिल में पुरानी मशीनों को रिपेयरिंग कर हर सत्र में गन्ना पेराई का कार्य किया जाता है। मशीनों के रिपेयरिंग के लिए बजट भी आता है। मशीनें पुरानी के कारण आए दिन मशीनों में तकनीकी खराबी आ जाती है। इससे कईं-कई घंटे पेराई कार्य बाधित हो जाता है। हालांकि मिल सत्र को शुरू हुए करीब डेढ़ माह का समय हो चुका है। इस बार पहले पेराई सत्र की तुलना में कम ही तकनीकी खराबी आई है। बुधवार की रात गन्ना पेराई कार्य चल रहा था। जानकारी के मुताबिक देर रात करीब डेढ़ बजे के बाद अचानक मिल हाउस का पाइप जाम हो गया और गन्ने का रस फैलने लगा। मशीन पर कार्य कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारी मौके पर दौड़े और खराबी को सही किया गया। तब रस फैलना बंद हो सका। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। मामले की जानकारी मिल के जीएम व चीफ इंजीनियर को दी गई। सभी मौके पर पहुंचे। मिल प्रशासन ने बताया कि थोड़ा रस फैला था। ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। खराबी सही कर ली गई है।

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा


अस्पताल में भर्ती घायल अमित चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने मां बेटे को घायल कर दिया। घायल ने सिविल अस्पताल लिंजीगंज में अपना उपचार कराया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के अंतर्गत मोहल्ला मौलवी बदन खाँ बजरिया निवासी अमित चौहान व उनकी मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मोहल्ले के ही दबंग ब्रजमोहन सिंह पुत्र रामासरे, विष्णु पुत्र ब्रजमोहन, रामासरे पुत्र नामालूम ने एक राय होकर मारपीट मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल का लिंजीगंज सिविल अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया।

# गरीबों की मसीहा बनी डॉक्टर रूचि वर्मा, बांटे शाल और जूते

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी डॉ. रुचि वर्मा ने क्षेत्र के गांव कल्लू नगला, जंजाली नगला में घूमकर महिलाओं को शाल व जूती वितरित कीं। इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने उन्हें सुखी रहने का आशीर्वाद दिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव कटरी के कल्लू नगला, जंजाली नगला सहित कई गांव में घूम-घूमकर गरीब महिलाओं और बच्चों को शाल उड़ाकर तथा जूते देकर बड़े और बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया। बताते चलें आपको की डॉ. रूचि वर्मा ने कोरोना काल में भी लोगों की खासी मदद की। कोरोना काल में डॉक्टर रुचि वर्मा ने कई गांव में घूम-घूमकर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी राहत सामग्री आदि वितरित की। उनके अनेक कार्यों की लोग सराहना करते हुए नजर आए। डॉक्टर रुचि वर्मा ने बताया कि वह गरीबों तथा असहयों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। यही नहीं उनके अस्पताल पर कोई भी गरीब व्यक्ति यदि पहुंचता है तो निःशुल्क उसका इलाज किया जाता है।


बुजुर्ग महिला को जूती देती डॉ. रुचि वर्मा

# गंगा में गिरने वाला नाला शीघ्र हो बंद नहीं तो होगा आंदोलन : सत्यगिरि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपरा काशी मेला श्री रामनगरिया में कल्पवास करने आए हजारों कल्पवासियों को इन दिनों गंगा में स्नान करना होता है। संतों का कहना है कि गंगा में नाला अभी भी गिर रहा हैं। जिसको शीघ्र ही जिला प्रशासन बंद कराया अन्यथा संत आंदोलन करने के लिए तैयार हैं।

श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरि महाराज ने कहा की जिला प्रशासन शीघ्र ही गंगा में गिर रहे गंदे नाले को बंद कराये अन्यथा संत लोग आंदोलन करेंगे। संतों ने आरोप लगाया कि एनएसटीपी और एसटीपी प्लांट लगने के बावजूद भी गंगा की जलधारा में शहर का गंदा नाला मिल रहा है जिससे हर रोज बीमारियां फैल रही हैं। बताते चलें कि शहर के सैकड़ों कारखाना और शहर के घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाले से होकर गंगा में मिलता है। जिसको लेकर संत कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस विकराल समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिससे संत समाज में रोष व्याप्त है।


चर्चा करते सत्यगिरि महाराज व अन्य संतगण


गंगा में गिर रहा गंदा नाला

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा मिनी कुंभ मेला रामनगरिया

**व्यवस्थाओं के नाम पर खानापूर्ति, सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संत समिति के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने मेला श्री रामनगरिया में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर मेला व्यवस्थापक को चेतावनी दी कि यदि दो तीन दिन में समस्याओं का समाधान न हुआ, तो संत समाज अनशन करने को बाध्य होगा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सत्यगिरि महाराज ने मेला रामनगरिया का भ्रमण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें उन्हें मूलभूत समस्यायें जैसे बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त मिली। जिस पर उन्होंने बैठक कर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित तथा शौचालय व सफाई ठेकेदार अनिल फौजी को चेतावनी दी कि यदि उपरोक्त समस्याओं को दो तीन दिन में निस्तारण नहीं होता है, तो संत समाज अनशन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से आने वाले सरकारी पैसे का बंदरबांट कर लिया जाता है, जबकि मेले में सुविधायें नहीं दी जाती हैं। रात्रि में बिजली न होने से कल्पवासियों व संतों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं शौचालयों की संख्या कम होने से भी समस्यायें आ रही हैं। कुल मिलाकर मेले में काफी अव्यवस्थायें हैं। जिससे संत समाज में आक्रोश देखा गया।


सफाई ठेकेदार से विरोध जताते सत्यगिरि महाराज

# प्रेमी के साथ दो दोस्तों को देख युवती ने कमरे में जाने से किया इन्कार

**युवती के चीखने चिल्लाने पर पड़ोसी ने ललकारा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रिन्टर्स वाली गली में प्रेम प्रंसग के चलते एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के साथ रंगरलिया मनाने के लिए अपने दो साथियों के साथ लेकर आया। प्रेमिका ने प्रेमी के साथ आए दों साथियो को देखकर अन्दर कमरे में जाने से इन्कार करने लगी। जबरन प्रेमी अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमिका को अन्दर कमरे में धक्का देकर करने लगा। उसी दौरान प्रेमिका ने कमरे में जाने से मना करने लगी और अचानक उसकी चीख निकल गई। पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने यह नजारा देख ऊपर छत से आवाज लगाई और कहा कि तुम तीन लोग एक लड़की को जबरन कमरे में क्यों ले जा रहे हो। इसी बात पर प्रेमी ने प्रेमिका को अन्दर धक्का मारकर बाहर से कमरे में ताला लगाकर उसे बन्द करके भाग गए। पड़ोसी नीचे उतरकर आया और उसने कमरे में बाहर से ताला लगा देखा। अन्दर से युवती ने दरवाजा खटखटाते हुए कहा दरवाजा खोलकर हमे निकालो। हमें अन्दर कमरे में बन्द करके भाग गए, तभी एक व्यक्ति ने डायल 112 पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुँची पुलिस ने दरवाजे के गेट में लगा ताला तुड़वाकर युवती को अन्दर कमरे से बाहर निकालकर थाने ले गई। पुलिस ने बताया की कमरे में कोई भी नहीं निकला। मुहल्लेवासियों एवं दुकानदारों ने बताया की एक लड़की को तीन लड़के अपने साथ लेकर आये। वह अन्दर कमरे में नहीं जा रही थी। जब ऊपर छत पर धूप सेंक रहे एक व्यक्ति ने यह तमाशा देखा और ऊपर छत से आवाज लगाई। उसी दौरान उपरोक्त लोग उस युवती को कमरे में बन्द करके बाहर से ताला लगाकर भाग गए। पुलिस ने ताला तोड़कर बाहर निकाला। युवती के मुँह पर कपड़ा डालकर साथ ले गयी।

# ढाईघाट मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर संतों ने दी चेतावनी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**श्रीश्री 108 नरेश मुनि महाराज मेला मंत्री की अध्यक्षता में होगा समाधान**

ढाईघाट शमशाबाद जहां एक लंबे समय से माघ मेले का आयोजन जारी है। वर्तमान में मेला सबाब पर है। प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं के नाम पर घोर लापरवाही बरती जा रही।

जिससे संतों में आक्रोश देखा जा रहा है। संतों को कहना है प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने का जिम्मा ग्राम प्रधान पुत्र तथा ठेकेदार पर है।

मगर वो भी अपनी जिम्मेदरियों से बच रहे हैं। परिणाम यहां अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। संतों का आरोप मेले में हर तरफ गंदगी ऊपर से लाइट की अव्यवस्था कल्पवासियों को खल रही है। संत समाज ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर आक्रोश जताते हुए कहा अब मेला परिसर में व्यवस्थाओं का जिम्मा वह खुद संभालेंगे और अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इस संबंध में श्री श्री 108 श्री नरेश मुनि महाराज रामनगरिया मेला मंत्री की अध्यक्षता में बैठक कर समस्याओं का समाधान कराए जाने की बात कही गई है।

# आबादी क्षेत्र में अवैध गेस्ट हाउस बंद कराने को लामबंद हुए स्थानीय लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला खारबंदी कुइयां बूथ थाना मऊदरवाजा के अन्तर्गत संचालित प्रतिक्षा गेस्ट हाउस के खिलाफ स्थानीय निवासी गजेन्द्र सिंह चौहान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में दर्शाया कि जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट ने पूर्व में गेस्ट हाउस की जांच करायी थी। जिसमें गेस्ट हाउस संचालित होना पाया गया। जिसे बंद करा दिया गया था। गेस्ट हाउस मालिक सुरेन्द्र कुमार शाक्य एवं उनकी पत्नी पुष्पलता शाक्य द्वारा उच्चाधिकारियों के समक्ष मिथ्या शपथ पत्र दिया। उन पर आरोप लगाया गया कि फर्जी दस्तावेज करके मिल्क शॉप का नक्सा पास कराया गया। जबकि मिल्क शॉप संचालित नहीं है और अवैध रुप से गेस्ट हाउस संचालित है। जिस पर कार्यवाही की मांग की गई। जिसमें पुनः विवाह की बुकिंग गेस्ट हाउस में की गई। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने से आहत होकर स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की और गेस्ट को बंद कराया जाये। रात में डीजे बजता है, शोरगुल होता है और अवैध पटाखे देर रात तक छुड़ाये जाते है। जिसका विरोध करने पर गेस्ट हाउस मालिक द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिसकी जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

**डीएम से कार्यवाही की मांग**


कुइयां बूट स्थित बना गेस्ट हाउस

# नगर महिला व्यापार मण्डल की अध्यक्ष बनीं प्रीती गुप्ता

▸ साप्ताहिक व्यापार मण्डल के पदाधिकारी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रीती गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला

नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद इखलाक खां ने महिला नगर उद्योग व्यापार मण्डल व साप्ताहिक व्यापार मण्डल एवं युवा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की घोषणा की।

रेलवे रोड स्थित एक होटल के सभागार में नगर अध्यक्ष इखलाक खां ने प्रीती गुप्ता को महिला नगर उद्योग व्यापार मण्डल का अध्यक्ष एवं अनीता शर्मा को चेयरमैन, नेहा मिश्रा को महामंत्री, निशा गुप्ता को कोषाध्यक्ष घोषित किया। साथ ही साप्ताहिक व्यापार मंडल, युवा साप्ताहिक व्यापार मंडल एवं महिला नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा की है। नितिन कुमार गुप्ता को साप्ताहिक व्यापार मंडल का अध्यक्ष, रामू कश्यप को महामंत्री एवं सचिन अग्रवाल को कोषाध्यक्ष अध्यक्ष बनाया गया। आमिर को युवा साप्ताहिक व्यापार मंडल का अध्यक्ष अध्यक्ष, मोहक अग्रवाल को महामंत्री एवं केशव पांडे को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने कहा कि साप्ताहिक व्यापार मण्डल के साथ है। हर कीमत पर उनकी दुकानें लगेगी। उन्हें भी संगठित रहने की जरुरत है।

नगर अध्यक्ष इखलाक खां ने कहा कि साप्ताहिक व्यारियों के साथ पहले से ही मैं था और आज भी हूं। अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि 24 घंटे व्यापारियों के साथ खड़ा हूं। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने कहा कि सभी व्यापारियों की समस्याओं के लिए नगर व्यापार मण्डल दमदारी से खड़ा है और जब भी जरुरत पड़ेगी तो व्यापारियों की मदद की जायेगी। जिला उपाध्यक्ष लालू कनौजिया व युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, संरक्षक ठा0 सर्वेन्द्र सिंह, संरक्षक सरदार जगदीप सिंह, जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, महिला व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने विचार व्यक्त किये। नवनियुक्त महिला व्यापार मण्डल की नगर अध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने कहा कि सभी महिलाओं के साथ मिलकर काम करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करायेंगे। इस मौके पर रामजी लाल पाठक, राजन राय जौली, पुनीत दुबे, राजू भारद्वाज, कमलेश गुप्ता, राजू गुप्ता, सचिन गुप्ता, आफताब अंसारी, अनीता शर्मा, सीता भदौरिया, आशा मिश्रा, संगीता शर्मा, अर्चना सैनी, ज्योति सैनी, मोहिनी शुक्ला मौजूद रही। संचालन आनंद गुप्ता मुन्ना ने किया।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हाईस्कूल व इंटर की प्री-बोर्ड परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्री-बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते प्रधानाचार्य

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में 13 जनवरी से चल रही हाईस्कूल व इंटर की प्री बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने हाईस्कूल व इंटर की प्री बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न करायी। शुक्रवार को भौतिक विज्ञान व नागरिक शास्त्र, व्यापारिक संगठन की परीक्षा क्लासों में जाकर प्रधानाचार्य ने निरीक्षण किया।

परीक्षा में पंजीकृत 467 परीक्षार्थियों में 460 परीक्षार्थी सम्मलित हुए। प्री-बोर्ड परीक्षा बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर सीसीटीवी कैमरे की देखरेख में संचालित हो रही है। परीक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा की व्यवस्था में चौथे दिन शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा समाप्त हुई। परीक्षा प्रभारी व शिक्षकों को प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने प्रशंसा की।

# चोरों ने दुकान मालिक को बंद कर धुलाई केंद्र से हजारों का सामान किया पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घटना की जानकारी देता पीड़ित

थाना कादरीगेट क्षेत्र में स्थित धुलाई केंद्र का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी होने पर धुलाई केंद्र के संचालक ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के मोहल्ला कछियाना निवासी अवधेश पुत्र रामेश्वर दयाल की खाटू श्याम धुलाई केंद्र के नाम से कादरीगेट पांचाल मार्ग पर एक गेस्ट हाउस के पास दुकान है। गुरुवार की रात दुकान के बगल में एक कोठरी बनी है। जिसमें अवधेश सो रहे थे और दूसरे हिस्से में धुलाई केंद्र से संबंधित उपकरण लगे हुए है। चोरों ने जिस हिस्से में दुकान मालिक सो रहे थे बाहर से कुण्डी लगा दी और धुलाई केंद्र से दो मोटर, एक मशीन व आदि कीमती सामान चोरी कर ले गये। सुबह जब आंख खुली तो देखा कि दरवाजा नहीं खुल रहा है। संदेशा हुआ शायद किसी ने बाहर से बंद कर दिया और अपने पुत्र शोभित वर्मा को फोन कर बताया कि दरवाजा बाहर से बंद है। जब वह आया तो उसने देखा कि धुलाई केंद्र से चोरी हो गयी है। कुण्डी खोलकर अपने पिता को बाहर निकाला और फिर डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 पुलिस पीड़ित को अपने साथ थाना कादरीगेट ले गयी। जहां अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी। हल्का इंचार्ज कृष्णा कश्यप अपने हमराह अंकुश देशवाल के साथ पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने बताया कि लगभग 8 माह पूर्व भी इसी तरह से चोरी हो चुकी है। उसकी भी तहरीर दी थी, लेकिन उस घटना में पुलिस ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

# सड़क सुरक्षा संगोष्ठी में एआरटीओ ने छात्रों को किया जागरुक

▸ प्रतियोगिताओं के लिए प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर बनाये गये नोडल अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




छात्रों को सम्बोधित करते एआरटीओ मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य

एमआईसी फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर को जनपद स्तर पर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, क्विज तथा चित्रकला/पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन करने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसके अनुपालन में प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर द्वारा विद्यालय में छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। एआरटीओ का माल्यार्पण कर प्रधानाचार्य गिरजा शंकर ने सम्मानित किया। संचालन डा0 दिनेश चंद्र ने किया। प्रवक्ता प्रदीप कुमार जायसवाल व विश्व प्रकाश दीक्षित तथा डॉ. दिनेश चंद्रा ने सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न जानकारियां दी तथा जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यद्यपि हम सभी जागरूक हैं, फिर भी हर वर्ष जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद भी दुर्घटना में कमी नहीं हो रही है, जिसका कारण है आम जनमानस का जागरूकता संबंधी नियमों का पालन न करना, गंभीरता से ना लेना जिसके चलते सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। हाल ही में प्रकाश में आ रहा है कि चाइनीज मांझे से नवयुवक पतंग बाजी करते हैं जिससे कई प्रकार की दुर्घटनाएँ घटित हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि चाइनीच मांझा बंद किया जाये। जो लोग उनका पालन न करें उन पर कड़ी कार्यवाही की जाये। एआरटीओ सुभाष राजपूत ने एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा हेतु संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सभी छात्र तथा एनसीसी कैडेट्स समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें। जिससे जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शासन द्वारा निर्देश प्रदान किए गए हैं कि तमाम उन्होंने बताया जागरूकता फैलाने के बावजूद भी पढ़े-लिखे समाज के लोग उसका अनुसरण नहीं कर रहे हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अरविंद कुमार, अशोक कुमार कठेरिया, रामेश्वर दयाल, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# 50 रुपये कुंटल आलू में आया उछाल, आमद रही कम



मण्डी में लगा आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी में आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल का उछाल रहा। विवाद के चलते शुक्रवार को मात्र 20 मोटर आमद रही। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि मौसम खराब होने व कुछ किसानों में भ्रम होने के कारण आलू किसान मण्डी में आलू पिछले सप्ताह से कम ला रहा है। दो दिनों से बूंदाबांदी के चलते खेतों में खुदाई बंद है।

शुक्रवार को धूप निकलने के कारण आलू कर पुनः खुदाई शुरु हो गयी है। मौसम साफ रहा तो आलू की आमद एकदम बढ़ सकती है। 50 रुपये कुंटल उछाल के साथ 1101 रुपये से लेकर 1251 रुपये कुंटल आलू की बिक्री हुई।

बाहर के व्यापारी भी शुक्रवार को मण्डी पहुंचे। जो दो दिनों से मण्डी नहीं आ रहे थे। धूप निकलने के चलते मण्डी में व्यापारियों के साथ-साथ किसान भी पहुंचे।

शनिवार से आलू की आमद बढ़ने की संभावनाये है। सुबह ही आलू की बिक्री जैसे शुरु हुई दो घंटे में ही आलू बिक गया।

# अमृतपुर विधानसभा में पीडीए को मजबूत करने के लिए 12 जोन प्रभारी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने पीडीए चर्चा मतदाता जागरुकता वोट बढ़ाना एवं बूथ मजबूत करने के संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष के आदेश पर 193 अमृतपुर विधानसभा के जोन प्रभार पार्टी के पदाधिकारियों को सौंपा है। जिसमें जोन संख्या 1 राजपुर निर्भान सिंह बापू व विनीत परमार को प्रभारी बनाया है। जोन संख्या 2 अमृतपुर में विपिन यादव व देव सिंह यादव को प्रभारी बनाया गया है। जोन संख्या 3 राजेपुर में रुकमंगल सिंह प्रभारी बने। जोन संख्या 4 देहेलिया में धर्मेन्द्र यादव को प्रभारी बनाया गया है। जोन संख्या 5 भरखा में हर्ष सोमवंशी प्रभारी बने। जोन संख्या 6 चिलसरा में नरेश चन्द्र पाल व संजय राजपूत प्रभारी बनाये गये है। जोन संख्या 7 हरसिंहपुर गोवा में बृजेश पाल व अमीर सिंह यादव प्रभारी बनाये गये है। जोन संख्या 8 मंझना के प्रभारी डा0 नवरंग सिंह बने। जोन संख्या 9 नवाबगंज में सुमित शाक्य व साजिद अली को प्रभारी बनाया गया है। जोन संख्या 10 संकिसा के प्रभारी पंकज यादव बने। जोन संख्या 11 नीमकरोरी के प्रभारी धीरज मिश्रा बने। जोन संख्या 12 सिरोली के लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अनुराग यादव व अमित कठेरिया प्रभारी बनाये गये है। जोन संख्या 1 से 6 तक के प्रमुख प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व जोन संख्या 7 से 12 तक के विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव बनाये गये है। यह जानकारी जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने दी है।

# लोको दरगाह पर 16वीं शरीफ पर कुरान पाक की तिलावत के साथ हुआ एहतमाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



दरगाह पर दुआ करते अकीदतमंद

लोको रोड स्थित दरगाह हज़रत मखदूम शाह सैयद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में रजब महीने का माहाना कुल 16वीं शरीफ़ दोपहर बाद नमाज जोहर खानकाह पर कुरान पाक की तिलावत के साथ एहतमाम हुआ। बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। 2:2 मिनट पर शुरू होकर नजर व न्याज के साथ साथ तकसीमे लंगर हुआ।

जिसमें तुलाबा जामिया चिश्तिया ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। इस मुबारक मौके पर लोगों ने अपने अपने तरीके से फूल व चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश कर खानकाह में दुआएं मांगी। अंसार साबरी ने नातिया कलाम पेश किये कि मुस्तफा आपके जैसा कोई आया ही नहीं, आता भी कैसे जब अल्लाह ने बनाया ही नहीं। यही कहता है दीवाना मेरे सरकार शहाबुद्दीन, बहुत आला घराना है मेरे शहाबुद्दीन का। जिसकी सदारत, खानकाह के सज्जादा नशीन हजरत पीर सफी अल्हाज मुहम्मद शरीफ़ उर्फ़ मोहब्बत शाह साहब व नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती मुजद्दिदी ने की और तकरीर कर कहा ख्वाजा साहब ने अपनी खानकाह में इस पैगाम के साथ अपनी खानकाह को आम किया की मोहब्बत सभी से नफरत किसी से नहीं और इसी पैगाम को हर खानकाह या दरगाह को आम करने की जरूरत है, क्योंकि इन सूफियो ने अपनी खानकाह के दरवाज़े पूरी आलमे इन्सानियत के खोल रखे है। इस मौके पर अंसार साबरी, मुहम्मद रफीक, परवेज़, आरिफ आदि मौजूद रहे।

# पदयात्रा निकालकर चाइनीज मांझे का किया गया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पदयात्रा में मौजूद लोग

प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विरोध में फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में जन चेतना पद यात्रा निकाली गई। चाइनीज मांझा बंद कराने के लिए भईयन मिश्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों पर पदयात्रा निकालकर जागरुक करते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध व बेंचने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। टाउनहाल से जन चेतना पद यात्रा शहर के प्रमुख मार्ग किराना बाजार, चौक, नेहरु रोड, घुमना होते हुए लालगेट फब्बारे पर समापन हुई। रास्ते में पतंग विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए हिदायत दी जा रही थी कि किसी भी सूरत में चाइनीज मांझा न बेचें नहीं तो उनको गिरफ्तार कराया जाएगा और गैंगस्टर की कार्रवाई की मांग की जायेगी। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा की सभी पतंग विक्रेता इस बात को तत्काल प्रभाव से माने और रखा हुआ चाइनीज मांझे को नष्ट करें। दुकान या गोदामों में जो भी मांझा है उसे नष्ट नहीं किया तो पकड़े जाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करायी जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो चाइनीज मांझो बेंचे उसका वीडियो बना लें और पुलिस को सूचित करें। जिससे चाइनीज मांझा बंद हो सके। फर्रुखाबाद काइट क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवेंद्र बाजपेई ने कहा कि लगातार पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी चाइनीज मांझा बंद नहीं हो रहा है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, यदि यह 24 जनवरी तक इसकी बिक्री पर रोक न लगाई गयी तो अनिश्चित कालीन अनशन प्रारंभ किया जायेगा। सभासद अतुल शंकर दुबे ने कहा कि चाइनीज मांझा किसी भी हालत में जनपद में बिकने नहीं देंगे। सभासद कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ नन्हे पंडित ने कहा कि यदि दुकानदार चाइनीज मांझा बेंचते हुए पाया जायेगा या जानकारी मिलती है तो तत्काल हम लोग पंहुचकर उसको पकड़वाकर जुलूस निकालकर बंद करायेंगे। सभासद आलोक मिश्रा ने कहा कि पुलिस चाहें तो चाइनीज मांझा तुरन्त बंद हो सकता है। कई लोगों ने चाइनीज मांझा से पतंग न उड़ाने की कसम खाई। इस मौके पर सुनील बाजपेई, पंकज दुबे, राजेश मिश्रा, डा0 नावेद अंसारी, अफरोज आलम खान, पिंटू दुबे, हेंमत शाक्य, अभिषेक अग्निहोत्री, अनिल द्विवेदी, संदीप रस्तोगी, नीशू दुबे, कोमल पांडे, मनीश कटियार, प्रतीक दुबे, सौरभ दीक्षित, विशाल दुबे, सोनू भल्ला, शाकिर खां, मोहित दीक्षित, विवेक प्रधान, शरद भल्ला, अतुल वर्मा, बंटी कटियार, दाऊद खान, अजीम खान, शानू शुक्ला, पवन तिवारी, सरताज खान, अतुल कश्यप, आकाश वर्मा, सुमित भल्ला, आशू मिश्रा, मोहित खन्ना, राजीव वर्मा, इमरान खान, हारुन खान, शाहिद आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने किया उरई कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने उरई कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस आवासीय परिसर, मालखाने, शस्त्रागार और दस्तावेजों के रखरखाव की गहन जांच की।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने मालखाने में संग्रहीत वस्तुओं और जब्त सामानों की सही व्यवस्था और सुरक्षा का जायजा लिया। शस्त्रागार में हथियारों की स्थिति और उनके रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने शस्त्रों की कार्यशीलता की भी जांच की। लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एसपी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित और प्रभावी निपटारा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क, साइबर हेल्प-डेस्क, हवालात मालखाना जब्त व सीज वाहनों आदि का निरीक्षण किया तथा थाना के अभिलेखों का अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली परिसर की स्वच्छता और प्रशासनिक दस्तावेजों के सही प्रबंधन की भी सराहना की और पुलिस कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और तत्परता से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और कार्यकुशलता लाना था, ताकि कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा में सुधार हो सके।

# नाबालिक से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**




अमूल डेयरी पर दूध देने वाले आयी नाबालिक किशोरी से दुराचार करने वाला अमूल डेयरी संचालक का पुत्र घटना के 24 घंटे में गिरफ्तार कर दिया गया है।

माधौगढ़ कोतवाली के कस्वा माधौगढ़ अंतर्गत अमूल डेयरी के संचालक रविशंकर के पुत्र सिद्धार्थ को कोतवाली पुलिस ने 14 बर्षीय नावालिग किशोरी से बलात्कार करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार गत दिवस सिद्धार्थ ने माधौगढ़ कस्बा अंतर्गत अमूल डेयरी पर आई 14 बर्षीय नावालिग किशोरी को एकांत में ले जाकर उसके साथ दुराचार किया। उक्त घटना का माधौगढ़ कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 8/2025 के अंतर्गत धारा 65 (1) बीएनएस व 3/4 (2) पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह के कुशल पर्यवेक्षक, निर्देशन में थाना कोतवाली प्रभारी पप्पू यादव व हमराही पुलिस ने उक्त रेपिस्ट सिद्धार्थ पुत्र रविशंकर संचालक अमूल डेयरी कस्बा माधौगढ़ उम्र 24 वर्ष को ग्राम झरैला के पास उस समय गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है जब वह माधौगढ़ से भिंड जाने वाली रास्ते से मध्य प्रदेश की ओर भागने का प्रयास कर रहा था।

## चार वर्ष में भी पूर्ण नहीं हुआ गांव में पाइप लाइन बिछाने का कार्य

**जालौन,उरई। जल** जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे अभी तक भरे नहीं गए हैं। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। साथ ही चार साल में भी ग्रामीणों को नल से जल उपलब्ध नहीं हो सका है। तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल परियोजना का शुभारंभ लगभग चार वर्ष पूर्व हुआ था। कार्य की शुरूआत गांव में युद्धस्तर पर की गई। लेकिन जैसे जैसे समय गुजरता गया वैसे वैसे काम की रफ्तार भी धीमी होती गई। गांव में पानी की टंकी बना दी गई। साथ ही पूरे गांव में सड़कें खोदकर पाइप लाइन भी बिछा दी गई।

# चोरों ने दो स्थानों से हजारों की नगदी की पार

▸ एक जगह चोरी करने में रहे असफल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



चोरों द्वारा तोड़ी गई दुकान की गुल्लक

चोरी की बढ़ती घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों में जहां रोष व्याप्त है। वहीं चोरों को भी पुलिस का कोई खौफ नहीं है।

आये दिन चोर किसी न किसी घर पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे है। बीती रात चोरों ने तीन जगहों पर धावा बोला। दो जगह से चोरों ने हाथ साफ किया, लेकिन एक जगह चोरों के मंसूबे नाकाम हुए।

जानकारी के अनुसार रोशनाबाद निवासी परशुराम शर्मा के खोखे के ताले तोड़कर चोर 20 हजार की नकदी उड़ा ले गए। इसके अलावा डॉ0 चन्नू गंगवार के पुत्र की शादी थी, सभी लोग बारात गए थे। खाली घर होने पर चोरों ने घर में घुसकर दो गैस सिलेंडर व आदि सामान चोरी कर लिया। रोशनाबाद निवासी मुकुल गंगवार की गल्ला गोदाम जो कि रोशनाबाद रमापुर मुख्य मार्ग पर गांव के किनारे है उनकी गल्ला गोदाम का शटर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में असफल रहे। मुकुल की गल्ला गोदाम के पीछे बने कमरे में उनका चौकीदार रहता है जिसे चोरों ने बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया था। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

ग्रामीणों ने चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस गश्त कराने की मांग की है। थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# राजगढ़ क्षेत्र पंचायत की बैठक में 27 करोड़ 45 लाख का बजट हुआ पास

समृद्धि न्यूज




**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र पंचायत की बैठक शुक्रवार को राजगढ़ के सभागार में हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 25 26 के लिए 27 करोड़ 45 लाख 251 रुपए का बजट पास किया गया। बजट को पास करते हुए क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो पूर्व का बजट था उसे पर पूरा कार्य हो चुका है। कुछ कार्य शेष रह गए हैं। जिस पर कार्य चल रहा है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही सुमंगला योजना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य दो बेटियों वाले परिवारों का रजिस्ट्रेशन कारण और अधिक से अधिक लाभ परिवारों को दिलाई। उन्होंने कहा कि अग्रिम कार्य के लिए 45 सरकारी योजनाओं पर 27 करोड़ 45 लाख 251 रुपए का बजट पास किया गया है जिसमें सभी ग्राम प्रधानों को एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को 2 जून तक सभी कार्य योजना बनाकर ब्लॉक को देना है ब्लॉक की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि इस समय 2016 के सर्वे के आधार पर सर्वेक्षण किया जा रहा है। परिवारों का जो 29 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें सभी परिवार के लोगों को आधार कार्ड जॉब कार्ड और पासबुक देना पड़ेगा उन्होंने कहा कि हर गांव से 25 लोगों को सबसे गरीब चिन्हित करके उन्हें रोजगार एवं आवास दिलाना है।साथी उन्होंने कहा कि इस समय सीमा स्तंभन का कार्य चल रहा है और गांव में मॉडल साहब बनाने की योजना चल रही है इस समय 10 नए मॉडल शाप और आए हैं जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा और 27 जनवरी को चुनार में सामूहिक विवाह का आयोजन होगा जिसमें 100 गरीब कन्याओं का शादी करने का लक्ष्य है जिसमें से 52 जोड़ों का लक्ष्य पूरा हो गया है शेष 48 जोड़े अभी और रजिस्ट्रेशन करने हैं।इसके लिए उन्होंने ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय जनों से सहयोग मांगा कि वह गरीब से गरीब लोगों का शादी कर करके उन्हें पुण का भाग बनाएं इसके पहले बैठक को खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव पशु चिकित्सा अधिकारी अग्रेश यादव वन रेंज अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी समाज कल्याण अधिकारी राकेश यादव संतोष कुशवाहा संबोधित किया इस मौके पर एमएलसी लाल बिहारी यादव के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि दुखरन सिंह, राजेंद्र सिंह, इंस पटेल, राजकुमारी सिंह, गुलाब मौर्य, रविशंकर पटेल, रमेश यादव, इंद्रजीत सिंह पटेल, जन्मेजय सिंह, कमलेश कुमार, राजकुमार आदि प्रधान उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र पंचायत सदस्य राजदीप सिंह राजू, बाबू नंदन सिंह,राजू मौर्य, उपेंद्र सिंह, अरविंद पटेल, शाहिद खान आदि उपस्थित रहे।

## मां की डांट से क्षुब्ध बेटे ने फंदे पर लटक कर दी जान

**लालगंज (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार खुर्द गांव में गुरुवार की देर शाम मां की डांट से क्षुब्ध बेटे ने फंदे पर लटककर जान दे दी। घर के बाहर खेल रहेबेटे को मां ने फटकार लगा दी थी। पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के नई बाजार दुबार खुर्द गांव निवासी समर बहादुर ने बताया कि भतीजा 14 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र रमेश बिंदकक्षा आठ का छात्र था। वह गांव स्थित प्राईवेट स्कूल में पढ़ता था। गुरुवार की शाम रोहत घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था।रोहित की मां ऊषा ने उसे खेलने से मना किया और घर में बैठकर पढ़ाई करने की बात कही। इसी बात को लेकर मां ऊषा ने बेटे रोहित को फटकार लगा दी। मां की डांट से क्षुब्ध होकर रोहित अपने कमरे में पहुंचा और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। लगभग एक घंटे बाद जब घर के लोग रोहित को बुलाने गए तो दरवाजा नहीं खोला। काफी देर तक अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर घरवालों ने दरवाजे को तोड़ा।

# एडीओ-एसटी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

▸ हलिया व अहुगी कला में लगी ग्राम चौपाल

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया व अहुगी कला में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है।

ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत हलिया में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम सचिव कौशलेन्द्र राय व ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग और पात्र लोगो का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने व हर घर नल जल योजना के तहत पनिहवा, बसकुड़िया, कुबरा, चिनिहवा, कसीहवा, हॉस्पिटल रोड़, गरेर सहित हर मजरो को संत्रिस कराने की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें सचिव व ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अहुगी कला में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल एडीओ हरिओम बिंद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने बताया की ग्राम पंचायत हलिया व अहुगी कला में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश अग्रहरीप्रसाद, अहमद रजा, रामलोचन मौर्य, राम नारायण सोनी आदि मौजूद रहे।

# छह माह में शुरु होगा पार्टरी उद्योग : डीएम

▸ शासन ने पार्टरी उद्योग के लिए 50 लाख की धनराशि की स्वीकृत

समृद्धि न्यूज



**चुनार (मिर्जापुर)।** वर्षो से बंद पड़े पार्टरी उद्योग को नया रूप देने के लिए डीएम प्रियंका निरंजन पार्टरी उद्योग पहुंची और कहा की 50 लाख शासन से स्वीकृत प्रदान हुई है जिसे एक हफ्ते के अंदर कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा और 6 माह के अंदर पार्टरी उद्योग को चालू कर दिया जाएगा पार्टी उद्योग चालू होने से यहां का व्यापार बढ़ेगा और आय का स्रोत भी होगा।

यह पार्टी उद्योग का प्रांगण करीब 5 बीघा में गवर्नमेंट पार्टरी डेवलपमेंट फैला हुआ है। जिसका रखरखाव काफी दयनीय स्थिति में है। जिसको नए रूप में 50 लाख में नया टर्मिनल सेट लगाया जाएगा जो जल्द ही पूर्ण रूप लेगा। काफी दिनों से जनता की मांग पार्टरी उद्योग को चालू करने की रही है।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका चेयरमैन व जिला सहकारी के अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने डीएम महोदय से कहा कि यहां पर सड़क के किनारे दुकानदारों के लिए दुकान बनाकर आवंटित किया जाएगा तो इसे पार्टी उद्योग की आय भी बढ़ेगी लोगों को दुकान आवंटित होने से दीपावली के समय दो माह लोग दुकान लगाकर मूर्तियों की बिक्री करते हैं जिससे उनकी भी आय बढ़ेगी। इस पर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर को कहा कि जमीन कोई नापकर दुकान का नक्शा बनाकर आप हमें भेजें। इस दौरान डीएम ने चुनार एसडीएम राजेश कुमार वर्मा को कहा की पार्टरी के पीछे पहाड़ पर बसे लोगों को नोटिस देकर खाली कराने को कहा। इस दौरान यूपी प्रोजेक्टर मैनेजर हरिशंकर गुप्ता व सहायक प्रोजेक्टर मैनेजर वीरेंद्र कुमार राही मौजूद रहे।

# क्लियर प्रीमियम वॉटर ने लॉन्च की 100 प्रतिशत आरपीईटी बोतल रेंज



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए क्लियर प्रीमियम वॉटर ने प्रतिष्ठित 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड-2025 के साथ साझेदारी में अपनी 100 प्रतिशत rPet बोतल रेंज लॉन्च की है। 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले ये खेल देश के शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाएंगे, जो वास्तव में ऐतिहासिक सहयोग के लिए मंच तैयार करेंगे।

यह ऐतिहासिक और ऐतिहासिक साझेदारी राष्ट्रीय मंच पर हरित पहल को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से, इतिहास में पहली बार, राष्ट्रीय खेलों में पूरी तरह से सस्टेनेबल पेय समाधान अपनाया गया है। ब्रांड के संस्थापक और सीईओ नयन शाह ने कहा, क्लियर प्रीमियम वॉटर में हम मानते हैं कि इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चलती है। 38वें राष्ट्रीय खेलों के साथ साझेदारी में हमारी 100 प्रतिशत rPet बोतल पेश करना हमारे लिए एक शानदार अवसर है और गर्व का क्षण है। राष्ट्रीय खेल सचिवालय और विशेष प्रधान सचिव खेल व सीईओ अमित सिन्हा ने कहा कि हम अपने आधिकारिक हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में क्लियर प्रीमियम वॉटर का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।

## पुल का स्लैब गिरने से दो मजदूर घायल

**जमालपुर (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के करजी गांव के पास गड़ई नदी पर पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनवायेजा रहे पुल की ढ़लाई के दौरान गुरुवार की साढ़े ग्यारह बजेरात स्लैब गड़ई नदी में धड़ाम से गिर गया। स्लैब गिरने से दो श्रमिक बुरी तरह दबकर घायल होगये। शोरगुल सुनकर ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने मौके पहुंचकर बांस बल्ली और फावड़े के सहारे मलबे में दब हुए श्रमिकों को निकाला। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी सहित पांच था नेकि पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी। घायलों को ट्रामा सेन्टर बीएचयू ले जाकर उपचार कराया गया। काम कर रहेअन्य मजदूर बाल-बाल बच गये। मौके पर मौजूद विभाग के ठेकेदार और जेई मोबाइल बंद करके भाग निकले। ग्राम प्रधान मनोज कुमार सहित अन्य ग्रामीण अमित कुमार, गुलाब, कन्हैया इत्यादि लोगों नेबताया कि पुल का निर्माण अत्यंतघटिया तरीके से हो रही थी मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने से पुल गिर पड़ा।

# सीमा पार भुगतान को आसान बनाने को ब्रिस्कपे ने लॉन्च किया नया प्लेटफॉर्म

▸ ए2ए, कार्ड-आधारित व वॉलेट-आधारित पेमेंट्स के जरिए मिलेंगे अलग-अलग विकल्प

समृद्धि न्यूज

**नईं दिल्ली।** पेयू द्वारा समर्थित प्रमुख क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट प्लेटफॉर्म, ब्रिस्कपे, ने खास तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक नया और क्रांतिकारी समाधान पेश किया है। इस नए प्लेटफॉर्म के जरिए पेयू और पेपाल के ए2ए ट्रांसफर और कार्ड पेमेंट्स को एक साथ लाया गया है, जिससे निर्यातकों, सर्विस प्रोवाइडर्स, मार्केटप्लेस विक्रेताओं और फ्रीलांसर्स को अब इंटरनेशनल ट्रांज़ेक्शन्स करने में बहुत आसानी हो रही है।

ब्रिस्कपे के इस नए प्लेटफॉर्म की खास बात यह है कि यह एमएसएमई को अलग-अलग ग्राहक प्राथमिकताओं को समझने और पूरा करने का मौका देता है। इससे उनकी बाजार तक पहुंच बढ़ेगी और वे तेज़ी से बढ़ भी सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म से व्यवसाय अपनी ग्लोबल नेटवर्क का फायदा उठा सकते हैं और नए मौके पा सकते हैं। ब्रिस्कपे के सह-संस्थापक और सीईओ, संजय त्रिपाठी, कहते हैं, हमारा मकसद उन वित्तीय और ऑपरेशनल चुनौतियों को हल करना है, जो एमएसएमई के लिए हमेशा सिरदर्द रही हैं। हम सीमा पार भुगतान को और आसान बना रहे हैं और ए2ए, कार्ड-आधारित और वॉलेट-आधारित पेमेंट्स के जरिए अलग-अलग विकल्प दे रहे हैं। इससे न सिर्फ व्यवसायों की लागत कम हो रही है, बल्कि उन्हें ज्यादा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का मौका भी मिल रहा है, जिससे उनका विकास और नवाचार तेज़ी से हो सकता है।

# छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयोजित हुआ हेल्थ कैंप



समृद्धि न्यूज

**करहल।** पी.एम. श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज करहल में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रथम हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करहल के चिकित्साधीक्षक डॉ अतुल यादव, डॉ. कल्पना यादव, डॉक्टर योगेश, डॉ.राहुल कुमार, आकाश जौहरी, पवन गुप्ता नेत्र परीक्षण अधिकारी, अरुण कुमार, हरे कृष्णा (काउंसलर एवं साइकाइट्रिक्स) द्वारा विद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अस्वस्थ बच्चों की जांच कर, रजिस्ट्रेशन के पश्चात उन्हें रोग के अनुरूप उपयुक्त औषधि का वितरण भी किया गया।

इस कैम्प कार्यक्रम का आयोजन नोडल शिक्षिका आशुतोष गहरवार के मार्गदर्शन में किया गया। हेल्थ कैंप में पूजा, मयंका, रुचि तथा रणवीर सिंह समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य मंजूषलता यादव ने स्वास्थ्य केंद्र से आए सभी स्वास्थ्यकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हेल्थ कैंप आज के समय की आवश्यकता है, समय-समय पर ऐसे कैंप का आयोजन होते रहने से छात्राओं को अपने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के अवसर प्रदान होते रहेंगे।

## एआई ला रहा है बड़े बदलाव : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ/चंडीगढ़।** जब कंप्यूटर आया था तब लोग कहते थे रोजगार खत्म हो जाएंगे। आज कंप्यूटर से न जाने कितने युवाओं को रोजगार मिल रहा है। अब एआई आ चुका है। ये उम्मीद से कई गुना ज्यादा बदलाव ला चुका है। बहुत कुछ अभी आना बाकी है। ये कहना है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वो शुक्रवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एआई हायर एजुकेशन समिट 2025 में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बोलने के लिए भाषण भी एआई तैयार कर देगा। बच्चों को एआई के बेहतर उपयोग सिखाने में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी बेहतरीन काम करेगा, इसका मुझे पूरा भरोसा है। मैं सरकार की तरफ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को हर तरीके से एआई के डेवलपमेन्ट में सकारात्मक सहयोग देना का भरोसा देता है। एआई के आने से सर्विस ड्रिवेन इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा। ये तय है कि इससे सर्विस के क्षेत्र में बड़ी जॉब का मौका मिलेगा।

# मुनीम जी सुपर किंग्स को तीन विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची डीसीएफ इलेविन

समृद्धि न्यूज




**मैनपुरी।** मैनपुरी क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के क्रिश्चियन मैदान पर चल रहे स्व0 सुरेशचन्द्र दीक्षित मैमोरियल सुपर प्रीमियर लीग में शुक्रवार को खेले गए मैच में डीसीएफ इलेविन ने मुनीम जी सुपर किंग्स को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

डीसीएफ इलेविन के कप्तान आकिल मंसूरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये मुनीम जी सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 125 रन बनाये। बल्लेबाज दीपांशु ने 46, मदन ने 18 और करन ने 16 रन बनाये। डीसीएफ के सिद्धार्थ गुप्ता ने 3 और सत्यम् संघू ने 2 विकेट झटके। जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीएफ इलेविन ने 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीतकर फाइनल में स्थान बना लिया। सत्यम् संघू ने नाबाद 37, विपिन ने 20 और सतनाम सिंह ने 15 रनों की पारी खेली। मुनीम जी किंग्स के मोहित कनौजिया ने 3 और रिषभ राजपू ने 2 विकेट लिऐ। इससे पहले मैच का शुभारंभ क्रिश्चियन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजोग मल्ल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। डीसीएफ के स संघू को मैन ऑफद मैच का पुरुस्कार और 2100 रुपये की नगद धनराशि एमसीए अध्यक्ष महेश मिश्रा व सह सचिव आलोक गुप्ता ने प्रदान की। मैच में अंपायरिंग नीरज चौधरी और हृदेश शर्मा ने, स्कोरिंग मोहित प्रकाश सक्सेना ने तथा कमेंट्री चेतन चतुर्वेदी, सुनील शुक्ला, नीरज यादव और अनुराग यादव ने की। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित दीक्षित, उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित, एमसीए सचिव बीडी शुक्ला, टूर्नामेंट संयोजक विकास मिश्रा, सचिन चौहान बंटी, अतुल तिवारी, आलोक गुप्ता, देवेन्द्र सक्सेना, रवि लाल, प्रबल प्रताप सिंह, आरजू सक्सेना, पंकज राठौर, मायाशंकर आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक-बाइक की टक्कर मे बाइक सवार घायल



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर महुली चौराहे के समीप बाइक ट्रक की दुर्घटना में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। नगर पालिका के कर्मियों ने जख्मी बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचाया। जानकारी के अनुसार वाराणशी से चोपन अपने घर को जा रहा बाइक सवार अपने दिशा से जा रहा था कि सूत्रों के अनुसार उसी दिशा से आ रही अज्ञात ट्रक ने जोर दार धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार अशोक कन्नौजिया पुत्र अर्जुन 29 वर्ष निवासी चतरवार थाना चोपन सोनभद्र बुरी तरह घायल हो गया वही बाइक पर पीछे बैठा साथी अरविन्द यादव पुत्र रतन लाल निवासी चोपन को भी चोटे आयी वही सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुंची पुलिस ने चिकित्सक की तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की सहायता से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

### 19 महिलाओं ने अपनाया परिवार नियोजन

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत महिलाओं का बांध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 19 महिलाओं ने अपने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बंध्याकरण के लिए पंजीकरण कराया है। जिले से आये सर्जन डाक्टर संतलाल ने महिलाओं का बांध्याकरण को सफलता पूर्वक किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन के तहत 19 महिलाओं ने परिवार नियोजन को अपनाया है। इस दौरान एआरओ संतोष गौतम, एलटी अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग गढवा गाँव से शुक्रवार को सुबह गैगेस्टर के आरोपी को प्रभारी निरीक्षक हलिया मय हमराह कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर घेरा बंदी कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 रोडवेज के पीछे पुरानी दशमी निवासी राजकुमार सोनकर के विरुद्ध ड्रमण्डगंज थाने में दर्ज 13(1) उत्तर प्रदेश गैगेस्टर अधिनियम से संबंधित मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक हलिया द्वारा किया जा रहा था की गैंगस्टर के आरोपी को मुखबीर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह हमराह हेड कांस्टेबल इमरान के साथ हलिया लालगंज मार्ग गढवा गाँव से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### शनिदेव का छठा स्थापना दिवस आज

**भोगांव, समृद्धि न्यूज।** नगर के सोमेश्वरनाथ स्थित शनिदेव का छठा स्थापना दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम आज शनिवार से शुरू होगा। कार्यक्रम संयोजक राजेश अरोरा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम मे 18 जनवरी को प्रात 10 बजें हवन तथा सांय चार बजे से सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा एंव 19 जनवरी को दोपहर एक बजे शनि यात्रा नगर के मुख्य बाजार मे निकाली जायेगी तथा शाम को महारात्रि का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक रामनरेश अग्निहोत्री एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे चेयरमैन नेहा तिवारी एंव आशीष तिवारी एंव उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा भाग लेगी।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में 275 मरीजों का हुआ इलाज

**भोगांव, समृद्धि न्यूज।** कंट्री निरोग आयुर्वेदा प्राइवेट लिमिटेड के संचालक डा भक्ति प्रकाश जी महाराज निरोगी बाबा के करकमलों द्वारा कंट्री निरोग आयुर्वेद प्राईवेट लिमिटेड के संचालक परियोजना निरोग केंद्र का उद्घाटन कल्याण वाटिका अलीपुर खेड़ा पर किया गया जिसमें 275 मरीजों को उपचार दिया गया। इस मौके पर डा0 राकेश ललित, डा सन्तोष अंश पाण्डेय, करुणा निधि पाण्डेय, दया निधि पाण्डेय डॉ अजय पाण्डेय ज्ञानेंद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, अनुज पांडे, इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिकायतों के निस्तारण के लिए समाधान दिवस आज

**मैनपुरी, समृद्धि न्यूज।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 18 जनवरी को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह तहसील कुरावली में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील कुरावली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील भोगांव में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील करहल में जन-समस्याएं सुनेंगे।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 20 से

**भोगांव, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एंव प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा दों दिवसीय खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 20 जनवरी से नगर के नेशनल महाविद्यालय मे होगी। बीडीओ बताया कि नेशनल महाविद्यालय में 20 व 21 जनवरी को होने वाली प्रतियोगिता के लिये 20 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन करा लें।

# नए मतदाताओं को किया जाए सम्मानित : डीएम

▸ राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**मैनपुरी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर सभी सरकारी, अर्धशासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सभी बूथों पर वृह्द स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं, समस्त कार्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों पर शपथ दिलाई जाए, विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करायी जाए, मतदाता जागरूकता संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाए, विद्यालयों में मतदाता जागरूकता पर निबंध, लेखन, पोस्टर, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए, 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके ऐसे नवीन मतदाताओं जिन्होने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाता पहचान पत्र बनवाया है उन्हें आयोजित कार्यक्रम में आमन्त्रित कर इपिक उपलब्ध कराये जायें, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर, अन्य वर्ग के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाये, अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए कॉलेजों, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाये, ताकि आगामी निर्वाचनों में अधिक से अधिक मतदाता भागीदारी करें। निर्देश जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मतदाता जागरूकता, राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों की बैठक की दौरान व्यक्त किये।

उन्होने उप जिलाधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से मतदाता दिवस के दिन बूथ पर शपथ दिलवाना सुनिश्चित करें, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान अर्ह तिथि 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे जिन युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हुये हैं, उन्हें बूथ पर बुलाकर सम्मानित कर इपिक उपलब्ध कराये जायें, बूथों पर जो भी कार्यक्रम हों उसके फ़ोटोग्राफ्स व्हाट्सएप पर अपलोड कराए जाएं, सभी तहसीलों, कार्यालयों में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए। उन्होने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित हों, मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित सुविधा एप, मतदाता हेल्पलाईन एप, पीडब्ल्यूडी एप, एनबीएसपी एप के बारे में जानकारी दी जाये।

उन्होने कहा कि मतदाता दिवस को सफल बनाने हेतु सिविल सोसाइटीज, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वीप को-ऑर्डिनेटर, एनसीसी तथा भारत स्काउट गाइड के वालेण्टियर्स का सहयोग लिया जाये, महिला मतदाताओं की सहभागिता हेतु ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, महिला ऑइकन की सहभागिता सुनिश्चित करायी जाये।बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी भोगांव, घिरोर, कुरावली, किशनी संध्या शर्मा, प्रसून कश्यप, राम नारायण, गोपाल शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, स्वीप को-ऑर्डिनेटर डा. शैफाली यादव, सुदिति ग्लोबल के प्रबन्ध निदेशक डा. राम मोहन, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# अध्यापकों के मनमाने रवैये से छात्रों का भविष्य हो रहा खराब

▸ शिक्षा व पशुपालन विभाग के कार्यकलापों पर सदस्यों ने किया हंगामा

समृद्धि न्यूज

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र में ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में जब शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव जानकारी दे रहे थे। सदस्यों में जौगढ़ ग्राम सभा की प्रधान राजकुमारी सिंह की प्रतिनिधि अभय मानसिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग के स्कूलों पर तैनात अध्यापक और अधिकार अध्यापकों के मनमाना रवैया से छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। यहां तक की एमडीएम और कायाकल्प के बजट में भारी घोटाला कर रही है।

उन्होंने कहा कि मेरे ग्राम सभा के विद्यालय पर 3 दिन तक बच्चों को खाना नहीं खिलाया गया। जब उनसे मैंने पूछा तो प्रधानाध्यापिका ने कहा कि तुमसे क्या मतलब खाना खिलाओ या ना खिलाना इतना ही नहीं विद्यालय के रखरखाव और एमडीएम के पैसे के बारे में जब मैंने पूछा तो उन्होंने इस पर भी वही जवाब दिया और एबीएससी से शिकायत किया तो उन्होंने भी अधिक अध्यापिका के खिलाफ कोई कार्य नहीं किया। इस बात को लेकर सदन में भारी हंगामा हुआ उपस्थित सदस्यों ने शिक्षा विभाग के रवैया पर काफी आक्रोश जिताया जिस पर एबीएससी संजय यादव ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में है एक दिन ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापकों की बैठक होगी जिस पर बातचीत की जाएगी यदि शिक्षा विभाग की दोश होगा तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। इस पर भी सदस्य शांत नहीं हुई है उन्होंने कहा कि यदि एक-दो दिनों में शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी ग्राम प्रधान जिले पर अपनी बात रखेंगे, जिस पर सांसद प्रतिनिधि दुखारन सिंह ने कहा कि प्रधानों का सम्मान ग्राम प्रधानों का सम्मान शिक्षा विभाग करें नहीं तो उन्हें कष्ट झेलना पड़ेगा।

पशुपालन विभाग में जब डॉक्टर अग्रेश यादव ने पशु केसीसी के बारे में जानकारी दे रहे थे तो उपस्थित सदस्यों ने कहा कि हम लोगों ने 3 साल पहले से आवेदन किया है लेकिन आज तक केसीसी नहीं बना। यदि योजना किसानों को नहीं देना है तो योजनाओं की जानकारी किसानों को क्यों दी जाती है और उनका पैसा क्यों बर्बाद कराया जा रहा है।